नई दिल्ली, बुधवार
12 मार्च, 2025
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



अवांछित विदेशियों को गिरफ्तार कर सकेंगे आव्रजन अधिकारी 13

अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड आ रहीं भारत 13




## दिल्ली विश्व की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी



- स्विस रिपोर्ट में शीर्ष 20 प्रदूषित शहरों में 13 भारत के
- सूची में फरीदाबाद, गुरुग्राम, ग्रेनो, नोएडा, लोनी भी शामिल

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** लाख जतन के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण कम होता नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि वायु गुणवत्ता को लेकर मंगलवार को जारी एक ताजा रिपोर्ट में दुनिया के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में से 13 भारत के हैं। वैश्विक सूची में मेघालय का बिर्नीहाट नंबर एक पर है तो दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है।

स्विटजरलैंड की वायु गुणवत्ता तकनीकी कंपनी आइक्यूएयर द्वारा जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 के अनुसार, दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 13 के अलावा पाकिस्तान के चार और चीन का एक शहर शामिल है। टाप 20 प्रदूषित शहरों में भारत के बिर्नीहाट, दिल्ली, मुल्लापुर (पंजाब), फरीदाबाद, लोनी, नई दिल्ली, गुरुग्राम, गंगानगर, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी, मुजफ्फरनगर, हनुमानगढ़ और नोएडा शामिल हैं। मेघालय-असम सीमा पर मौजूद छोटे से कस्बे बिर्नीहाट के सर्वाधिक प्रदूषित होने का कारण डिस्टीलरीज समेत स्थानीय फैक्ट्रियां और लोहा व स्टील के संयंत्र हैं।

इन सबके बीच राहत की बात यह है कि 2023 की तुलना में भारत में प्रदूषण कथित रूप से कम हुआ है, जिसके चलते 2023 में दुनिया के तीसरे सबसे प्रदूषित देश से 2024 में यह पांचवें स्थान पर आ गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 में भारत में प्रमुख वायु प्रदूषक पीएम2.5 में सात प्रतिशत की कमी देखने को मिली और यह 2023 के 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की तुलना में 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया। वहीं, दिल्ली में इस दौरान वायु की गुणवत्ता बिगड़ी और 2023 के 102.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की तुलना में पीएम2.5का स्तर 2024 में बढ़कर 108.3 पहुंच गया। कुल मिलाकर भारत के 35 प्रतिशत शहरों में पीएम2.5 का वार्षिक स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की तुलना सो 10 गुना ज्यादा को पार कर गया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व प्रमुख विज्ञानी और स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहाकार सौम्या स्वामीनाथन कहती हैं, 'हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। कुछ आसान से समाधान हैं, जैसे बायोमास की जगह एलपीजी का इस्तेमाल। शहरों में सार्वजनिक परिवहन की बेहतरी के साथ अच्छी चीजों के लिए प्रोत्साहन और उल्टे काम पर जुर्माना। सबसे जरूरी है कि उत्सर्जन के लिए कड़े प्रभावी कानून हों।'

संबंधित >> पेज 6

### प्रदूषण का कारण

दिल्ली में वायु गुणवत्ता का खराब स्तर सालभर रहता है व सर्दियों में यह समस्या और विकराल हो जाती है। इसकी वजह मौसम के प्रतिकूल हालात के साथ वाहनों के उत्सर्जन, खेतों में जलती पराली, पटाखे और अन्य स्थानीय स्रोत हैं।

## होली पर मौसम भी होगा 'गुलाबी'

- पश्चिमी विक्षोभ व अपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते उत्तर भारत में मौसम लेगा करवट
- दिल्ली, उप्र में हल्की और पंजाब, हरियाणा में तेज वर्षा होने के आसार, ओले भी पड़ सकते हैं
- थोड़ा कंपकंपी छुड़ाने वाला हो सकता है होली पर भीगना



**जागरण टीम, नई दिल्ली:** लगातार बढ़ रही गर्मी और चढ़ते तापमान के बीच होली पर एक बार फिर गुलाबी ठंड का अहसास हो सकता है। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में कहीं तेज तो कहीं हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है। कुछ जगहों पर ओले पड़ने की भी संभावना है। इससे होली पर भीगना थोड़ा कंपकंपी छुड़ाने वाला हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ों पर एक पश्चिमी विक्षोभ तो सक्रिय हो ही रहा है, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान पर अपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन का एरिया भी बन रहा है। इसके असर से उत्तर भारत के राज्यों में मौसम करवट लेगा। दिल्ली, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश में कहीं बूंदाबांदी और कहीं हल्की वर्षा होगी। कुछ स्थानों पर थोड़ी तेज वर्षा भी हो सकती है। पंजाब और हरियाणा में तेज वर्षा होने की संभावना है। यहां ओले भी पड़ सकते हैं। इससे स्वाभाविक तौर पर तापमान में भी दो से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। एनसीआर में तो होली से एक दिन पहले और बाद में भी हल्की वर्षा हो सकती है।

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने बताया कि मौसम की इस करवट का असर अगले कई दिन तक देखने को मिलेगा। आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, तो तापमान के तीव्र वृद्धि पर ब्रेक लगा रहेगा।

उधर, मंगलवार को भी दिल्ली में गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। साफ आसमान और तेज धूप के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन का अभी तक का सर्वाधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक 15.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### हिमाचल और कश्मीर में हिमपात जारी

लाहुल-स्पीति जिले और रोहतांग व अन्य सभी दर्रों में पिछले 24 घंटों से लगातार हिमपात हो रहा है। कुल्लू जिले के निचले क्षेत्रों में बादल छाने से तापमान में गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त प्रदेशभर में बादल छाने से तापमान में एक से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है और ऊंचाई वाले स्थानों पर एक-दो डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम विभाग ने 12 मार्च को भी हिमपात की संभावना जताई है। 13, 14 और 15 मार्च को अधिकतर स्थानों पर तेज हवा चलने, हिमपात व वर्षा की चेतावनी दी गई है। पर्यटकों को अटल टनल रोहतांग जाने के लिए अभी इंतजार करना होगा। टनल के आसपास लगभग चार फीट बर्फ है। भारी हिमपात के बाद हिमस्खलन का खतरा है। वहीं कश्मीर में बारिश और हिमपात का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा।

### संपादकीय



**सामूहिक प्रयासों का परिणाम :** क्रिकेट टीम खेल है, जिसमें व्यक्तिगत उत्कृष्टता गाहे-बगाहे तो सफलता दिला सकती है, मगर निरंतर सफलता के लिए एक मजबूत एवं संतुलित टीम अनिवार्य है। **तरुण गुप्त** का दृष्टिकोण।

**औरंगजेब से त्रस्त आइएनडीआइए :** विपक्षी गठबंधन जब तक छद्म सेक्युलरिज्म से चिपका रहेगा, तब तक अबू आजमी जैसे नेता उसके समक्ष संकट खड़ा करते रहेंगे। **राजीव सचान** का आलेख।

पेज 12

### जागरण विशेष

**स्वावलंबन की सारथी बनी वाइब्रेंट विलेज की दस 'देवियां'**

**हरिद्वार :** उत्तराखंड में स्थित हर्षिल घाटी के वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल चार गांवों की दस महिलाएं स्वावलंबन की मिसाल बनी हैं।

पेज 14

**jagran.com** वेबसाइट पर पढ़ें

**घुसपैठियों पर सख्ती**
घुसपैठियों की खैर नहीं, खत्म होंगे चार पुराने कानून, जानें- क्या है सजा का प्रविधान?

**सप्तरंग**
सेहत भरे जीवन का



किडनी के दुश्मन शुगर मोटापा हाइपरटेंशन

आंखों की रोशनी छीनता 'साइलेंट थीफ'

जागरण सिटी

## पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों ने हाईजैक की ट्रेन, 30 सैनिक मारे, 214 यात्री बंधक

### बलूचिस्तान प्रांत में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्स. को बेपटरी कर किया हमला

**कराची, प्रेट्र:** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मंगलवार को बलूच विद्रोहियों ने एक ट्रेन को हाईजैक कर लिया। नौ डिब्बों वाली जाफर एक्सप्रेस करीब 500 यात्रियों को लेकर सुबह नौ बजे क्वेटा से पेशावर के लिए निकली थी। पाकिस्तान, ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इसकी जिम्मेदारी ली है। बीएलए ने गुदलार और पीरू कोनेरी इलाकों के बीच ट्रेन पर गोलीबारी कर सेना के 30 जवानों की हत्या और 214 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाने का दावा किया है। इनकी रिहाई के बदले बलोच कैदियों की रिहाई के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। बंधकों में ज्यादातर सुरक्षाकर्मी हैं। उधर, सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई कर 13 विद्रोहियों को मार गिराया और 80 बंधकों को रिहा करा लिया।

यह हमला बलूचिस्तान के कच्छी जिले के माच टाउन के आब-ए-गम इलाके के पास हुआ, जब हथियारबंद लोगों ने ट्रेन पर गोलीबारी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। हमले के स्थान पर मोबाइल और टेलीफोन नेटवर्क कमजोर होने के चलते ट्रेन चालक दल से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, बचाव अभियान के दौरान 13 विद्रोहियों को मार गिराया है और 80 बंधकों को रिहा करा लिया गया है। ट्रेन चालक और कई यात्री घायल हुए हैं। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि करीब 400 बंधक अब भी ट्रेन में हैं, जो सुरंग के अंदर है। सुरक्षाबलों और विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ जारी है।




**9** बोगी थीं जाफर एक्स. में

**500** यात्री थे सवार

**8** नंबर सुरंग में पटरी उड़ाकर रोकी ट्रेन

**80** बंधकों को मुक्त कराया गया

**13** विद्रोही भी जवाबी कार्रवाई में मरे

**48** घंटे के भीतर बलोच कैदियों को इन बंधकों के बदले रिहा करने का बीएलए विद्रोहियों ने दिया अल्टीमेटम



बलूच विद्रोहियों के हमले में घायल यात्री का माच रेलवे स्टेशन पर उपचार किया गया। इस स्टेशन को अस्थायी अस्पताल बना दिया गया है ● एएफपी

### ऐसे हुई हाईजैकिंग

यह ट्रेन जब सुरंग संख्या-8 से गुजर रही थी, तभी हथियारबंद विद्रोहियों ने विस्फोट कर पटरी को उड़ा दिया। इससे ट्रेन रुक गई और विद्रोहियों ने हथियारों के बल पर ट्रेन को अपने कब्जे में ले लिया। हमलावरों ने इंजन पर फायर किए, जिसमें ट्रेन का चालक घायल हो गया। ट्रेन में मौजूद सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग की, लेकिन विद्रोहियों को रोकने में सफल नहीं हो पाए। इस रेलमार्ग पर 17 सुरंगें हैं और दुर्गम इलाका होने के कारण ट्रेनें अक्सर धीमी गति में चलती हैं।

बीएलए ने ताजा बयान में बताया कि वह कैदियों की अदला-बदली के लिए तैयार है। पाकिस्तान को बंधकों के बदले 48 घंटे के भीतर बिना किसी शर्त के सभी बलोच राजनीतिक कैदी, जानबूझकर गायब किए गए लोग और राष्ट्रीय प्रतिरोध कार्यकर्ताओं को छोड़ना होगा। अगर निर्धारित वक्त में मांगें पूरी नहीं हुईं या पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई की तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। यह भी कहा कि उसके लड़ाके पाकिस्तानी वायु सेना से एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम के साथ लड़ रहे हैं और गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। अभी तक कोई सदस्य घायल या हताहत नहीं हुआ है।

उधर, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा, 'बेगुनाह यात्रियों पर गोली चलाने वाले दरिंदे किसी भी रियायत के हकदार नहीं हैं।' खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंडापुर ने भी हमले की कड़ी निंदा की ।

**इस रेलमार्ग पर पहले भी हुए हैं हमले:** इस रेलखंड पर बलूच विद्रोहियों द्वारा राकेट या रिमोट-नियंत्रित बमों से हमला किया जाता रहा था। बीते अक्टूबर में पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ माह से अधिक समय बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवाएं बहाल की थीं। एक साल में बलूचिस्तान में आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, क्षेत्रफल के हिसाब से पाकिस्तान का सबसे बड़ा, लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है।

संबंधित >> पेज 14

## सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामले में केजरीवाल पर केस दर्ज करने का आदेश

- वर्ष 2019 में द्वारका क्षेत्र में होर्डिंग लगाकर सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ा है मामला
- तत्कालीन विधायक गुलाब सिंह व एक पार्षद भी हैं मामले में आरोपित, पुलिस से 18 मार्च तक मांगी अनुपालन रिपोर्ट



दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामलों का सामना कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अब होर्डिंग लगाकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के आरोप में भी एफआइआर होगी। यह मामला वर्ष 2019 का है जिसकी सुनवाई करते हुए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को केजरीवाल के खिलाफ संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम-2007 की धारा-तीन के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। इस मामले में केजरीवाल के साथ तत्कालीन विधायक गुलाब सिंह और पार्षद नितिका शर्मा भी आरोपित हैं। इन दोनों के खिलाफ भी एफआइआर होगी। अदालत ने पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। आबकारी घोटाले से जुड़े सीबीआइ व ईडी के मामले में केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त जमानत पर बाहर हैं।

इस मामले में शिव कुमार सक्सेना नामक व्यक्ति ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। इसकी सुनवाई के दौरान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने कहा कि होर्डिंग लगाने से न सिर्फ शहर की सुंदरता नष्ट होती है, बल्कि यह यातायात के सुचारु प्रवाह के लिए भी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि होर्डिंग पैदल यात्रियों और वाहनों के लिए सुरक्षित भी नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि हमारे देश में अवैध होर्डिंग्स के गिरने से होने वाली मौतें कोई नई बात नहीं हैं।

### अदालत ने की एसएचओ के आचरण की निंदा



अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामले की सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि जांच एजेंसी यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती कि समय बीत जाने के कारण सुबूत नहीं जुटाए जा सकते। एसएचओ के आचरण की निंदा करते हुए अदालत ने कहा एटीआर में नहीं बताया गया कि जांच की तिथि पर कोई होर्डिंग मिली या नहीं। अदालत ने कहा कि ऐसा लगता है दिल्ली पुलिस अदालत को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। ऐसे मामलों में शिकायतकर्ता द्वारा कुछ व्यक्तियों के नाम का उल्लेख या उनका छूट जाना जांच की दिशा निर्धारित नहीं कर सकता। जांच एजेंसी के पास किसी व्यक्ति को आरोपित बनाने का पर्याप्त अधिकार है, भले ही उसका नाम शिकायत में न हो।

अदालत ने कहा, होर्डिंग मामले में शिकायतकर्ता से सुबूत जुटाने की उम्मीद अनुचित >> पेज 6

## रूस के साथ 30 दिन के युद्ध विराम पर तैयार हुआ यूक्रेन

- अमेरिकी मदद व खुफिया सूचना मिलने का रास्ता साफ
- सऊदी अरब के जेद्दा में अमेरिका-यूक्रेन के बीच बैठक

**जेद्दा, रायटर:** तीन साल से रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच मंगलवार को यूक्रेन पहली बार युद्ध विराम के लिए तैयार हुआ है। सऊदी अरब में अमेरिका के साथ वार्ता के दौरान यूक्रेन ने रूस के साथ 30 दिनों तक युद्ध विराम पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा-वह यह प्रस्ताव लेकर रूस के पास जाएंगे और फैसला मास्को को करना है। इसके साथ ही अमेरिका, यूक्रेन की मदद के साथ खुफिया सूचना साझा करना फिर से शुरू कर देगा।

कीव द्वारा सोमवार रात को मास्को पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले के बाद यूक्रेन और अमेरिका के अधिकारियों ने रूस के साथ चल रहे युद्ध को रोकने के रास्ते तलाशने के लिए कई घंटों की बैठक की। आठ घंटे चली बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें यूक्रेन ने तुरंत 30 दिनों के अंतरिम युद्ध विराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इसे यूक्रेन-रूस की सहमति से आगे भी बढ़ाया जा सकता है और यह रूस द्वारा स्वीकार और लागू किए जाने पर निर्भर करता है। अब अमेरिका, शांति स्थापित करने के लिए रूस से संपर्क कर इसे लागू करने के लिए कहेगा।

**रूस की ये हैं शर्तें :** रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने किसी रियायत की पेशकश नहीं की है। रूस ने कहा-वह इस शर्त पर युद्ध समाप्त करने को तैयार है कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने का प्रयास छोड़ दे और मास्को के कब्जे वाले क्षेत्रों को रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता दे। उम्मीद है कि अमेरिका सऊदी वार्ता निष्कर्ष के बारे में जानकारी साझा करेगा, जबकि क्रेमलिन ने रूसियों को आगाह किया है कि वे ट्रंप प्रशासन की ओर से यूक्रेन को लेकर उठाए जा रहे कदमों से प्रभावित न हों। उनके कार्य मास्को के लिए आशाजनक लग सकते हैं, पर बहुत बुरा के लिए तैयार रहें।

**अमेरिका के बगैर हुई सैन्य प्रमुखों की बैठक:** यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए मंगलवार को पेरिस में अहम बैठक हुई। इसमें अमेरिका के सबसे करीबी सहयोगी 30 से ज्यादा देशों के सेना प्रमुख शामिल हुए। हालांकि अमेरिका शामिल नहीं रहा। नाटो और ईयू सदस्यों समेत 34 सैन्य प्रमुखों ने हिस्सा लिया।









*********

**रमजान मुबारक**

इफ्तार बुधवार 6 :29

सहरी बृहस्पतिवार 5 :12

नोट: शिया हजरात इफ्तार 10 मिनट बाद करेंगे और सहरी 10 मिनट पहले खत्म करेंगे।

# कूड़े के पहाड़ों पर चल रहा करोड़ों रुपये का डीजल चोरी का काला धंधा

## कूड़ा लाने वाले ट्रकों से रात में डीजल चोरी करने के लिए सक्रिय हैं गिरोह, मामले में निगम व पुलिसकर्मियों की हो सकती है मिलीभगत

स्वदेश कुमार • जागरण

- कूड़ा उठाने वाली एजेंसियों की तरफ से की गई हैं कई बार शिकायतें, नहीं होती कार्रवाई
- चोरी का डीजल 70 से 75 रुपये प्रति लीटर ट्रांसपोर्टरों को बेच दिया जाता है



विनोद नगर डिपो के पास से गाजीपुर लैंडफिल साइट पर जाते कूड़े के ट्रक • आर्काइव

**नई दिल्ली:** कोयले के खदानों में जिस तरह से कोयला चोरी होते और इसकी कालाबाजारी को फिल्मों में दिखाया गया है। ठीक उसी तरह की कहानी कूड़े के पहाड़ों पर चल रही है। यहां कई तरह के काले धंधे फल-फूल रहे हैं। इनमें एक डीजल चोरी है। अभी तक यह डराने-धमकाने तक सीमित रहता था। अब यह रक्तरंजित हो चला है। गाजीपुर इलाके में रविवार की रात रोहित नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या को भी डीजल चोरी करने वाले गिरोह के बीच आपसी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। रंजिश इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि इसमें अब मोटा पैसा आने लगा है। खासकर गाजीपुर और भलस्वा लैंडफिल साइट पर डीजल चोरी कराने के लिए कई गिरोह सक्रिय हैं। सूत्रों के मुताबिक, एक लैंडफिल साइट से प्रतिमाह एक से डेढ़ करोड़ रुपये का डीजल चोरी का धंधा हो रहा है। इसके अलावा इन लैंडफिल साइट पर कूड़ा बीनने वालों से ठगाही करने वाले गिरोह भी सक्रिय हैं।

जानकारी के मुताबिक, पहले ये धंधा गाजीपुर, भलस्वा के साथ ओखला लैंडफिल साइट पर चल रहा था। ओखला लैंडफिल साइट पर चूंकि कूड़ा सीधे बिजली बनाने के संयंत्र में जाने लगा है, इसलिए एक साल से यहां यह धंधा बंद हो चुका है, लेकिन गाजीपुर और भलस्वा लैंडफिल साइट पर यह जारी है।

> मेरे कार्यकाल में ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। निजी कंपनी को भी अपने ट्रकों से डीजल चोरी को रोकना चाहिए। – **अभिषेक धानिया**, पुलिस उपायुक्त, पूर्वी जिला

> नगर निगम व पुलिस को कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। निगरानी के लिए जब कंपनी की टीम लैंडफिल साइट पर पहुंचती है, तो गिरोह के लोग भीड़ लेकर पहुंच जाते हैं। ऐसे में हमें भागना पड़ता है। पुलिस की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिलता है। – **मनोज मिश्रा**, जनरल मैनेजर, मेट्रो वेस्ट

दैनिक जागरण के पास पिछले साल 29 मई को नगर निगम और दिल्ली पुलिस के उपायुक्त को भेजी गई एक शिकायत की कापी मौजूद है। इसमें भी इस खेल का जिक्र है। शाहदरा उत्तरी और दक्षिणी जोन से कूड़ा उठाने वाली एजेंसी मेट्रो वेस्ट की शिकायत में कहा गया है कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर डीजल चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इससे हादसे भी हो रहे हैं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि चोरी करने के बाद डीजल को लैंडफिल साइट पर ही स्टोर किया जाता है। इसकी वजह से लैंडफिल साइट पर आग भी लगती है। इस संबंध में कई शिकायतें दी जा चुकी हैं। नगर निगम ने ट्रकों से डीजल चोरी होने की घटनाओं पर चुप्पी साध ली है। हालांकि उसके प्रेस व सूचना विभाग का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**ऐसे होता है खेल:** इस खेल में ट्रक चालकों के साथ गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कार्यरत नगर निगम के कर्मचारी शामिल हैं, जो ट्रक के प्रवेश करने के बाद माल उतरने के दौरान डीजल निकाल लेते हैं, क्योंकि सीसीटीवी कैमरे सिर्फ प्रवेश द्वार पर हैं। हर ट्रक से 15 से 25 लीटर डीजल निकाला जाता है। डीजल को कुछ समय तक लैंडफिल साइट पर ही स्टोर किया जाता है। इसके बाद इसे 40 से 50 रुपये प्रति दर के हिसाब से बाहर मौजूद गिरोह को दे देते हैं। ये गिरोह 70 से 75 रुपये प्रति लीटर ट्रांसपोर्टरों को बेच देते हैं। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर ट्रकों के 300 से 500 तक ट्रिप लगते हैं। इससे अनुमान है कि हर दिन तीन से पांच लाख रुपये का डीजल चोरी होता है। इस तरह से महीने में यह आंकड़ा एक से डेढ़ करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है। इसी तरह से भलस्वा लैंडफिल साइट पर भी यह खेल चल रहा है। इसमें पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इसकी आशंका इसलिए भी है कि शिकायतें तो पुलिस के पास जाती हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। नए चालकों को गिरोह के सदस्य हथियार के बल पर डराते-धमकाते हैं। ऐसे में चालक डरकर भी इस काले धंधे में शामिल हो जाते हैं।

**सिर्फ चालकों पर होती है कार्रवाई:** इस काले धंधे में शामिल सिर्फ चुनिंदा चालकों पर ही कार्रवाई हो पाती है। दरअसल कूड़ा उठाने में नगर निगम के ट्रक और चालक भी मेट्रो वेस्ट कंपनी इस्तेमाल करती है। शिकायत के बावजूद नगर निगम के चालकों पर कार्रवाई नहीं हो पाती है। सिर्फ कंपनी अपने चालकों पर कार्रवाई कर पाती है।






## युवक की हत्या में शामिल घोषित बदमाश गिरफ्त से बाहर

**जासं, पूर्वी दिल्ली:** गाजीपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़े के ट्रकों से डीजल चोरी के विवाद में रोहित नाम के युवक की हत्या मामले की जांच कर रही पुलिस के मुताबिक यह वारदात वर्चस्व की जंग का नतीजा है। पुलिस ने इस मामले में तारीक व नाजिम को गिरफ्तार किया है। इस केस का मुख्य आरोपित व गाजीपुर थाने का घोषित बदमाश यामीन, इसका सहयोगी नावेद व एक अन्य पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। उनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गाजीपुर गांव निवासी रोहित पहले गाजीपुर स्थित निगम के टोल नाके पर पर्ची काटने का काम करता था। करीब छह माह पहले वह लैंडफिल साइट पर कूड़े के ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के संपर्क में आ गया था। इसके बाद वह इसी धंधे में उतर आया। उधर यामीन व उसके सहयोगी भी पिछले कई माह से डीजल चोरी के धंधे में थे। यामीन व रोहित के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। सूत्रों के अनुसार रविवार शाम को रोहित का यामीन के साथियों से विवाद हुआ था। रोहित इसके बाद से यामीन के निशाने पर था।

## डाक्टर के आत्महत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**जासं, बाहरी दिल्ली:** महिला दंत चिकित्सक आत्महत्या मामले में पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ओशो प्रजापति शकूरपुर का रहने वाला है। पुलिस ने कल मृतक दंत चिकित्सक के पिता के बयान पर आरोपित के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने व क्रूरता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने ओशो प्रजापति की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि 29 वर्षीय महिला निजी क्लीनिक में कार्यरत थीं। रोहिणी सेक्टर-8 स्थित फ्लैट में रविवार दोपहर महिला चिकित्सक ने फंदे से लटककर जान दे दी थी। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कई महीने से फ्लैट में अकेली रह रही थीं। चिकित्सक के स्वजन का बयान दर्ज हुआ, जिसमें बताया कि दो साल पहले महिला डाक्टर की शादी शकूरपुर इलाके में रहने वाले एक युवक से हुई थी।

## क्लीनिक पर कर्मचारी ने मरीज को लगाया इंजेक्शन, मौत

**गांधी नगर इलाके में सीतामढ़ी क्लीनिक नाम से चल रहा था दवाखाना, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को किया गिरफ्तार**

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** गांधी नगर इलाके में एक डाक्टर के क्लीनिक पर 10वीं पास कर्मचारी ने मरीज को दो इंजेक्शन लगा दिए। आरोप है कि इससे मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान सत्तार के रूप में हुई है। गांधी नगर थाना ने मृतक के साले इम्तियाज की शिकायत पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर क्लीनिक पर काम करने वाले 19 वर्षीय युवक अनीश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। मरीज को दिए गए इंजेक्शन व दवा को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

इम्तियाज परिवार के साथ रघुबरपुरा में किराये पर रहते हैं। वे सिलाई का काम करते हैं। उनके जीजा सत्तार पुराना सीलमपुर स्थित फैक्ट्री में नौकरी करते थे और वहीं पर रहते थे। पुलिस को दी गई शिकायत में इम्तियाज ने बताया कि सात जनवरी को उनके जीजा का उनके पास फोन आया कि उनकी तबीयत खराब है। उनका बीपी बढ़ा हुआ और बुखार भी है। वे मौके पर पहुंचे और रिक्शे से अपने जीजा को सीतामढ़ी नाम के डाक्टर के क्लीनिक पर ले गए। आरोप है कि क्लीनिक पर डाक्टर नहीं था। वहां क्लीनिक पर काम करने वाला अनीश कुमार उन्हें मिला। उसने दावा किया वह उन्हें दवा देने के साथ इंजेक्शन लगा देगा। अनीश ने मरीज को दो इंजेक्शन लगाए और दवा दे दी। इम्तियाज अपने जीजा को लेकर घर पर पहुंचे। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के 15 मिनट के बाद उनके जीजा की मौत हो गई। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस को जांच में पता चला कि अनीश 10वीं पास है। वह मूलरूप से बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसमें मौत की सही वजह का पता चलेगा।

## सागरपुर में दो गुटों में चाकूबाजी, एक किशोर की मौत, एक घायल

- तीन लड़कों को पकड़कर उनसे पूछताछ की जा रही है
- दो गुटों के लड़कों के बीच हुए झगड़े में जमकर चाकूबाजी

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली:** सागरपुर इलाके में मंगलवार शाम को दो गुटों के लड़कों के बीच हुए झगड़े में जमकर चाकूबाजी हुई। झगड़े में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई और 15 वर्षीय उसका दोस्त घायल हो गया। मृतक की पहचान सागरपुर के इंद्रा पार्क के अजय व घायल की पहचान लकी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। वहीं घायल को सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

सागरपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों को पकड़कर उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे सागरपुर थाना पुलिस को इलाके में झगड़े की जानकारी मिली थी। कालर ने कहा था कि एक लड़के को चाकू लगा है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो पता चला कि अजय व लकी का तीन-चार लड़कों के साथ झगड़ा हो गया। झगड़े में दोनों पर चाकू से हमला कर दिया।

घायलों को पास के आसपास ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया। लकी की हालत गंभीर होने को वजह से उन्हें सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की व तीन लड़कों को पकड़कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

## झपटमारी करने वाला इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर गिरफ्तार

- आरोपित पहले भी झपटमारी में किया गया था गिरफ्तार
- इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर 16 हजार से अधिक फालोअर्स हैं

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** उत्तरी जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने एक झपटमार को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अंबेडकर नगर निवासी पवन उर्फ केलविन के रूप में हुई है, जो इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर है और उसके इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर 16 हजार से अधिक फालोअर्स हैं। आरोपित को पहले भी झपटमारी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

स्पेशल स्टाफ के अधिकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता आर श्रीनिवास राव ने आरोप लगाया था चार मार्च को तीन लाख रुपये नकद और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरे उनके बैग को सेंट स्टीफन अस्पताल के बाहर से स्कूटी सवार ने झपट लिया था और फरार हो गया। सिविल लाइन्स थाने में मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल स्कूटी की पहचान की। टीम ने स्कूटी ने नंबर की जांच की, जिसमें पता चला कि स्कूटी का इस्तेमाल पहले भी मदनगीर इलाके में झपटमारी की वारदातों के लिए किया गया था। इसके बाद जाल बिछाते हुए आरोपित अंबेडकर नगर इलाके से वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से लूटी गई रकम के 1.10 लाख रुपये बरामद किए। उसकी निशानदेही पर आइटीओ के गंदा नाला के पास से झपटा हुआ बैग भी बरामद कर लिया गया।






*********

## आज का मौसम

बुधवार को सुबह के समय धुंध हो सकती है। दोपहर में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **दिल्ली** | | |
| 12 मार्च | 34.0 | 18.0 |
| 13 मार्च | 34.0 | 18.0 |
| **नोएडा** | | |
| 12 मार्च | 34.0 | 21.0 |
| 13 मार्च | 33.0 | 18.0 |
| **गुरुग्राम** | | |
| 12 मार्च | 31.0 | 17.0 |
| 13 मार्च | 32.0 | 18.0 |

डिग्री सेल्सियस में

# झुग्गी में आग से दो भाइयों समेत तीन की मौत

## हादसे के वक्त झुग्गी में चार लोग सो रहे थे, चोरी के डर से गेट चेन से बांधकर लगा रखा था ताला

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** आनंद विहार क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर अवैध रूप से बनी झुग्गी में सोमवार देर रात में डिबिया से आग लगने से दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। इसमें रहने वाले लोगों ने सामान चोरी होने के डर से झुग्गी के दरवाजे पर चेन बांधकर अंदर से ताला लगाया हुआ था। आग से झुग्गी में रखा एलपीजी का गैस सिलेंडर फट गया। मृतकों की पहचान यूपी के औरैया जिले के श्याम सिंह, उनके छोटे भाई कांता प्रसाद व उनके साथी बांदा जिले के जागे सिंह के रूप में हुई है। दमकल की तीन गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। झुग्गी से एलपीजी के दो छोटा व एक बड़ा सिलिंडर बरामद हुआ। आनंद विहार थाना पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।



हादसे में जिंदा बचने वाले नितिन



श्याम सिंह



कांता प्रसाद



जागे सिंह

- झुग्गी के दरवाजे पर चेन बांधकर अंदर से लगाया था ताला



हादसे के बाद जली झुग्गी का मुआयना करने पहुंची मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता • जागरण

गाजियाबाद के विजय नगर निवासी नितिन ने बताया कि वह ठेकेदार दिलीप के यहां काम करता है। ठेकेदार आइजीएल गैस पाइप लाइन की खोदाई का काम करता है। ठेकेदार के कुछ मजदूरों ने कड़कड़डूमा इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर झुग्गी बनाई हुई थी। इसमें लाइट की व्यवस्था नहीं थी। इसलिए, रात में डीजल से डिबिया जलाते थे। नितिन ने बताया कि सोमवार रात दो बजे धुएं से दम घुटने से उसकी आंख खुली तो देखा डिबिया से प्लाईबोर्ड से बनाई दीवार में आग लगी हुई है। उसने शोर मचाया तो श्याम सिंह की आंख खुल गई। वह ताला खोलने के लिए चाबी ढूंढने लगा और बाकी दोनों लोग भी जग गए। इतने में आग बढ़ गई और सिलिंडर फट गया। इससे आग भड़क गई, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। नितिन ने फोन करके हादसे की सूचना ठेकेदार व पुलिस को दी। वह बगल के रोटरी क्लब के परिसर में कूद गया था। इसलिए बच गया।

**शराब पीकर सो रहे थे कर्मचारी:** ठेकेदार दिलीप ने बताया कि सोमवार रात में कर्मचारी खाना खाने के बाद शराब पीकर झुग्गी में सो रहे थे। आशंका है कि नशे की वजह से भी आग लगने पर उनकी आंख समय पर नहीं खुल सकी।

**मच गई अफरातफरी:** डीडीए के तीन सौ गज के प्लाट में छह झुग्गियां हैं। ये सभी झुग्गियां लकड़ी के प्लाईबोर्ड से बनी हुई हैं। उनके दरवाजे भी हैं। झुग्गियों में ठेकेदारों के लिए काम करने वाले कामगार रहते हैं। श्याम सिंह की झुग्गी प्लाट में अलग एक कोने में बनी हुई थी। जिस वक्त उनकी झुग्गी में आग लगी, वहां हड़कंप मच गया। बाकी झुग्गी में रहने वाले लोगों ने डीडीए के प्लाट से बाहर भागकर जान बचाई। ये झुग्गियां अगर पास में होतीं तो हादसा बड़ा हो सकता था।

> सोमवार रात 2:42 बजे झुग्गी में आग लगने की सूचना मिली थी। आग बुझाने के बाद सर्च आपरेशन चलाया तो तीन शव मिले। झुग्गी कब से थी और किसकी गलती से यह हादसा हुआ है, यह पता कर रहे हैं। **-प्रशांत गौतम**, जिला पुलिस उपायुक्त, शाहदरा



> मैं आइजीएल कंपनी के लिए खोदाई का काम करता हूं। सोमवार रात नितिन ने फोन करके बताया कि झुग्गी में आग लगी गई है। मैं मौके पर पहुंचा तो पता चला तीन कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। झुग्गी मेरी नहीं थी। **-दिलीप**, ठेकेदार

### मृतक के स्वजन को सरकार देगी 10 लाख रुपये : सीएम

मंगलवार दोपहर में सीएम रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात की। सीएम के साथ डीडीए, पुलिस, प्रशासन, दमकल समेत अधिकतर विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने मौके से घोषणा की कि जिन लोगों की जान हादसे में गई है, उनके स्वजन को दिल्ली सरकार 10-10 लाख रुपये मुआवजा देगी। हादसे की न्यायिक जांच भी करवाने की बात सीएम ने कही।

# 15 वर्ष से बसी हैं झुग्गियां, डीडीए ने मूंद रखी हैं आंखें

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** आनंद विहार इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर वर्ष 2010 से झुग्गियां बसी हुई हैं, लेकिन डीडीए और सांसद से लेकर स्थानीय नेताओं ने वर्षों से सरकारी जमीन पर हुए कब्जे पर आंखें मूंद रखी थीं। झुग्गी में आग लगने से तीन लोगों की मौत के बाद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की नींद टूटी और वे मौके पर पहुंचे।

तीन सौ गज के डीडीए के इस प्लाट में अवैध रूप से छह झुग्गियां बसी हुई हैं। आरोप है डीडीए के स्थानीय अधिकारियों से सांठगांठ कर यह झुग्गियां बसी हुई हैं। सरकारी जमीन पर कब्जे के बदले में उन्हें रकम भी जाती है। इसलिए कभी कार्रवाई नहीं हुई है।

इस मामले में डीडीए के जनसंपर्क निदेशक विजय पटेल से मंगलवार को दिन में 11 बजे वाट्सएप व काल करके विभाग का पक्ष मांगा गया, लेकिन रात साढ़े नौ बजे तक उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। मृतक श्याम सिंह के परिवार वालों ने बताया कि वर्ष 2010 से यहां झुग्गी में रह रहे थे। इसके अलावा यहां छह झुग्गियां बसी हैं और उनमें रहने वाले लोग ठेकेदार के अंतर्गत जल बोर्ड व आइजीएल कंपनी में नौकरी करते हैं। डीडीए का यह प्लाट नाले के किनारे है। सवाल यह है कि इतने वर्षों से झुग्गियां बसी हुई हैं। कभी डीडीए की नजर अपनी जमीन पर हुए अतिक्रमण पर पड़ी ही नहीं।

> मुझे जानकारी नहीं थी कि डीडीए की जमीन पर अवैध झुग्गियां बसी हुई थीं। मुझे जहां भी डीडीए की जमीन पर अतिक्रमण का पता चलता है तो मैं बिना देरी किए डीडीए से उसकी शिकायत करता हूं। **-ओपी शर्मा**, विधायक विश्वास नगर व सदस्य डीडीए

### चार माह में आग लगने की घटनाएं

- **12 मार्च 2022:** गोकलपुरी इलाके में झुग्गियों में आग लगने से हुई थी सात लोगों की मौत।
- **23 जनवरी 2021:** गाजीपुर डेरीफार्म में आग लगने से 80 झुग्गियां जलीं।
- **एक अप्रैल 2023:** शास्त्री पार्क इलाके में मच्छर मारने वाली क्वाइल से आग लगने पर पक्की झुग्गी में एक ही परिवार के छह लोगों की हुई थी मौत।
- **18 दिसंबर 2023:** शकरपुर इलाके में झुग्गियों में आग लगने से बुजुर्ग की जलकर हुई थी मौत।




# दो विभागों के आपसी विवाद में मौत का 'गड्ढा'

शनि पाथौली • जागरण

- बाइक सवार की मौत के मामले में पीडब्ल्यूडी और डीएमआरसी ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा
- पीडब्ल्यूडी ने सोमवार को हादसे में युवक की मौत के बाद मंगलवार को गड्ढा भर दिया

**दक्षिणी दिल्ली:** महरौली-बदरपुर रोड पर बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि सड़क पर पानी भरे गड्ढे से हादसे का शिकार होने से बाइक सवार की मौत हुई है। अब यह मौत का 'गड्ढा' पीडब्ल्यूडी और डीएमआरसी के आपस के विवाद में फंस गया है। हालांकि पीडब्ल्यूडी ने सोमवार के हादसे के बाद मंगलवार को गड्ढे को भर दिया।

सोमवार सुबह जामिया हमदर्द मोड़ के पास पानी से भरे करीब एक फीट के गड्ढे में बाइक फिसलने से संगम विहार के रतिया मार्ग निवासी राशिद खान की मौत हो गई थी। पुलिस ने सड़क हादसे की आशंका जाहिर की थी। पुलिस ने घटनास्थल के पास रोड के दोनों तरफ करीब एक किलोमीटर तक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। पुलिस का दावा है कि किसी भी फुटेज में ऐसा वाहन नजर नहीं आया तो जिससे बाइक को टक्कर लगी हो। प्राथमिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि राशिद के सिर में गहरी चोट लगने से उसकी मौत हुई है। हालांकि पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

**लापरवाही से बचने को लेकर डीएमआरसी और पीडब्ल्यूडी आमने-सामने:** डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने पहले बताया कि डीएमआरसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कें आमतौर पर अच्छी तरह से बनी हुई हैं और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच की जाती है। फिर भी इस मामले की पूरी गंभीरता से जांच की जाएगी। इसके आधा घंटे बाद डीएमआरसी की तरफ से बताया गया कि घटनास्थल की सड़क उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है। दूसरी तरफ पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि यह सड़क डीएमआरसी को सौंप दी गई थी। इसकी मरम्मत को लेकर डीएमआरसी को पत्र भी लिखा था। अधिकारी का कहना है कि इस सड़क को पांच साल पहले डीएमआरसी को हैंडओवर किया गया था। **दो साल से जर्जर है सड़क:** जिस सड़क पर राशिद की मौत हुई है, वह करीब दो साल से जर्जर हालत में है। मेट्रो लाइन निर्माण के लिए चलते सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही होती है। इससे जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। तिगड़ी निवासी सतीश गुप्ता ने बताया कि दो साल से सड़क की किसी ने सुध नहीं ली है, जबकि यहां से दिनभर हजारों वाहन गुजरते हैं।



सोमवार को जामिया हमदर्द रेड लाइट के पास इसी गड्ढे में गिरने से हुई थी युवक की मौत। हादसे के बाद मंगलवार को गड्ढा भरते पीडब्ल्यूडीकर्मी • जागरण



> जिस सड़क पर युवक की बाइक से गिरकर मौत हुई है, वह डीएमआरसी के तहत आती है। पीडब्ल्यूडी ने पांच साल पहले इस सड़क को सौंप दिया था। डीएमआरसी की लापरवाही से राशिद की जान गई। **-वंदन चौधरी**, विधायक, संगम विहार

### लगाया हत्या का आरोप

राशिद के स्वजन ने उनकी हत्या का आरोप लगाया है। राशिद के भाई दानिश ने बताया कि राशिद का पत्नी से विवाद चल रहा है। स्वजन का आरोप है कि मृतक के ससुराल वाले उसे कई बार धमकी दे चुके हैं।

तय हो जवाबदेही >> संपादकीय




## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| स्थान | | AQI | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| **अलीपुर** | आज का अनुमान | 331 | बहुत खराब |
| | मंगलवार | 302 | बहुत खराब |
| **बवाना** | आज का अनुमान | 332 | बहुत खराब |
| | मंगलवार | 323 | बहुत खराब |
| **आइटीओ** | आज का अनुमान | 260 | खराब |
| | मंगलवार | 251 | खराब |
| **नरेला** | आज का अनुमान | 335 | बहुत खराब |
| | मंगलवार | 325 | बहुत खराब |
| **वजीरपुर** | आज का अनुमान | 240 | खराब |
| | मंगलवार | 231 | खराब |
| **गुरुग्राम** | आज का अनुमान | 264 | खराब |
| | मंगलवार | 255 | खराब |
| **गाजियाबाद** | आज का अनुमान | 355 | बहुत खराब |
| | मंगलवार | 345 | बहुत खराब |
| **ग्रेटर नोएडा** | आज का अनुमान | 235 | खराब |
| | मंगलवार | 226 | खराब |
| **फरीदाबाद** | आज का अनुमान | 117 | मध्यम |
| | मंगलवार | 107 | मध्यम |
| **नोएडा** | आज का अनुमान | 193 | मध्यम |
| | मंगलवार | 184 | मध्यम |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

### होली पर 14 को दोपहर ढाई बजे से चलेगी मेट्रो

**राज्य ब्यूरो, जागरण** • **नई दिल्ली:** होली के दिन सुबह छह बजे से दोपहर ढाई बजे तक साढ़े आठ घंटे मेट्रो का परिचालन बंद रहेगा। डीएमआरसी का कहना है कि 14 मार्च को होली के दिन एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित सभी कारिडोर पर दोपहर ढाई बजे से मेट्रो का परिचालन शुरू होगा और सामान्य फ्रीक्वेंसी से मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी।

# कोर्ट लाकअप में विचाराधीन कैदी की तबीयत बिगड़ी, मौत

**गोगी गैंग के दो बदमाशों राहुल फोगाट और अनिल फोगाट के एक मामले में गवाही देने आया था आकाश**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** तीस हजारी कोर्ट के लाकअप में सोमवार शाम विचाराधीन कैदी की तबीयत बिगड़ गई। पुलिस उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आकाश के रूप में हुई है। वर्ष 2018 में न्यू फ्रेंड्स कालोनी में हुई एक हत्या के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। सोमवार को मंडोली जेल से एक मामले में गवाही देने के लिए उसे तीस हजारी कोर्ट लाया गया था। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। शुरुआती जांच में हार्ट अटैक को मौत का कारण बताया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आकाश का परिवार पहले दिल्ली के संगम विहार इलाके में रहता था। बाद में उसकी पत्नी व बच्चे हरियाणा के बल्लभगढ़ में शिफ्ट हो गए।

दरअसल गोगी गैंग के दो बदमाश राहुल फोगाट और अनिल फोगाट के एक मामले मे आकाश गवाह था। मामला पश्चिमी दिल्ली के हरिनगर का बताया जा रहा है। सोमवार को इसी मामले की गवाही थी। कड़ी सुरक्षा के बीच उसे सोमवार सुबह तीस हजारी कोर्ट में लेकर आया गया था। अदालत आने के बाद दिन में उसकी तबीयत थोड़ा खराब हुई। शाम के समय तबीयत और बिगड़ी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। फिलहाल इस बात का पता नहीं चल सका है कि आकाश को पहले से कोई बीमारी थी या नहीं।






# 'कागज' पर उतरे क्रूज, दिल्लीवालों को जल्द कराएंगे यमुना में सैर

## दिल्ली व केंद्र के बीच करार, छोटे क्रूज के लिए रास्ता साफ

- नए वित्त वर्ष के शुरुआती महीनों में क्रूज चलने की पूरी संभावना
- केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा दिल्ली को हर संभव मदद देंगे



असिता ईस्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, उपराज्यपाल वीके सक्सेना व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ● जागरण

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** यमुना में क्रूज से सैर कराने की योजना पर दिल्ली सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। दिल्ली के लोगों को जिस क्रूज टूरिज्म का वर्षों से इंतजार था और जिस पर पिछले एक साल से काम चल रहा था, दिल्ली में निजाम बदलने के साथ ही अब यह योजना कागजों पर उतर गई है और जल्द ही इसके धरातल पर आने की उम्मीद है। इसके लिए प्रस्ताव बन चुका है, स्वीकृति हुई है और मंगलवार को दिल्ली और केंद्र सरकार के विभागों के बीच इस योजना को लेकर करार हो गया। सरकार की योजना अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्त वर्ष के शुरुआती माह में छोटे क्रूज को यमुना के पानी में उतार देने की है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस योजना के लिए हर संभव मदद देने का भरोसा दिया है।

यमुना नदी में सोनिया विहार से लेकर जगतपुर (शनि मंदिर) के बीच छोटे क्रूज चलाने का रास्ता साफ हो गया है। करीब चार किलोमीटर की इस दूरी को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना को मूर्तरूप देने के लिए, मंगलवार शाम को आइटीओ के पास बने असिता पार्क में दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, दिल्ली जलबोर्ड, दिल्ली विकास प्राधिकरण एवं केंद्र सरकार के भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्ल्यूएआइ) के बीच करार हुआ है। इस मौके पर केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर, उपराज्यपाल वी के सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा, कपिल मिश्रा, मुख्य सचिव धर्मेंद्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने इस मौके पर कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में यमुना को राष्ट्रीय जलमार्ग 110 घोषित कर दिया था। क्रूज टूरिज्म और फेरी सर्विस की शुरुआत के साथ हम दिल्ली में एक नए ईको-फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट सिस्टम की नींव रख रहे हैं। कहा कि हम दिल्ली को हर संभव मदद देंगे और जरूरत पड़ी तो यमुना की गहराई को बढ़ाएंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप, देशभर में जलमार्गों के पुनरुद्धार पर बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में यमुना को निर्मल और स्वच्छ बनाने, उसकी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने और दिल्ली के पर्यावरण को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

एलजी ने कहा, यमुना को वर्षों से नाले के रूप में देखा जाता रहा, लेकिन अब यह सोच बदलेगा। यह एमओयू एक साल पहले हो गया होता तो आज यह सेवा चालू होती। परंतु पहले तब के मुख्यमंत्री ने इस योजना को नकार दिया, दूसरी बार जब हमने नौसेना से बोट लेकर यमुना की गहराई नापने का काम शुरू किया तो इसे भी तब के मुख्यमंत्री ने नहीं होने दिया। कहा कि यमुना में क्रूज टूरिज्म की अभी सिर्फ एक शुरुआत है। आने वाले समय में इस योजना में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड को भी बढ़ावा देंगे, जिससे इस योजना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि यमुना को केवल नदी नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर और मां की तरह देखें।

इस अवसर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना के पास यह असिता पार्क और नदी में फेरी और छोटे क्रूज की सुविधा दिल्ली में पर्यटन के लिए एक नया आयाम साबित होगा। उन्होंने कहा कि पहले जो लोग सत्ता में थे, उन्होंने दिल्ली के विकास को रोकने की कोशिश की, लेकिन दिल्लीवासियों के फैसले ने उन्हें रोक दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि यह डबल इंजन की सरकार का ही श्रेय है, जिसे दिल्ली के लोगों ने मौका दिया है।

### शुरुआत में दो क्रूज चलाए जाएंगे, क्षमता 20-30 यात्री

- अभी फिलहाल दो क्रूज चलाए जाएंगे ये प्रदूषण रहित होंगे, इलेक्ट्रिक-सोलर हाइब्रिड भी होंगे
- इनमें 20-30 यात्रियों को ले जाने की क्षमता होगी
- यात्रियों की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक घोषणा प्रणाली और लाइफ जैकेट की सुविधा होगी।
- ये क्रूज पूरी तरह वातानुकूलित होंगे
- इन पर बायो-टायलेट भी होंगे

# पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा, अवैध रूप से रह रहे थे

- बाहरी जिले से तीन और उत्तरी जिले से दो घुसपैठिये पकड़े
- सभी को डिटेंशन सेंटर में भेज दिया गया है

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** राजधानी में दो अलग-अलग जगहों पर अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ कर पुलिस ने उन्हें सराय रोहिल्ला स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा है। बाहरी जिले में रह रहे तीन घुसपैठियों की पहचान सफरुद्दीन, इब्राहिम व सोराब के रूप में हुई है। वहीं उत्तरी जिला पुलिस ने भी सदर बाजार इलाके में रह रहे एक बांग्लादेशी और उसके बेटे को पकड़ा है। इनके पास वोटर कार्ड भी मिला है। इनकी पहचान मोहम्मद बिलाल और मोहम्मद फारूख के रूप में हुई है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि जिले की विदेशी सेल घुसपैठिये की पहचान के लिए सत्यापन अभियान चला रही है। इसी के तहत 10 मार्च को विदेशी सेल को पीरागढ़ी इलाके में कुछ संदिग्धों के रहने की जानकारी मिली। पुलिस ने इलाके से तीन बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया। तीनों ने खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया। वे इस इलाके में छिपने के लिए झुग्गी की तलाश कर रहे थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने अवैध बांग्लादेशियों की पहचान के लिए पीवीसी मार्केट मुंडका, पी-4 ब्लाक सुल्तान पुरी, बेनीवाल लोहा मंडी राज पार्क, इंद्र झील 80 गज राज पार्क और हनुमान मंदिर कमरुद्दीन नगर के इलाकों में छापेमारी कर 833 लोगों की जांच की है। जिसमें से 267 संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई। जिनमें से 174 ने बंगाल और 93 ने असम के होने की बात कही है। इनके सत्यापन के लिए पुलिस की टीम बंगाल और असम में जांच कर रही है।

उत्तरी जिला पुलिस ने सात मार्च को सदर बाजार इलाके में छिपकर रह रहे एक बांग्लादेशी को पकड़ा। उसकी पहचान मोहम्मद बिलाल के रूप में हुई है। उसके पास से एक भारतीय वोटर कार्ड बरामद किया है। 10 मार्च को उसके बेटे मोहम्मद फारूख को भी पकड़ लिया गया। वह नई बस्ती इलाके में किराए के एक मकान में रह रहा था और इलाके में केबल आपरेटर के रूप में काम कर रहा था।

# एनआरआइ से वसूली में केस दर्ज करने के लिए इंस्पेक्टर ने मांगी रिश्वत, केस दर्ज

- इंस्पेक्टर ने केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए पांच लाख रुपये की मांग की थी
- शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगते इंस्पेक्टर का वीडियो रिकार्ड कर विजिलेंस टीम को दिया

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट की टीम ने एनआरआइ से वसूली के मामले में केस दर्ज करने के लिए एक निरीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी को लेकर आला अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। विजिलेंस यूनिट के अधिकारी के मुताबिक, इंग्लैंड में रहने वाले चरणजीत सिंह मूलरूप से जालंधर के रहने वाले हैं। गुरमीत कौर, चरणजीत की ओर से विशेष कानूनी पावर आफ अटार्नी हैं। उन्होंने ही इस मामले में इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायत दी है। उन्होंने एनआरआइ की ओर से शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि चरणजीत सिंह को शादी के बहाने एक महिला और उसके तीन भाइयों ने धोखा दिया था। शिकायत अक्टूबर 2024 में केएन काटजू पुलिस स्टेशन में दायर की गई थी।

शिकायत में आरोप था कि रोहिणी में रहने वाली एक महिला और उसके भाइयों ने चरणजीत सिंह को शादी के बहाने धोखा दिया और फिर 16 लाख रुपये की वसूली की। इसी सिलसिले में गुरमीत कौर ने 16 अक्टूबर और 22 अक्टूबर 2024 को रोहिणी के केएन काटजू मार्ग थाने में शिकायत दी थी। इसके बाद वह कई बार शिकायत पर कार्रवाई के बारे में जानने के लिए थाने गईं, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।

27 नवंबर 2024 को गुरमीत के पास एक काल आई। कालर ने केएन काटजू मार्ग थाने के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के रूप में परिचय दिया, दावा किया कि उनकी शिकायत पर काम करने का जिम्मा उसे सौंपा गया है। अगले दिन कौर थाने गईं और इंस्पेक्टर से उसके कमरे में मिलीं। इंस्पेक्टर ने केस दर्ज करने के लिए 5 लाख रुपये मांगे।

कौर ने उससे कहा कि चरणजीत इतनी रकम नहीं दे सकते, क्योंकि वह पहले ही पीड़ित हैं। एक दिसंबर 2024 को कौर फिर इंस्पेक्टर से मिलने गईं। काफी अनुरोध करने के बाद इंस्पेक्टर पांच लाख की जगह दो लाख रुपये देने की बात करने लगे। रुपये देने के लिए इंस्पेक्टर ने अगले दिन तक का समय दिया। कौर ने इंस्पेक्टर की करतूत को स्पाई कैमरे में रिकार्ड कर लिया।

### एनडीएमसी के कर्मचारी समेत दो लोग रिश्वत लेते धरे

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** सीबीआइ ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के एक कर्मचारी और एक निजी व्यक्ति को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों ने एनडीएमसी में सहायक सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर तीन शिकायतकर्ताओं से छह लाख मांगे थे। गिरफ्तार आरोपितों के नाम पूरन (स्वीपर, एनडीएमसी) और बिनोद उर्फ अंकित है। सीबीआइ ने 10 मार्च को मामला दर्ज किया था। मंगलवार को 15 हजार रुपये लेने के दौरान दोनों को पकड़ लिया गया। दोनों के घरों की भी तलाशी ली गई। आरोपित रिमांड पर हैं।

### लाइसेंस प्रक्रिया में संशोधन करा सकेंगे प्रतिष्ठान

**जासं, नई दिल्ली :** नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ ट्रेड लाइसेंस साफ्टवेयर में एक संशोधन साफ्टवेयर लांच किया है। जिसकी मदद से प्रतिष्ठान मौजूदा हेल्थ ट्रेड लाइसेंस में संशोधन करा सकेंगे।

संशोधन साफ्टवेयर हेल्थ ट्रेड लाइसेंस धारकों को संशोधन करने में मदद करेगा। खानपान और आवास- बोर्डिंग प्रतिष्ठान सुविधा को एमएचए यूनिफाइड पोर्टल में नगर निगम हेल्थ ट्रेड लाइसेंस साफ्टवेयर के माध्यम से व दिल्ली नगर निगम के हेल्थ ट्रेड लाइसेंस पोर्टल के अंतर्गत 'अन्य ट्रेड' लिंक पर जाकर उपयोग कर सकते हैं।

### वरिष्ठ अफसरों को सीएम के दौरे पर मौजूद रहने का आदेश

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, आयुक्तों व विभागाध्यक्षों सहित अपने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। आदेश में कहा है कि यदि कोई अधिकारी किसी जरूरी काम के कारण उपस्थित नहीं हो पाता है, तो उसके स्थान पर उसके दूसरे नंबर के अधिकारी को उपस्थित रहना होगा।

### क्या लापता लोगों को ट्रैक करने को एआइ साफ्टवेयर है: कोर्ट

**जासं, नई दिल्ली:** एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि क्या मानसिक बीमारी सहित विभिन्न कारणों से लापता हुए व्यक्तियों का पता लगाने के लिए कोई आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआइ) साफ्टवेयर है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह व न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने पुलिस को मामले पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा कि अपराध शाखा के पास आमतौर पर ऐसे एआइ साफ्टवेयर होते हैं। मामले की सुनवाई 18 मार्च के लिए स्थगित करते हुए अदालत ने कहा कि यदि ऐसा कोई एआइ साफ्टवेयर है, तो लापता व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। अदालत ने यह आदेश पिता को अदालत में पेश करने की मांग को लेकर एक बेटे द्वारा दायर बंदी प्रत्यीक्षकरण याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया कि उसके पिता 17 फरवरी 2023 से लापता हैं। मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करके कहा था कि सभी जरूरी प्रक्रियाएं अपनाने के बावजूद याचिकाकर्ता के पिता का कोई पता नहीं चल पाया है।


## दैनिक जागरण क्लासीफाइड

कम दाम, ज्यादा काम

### आवश्यकता




### सूचना

मैं सहेंद्रपाल सपुत्र श्री गजे सिंह, म.न. 2, गली न.1, कराला दिल्ली-81, शपथपूर्वक अपने सपुत्र सचिन और उसकी पत्नी मधु तोमर व सुपुत्री पारूल पत्नी श्री प्रमोद बैनीवाल को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिए है। इनके द्वारा किए गए कार्य की जवाबदेई हमारी नहीं होगी।

It is for general information that I, ABHISHEK CHAUDHARY S/O SUNIL KUMAR residing at H. No.-95/4, GALI No.-0/3, VILLAGE JAGATPUR, PO BURARI, NORTH DELHI, DELHI-110084 declare that name of mine has been wrongly written as ABHISHEK in my OBC Certificate No.-OBC/02/928/8968/7/1/2015/90509281090811/8/01 dated 31/01/2015. The actual name of mine is ABHISHEK CHAUDHARY, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, SMT. RITA GHAI (A.No.8011 9372 1656) wife of LATE SHRI SUBHASH GHAI, is the absolute owner of FREEHOLD DDA FLAT No.196, RPS COLONY, situated at MADANGIR, KHANPUR, NEW DELHI-110062. That the Original Property Documents i.e. DDA Possession Slip, DDA NOC of Water & Electricity, Conveyance Deed dated 13.09.1995, Sale Deed dated 12.12.1995 and General Power of Attorney dated 02.04.1993 of the above captioned Property, is reported to have been missing being lost, mislaid or misplaced and is not traceable. A Report/Complaint in this regard (lost property documents) being LR No. 2635447/2025, dated 05.03.2025 has been lodged by her with Crime Branch, Delhi. It is hereby notified that if any Person/ Firm/ Bank/ Financial Institution or Entity has any sort of claim, rights, title, interests, lien, charge or dispute/ litigation of any nature (whatsoever) in the above captioned property on the basis of aforesaid lost/ misplaced Property Documents, should contact and notify the same (with valid Documentary Proof) to the undersigned within 10 days from the date hereof, failing which it shall be presumed that the above captioned property is free from all sorts of encumbrances, dispute, litigation, lien, claim or charge.

Sachin Kaushik (Advocate)
Office: M-62-A, Basement, Malviya Nagar, New Delhi-110017

My clients Md. Javed Ansari and his wife Salma Khatoon R/o H.No-45, Street No-2, Saket Block, Mandawali, Fazalpur, East Delhi-110092 disowned and debarred their Son Mairaj Ansari and his wife Shaheena Praveen from their movable and immovable properties due to their misbehaviour and abusing language. My clients shall not be responsible for their any acts in future. Satish Kumar Yadav (Advocate)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे मुवक्किल श्रीमती पूनम पत्नी श्री राजपाल सिंह और श्री राजपाल सिंह पुत्र स्व. श्री राम प्रसाद, दोनों निवासी- O-96, ओ एक्सटेंशन, गली नं.-3, वाणी विहार, उत्तम नगर, पी.ओ. डी.के. मोहन गार्डन, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110059, ने अपने पुत्र जतिन का मेरे मुवक्किल के प्रति अभद्र व्यवहार तथा कन्ट्रोल से बाहर होने के कारण, उससे अपने सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं तथा अपने सभी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किए गए किसी भी कार्य या लेन देन के प्रति मेरे मुवक्किल जिम्मेदार नहीं है। एस के श्रीवास्तव एडवोकेट

Notice is given that Flat No104, Gaurav Adhikari Sahkari Awas Samiti Ltd, Plot No. C 58/6, Sector 62, Noida,is being sold and transferred to my client. All persons having any claim in respect thereof by way of sale, gift, inheritance, or otherwise howsoever are requested to inform the same in writing to Adv. Raj Kumar Goyal, D-74, Basant Vihar, Gwalior within 7 days

My client Shri Raman Kumar, S/o Late Parmanand Singh R/o H.No. 869-B, Jain Nagar, Karala, Delhi-81, has severed all relations and disowned/debarred his son Aadarsh and his wife Arya and disowned them from his all movable & immovable properties due to misbehavior. My client and his other family members shall not be responsible for their act & conduct in future. N.P. Vaish, Advocate

### बिकाऊ

For Sale Industrial Land at MIA, RIICO, Alwar. Size 4860 SqM., Boundary Wall, Sheds, Office, Electricity, Pollution Consent, Tubewell, Water Storage Tanks. Contact- 7737787728











*********

GOVT. OF PUNJAB

**बोली लगाने के लिए हो जाइए तैयार**

PUDA

# दो लगातार सफल ई-नीलामियों के बाद
# आवास एवं शहरी विकास विभाग
# एक बार फिर
# 2000 करोड़ रुपये की संपत्तियों को बोली
# के लिए पेश कर रहा है




# पुडा और क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण
प्रस्तुत करते हैं
# आवासीय, व्यावसायिक, चंक और संस्थागत साइटों
की
# ई-नीलामी

**बोलीदाताओं के लिए विशेष लाभ:**

- बोलीदाता डी.एस.सी. या ओ.टी.पी. आधारित वेरीफिकेशन के माध्यम से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं
- विकास प्राधिकरणों के कार्यालयों में सुविधा के लिए हेल्प डेस्क
- बोली राशि के 10% भुगतान पर आवंटन (लागू सेस अतिरिक्त वसूले जाएंगे)
- बोली राशि के 25% भुगतान पर कब्जा
- आवंटन तिथि से 120 दिनों के भीतर शेष राशि के एकमुश्त भुगतान पर 7.5% छूट

## ई-नीलामी
**शुरुआत**
12-03-2025 को दोपहर 12:00 बजे
**समाप्ति**
22-03-2025 को दोपहर 12:00 बजे

**नोट:**
1. प्रस्तुत की गई किसी भी संपत्ति से संबंधित कोई भी संशोधन या ई-नीलामी की बढ़ोतरी संबंधी कोई भी सूचना केवल ई-नीलामी पोर्टल पर दी जाएगी।
2. बोली लगाने के लिए जी. पी. एस सक्षम उपकरण अनिवार्य हैं।
3. बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि NEFT/RTGS लेन-देन को संपूर्ण होने में कुछ समय लगता है। परेशानी मुक्त बोली लगाने के लिए, ई-नीलामी के निर्धारित समापन से कम से कम 24 घंटे पहले भुगतान प्रक्रिया शुरू करें।

**विकास प्राधिकरणों और शहरों का विवरण जहाँ बोली के लिए साइटें उपलब्ध हैं**

| क्रम संख्या | प्राधिकरण | शहर |
|---|---|---|
| 1. | ए.डी.ए | अमृतसर, बटाला और गुरदासपुर |
| 2. | बी.डी.ए | बठिंडा, मलोट, फरीदकोट और मानसा |
| 3. | गलाडा | लुधियाना, मोगा, फिरोज़पुर और कोहाड़ा |
| 4. | गमाडा | एस.ए.एस नगर और न्यू चंडीगढ़ |
| 5. | जे.डी.ए | जालंधर, कपूरथला, मुकेरियां, सुल्तानपुर लोधी और होशियारपुर |
| 6. | पी.डी.ए | पटियाला, संगरूर, नाभा, धूरी और अमरगढ़ |

बोली एवं विवरण के लिए **https://puda.enivida.com** पर पधारें।

किसी भी जानकारी के लिए बोलीदाता टोल फ्री नंबर **18001800062** पर संपर्क कर सकते हैं या **office@puda.gov.in** पर ईमेल कर सकते हैं।

**मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सऐप चैनल से जुड़ें**

यहां स्कैन करें

/HudPunjab

"मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने विकास प्राधिकरणों द्वारा हाल ही में आयोजित ई-नीलामियों को शानदार प्रतिक्रिया दी है। पिछली नीलामियों में बोली देने से वंचित रहे लोगों को मौका देने के लिए, मैंने सभी विकास प्राधिकरणों को एक बार फिर से ई-नीलामी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



********

# सौंदर्य क्रीम, स्टेरायड के अधिक प्रयोग से जा सकती है आंख की रोशनी

**राज्य ब्यूरो, जागरण, नई दिल्ली :** स्टेरायड के दुष्प्रभाव से हड्डियों की बीमारी व त्वचा रोग तो होता ही है, इसके दुष्प्रभाव से आंखों की बीमारी ग्लूकोमा (काला मोतिया) भी हो सकता है। बाडी बिल्डिंग के लिए स्टेरायड के अधिक इस्तेमाल व स्टेरायड युक्त सौंदर्य क्रीम से आंखों की रोशनी जा सकती है। ऐसे मरीज एम्स के आरपी सेंटर में पहुंचते भी हैं। मंगलवार को आरपी सेंटर के डाक्टरों ने यह जानकारी दी।




- आंखों की बीमारी ग्लूकोमा का बन सकता है कारण, दवा से भी ठीक नहीं होती है बीमारी
- विश्व ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह के मद्देनजर एम्स के डाक्टरों ने दी यह जानकारी

ग्लूकोमा के प्रति अभी जागरूकता का अभाव है। इसीलिए अभी विश्व ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। एम्स के डाक्टर बताते हैं कि देश में करीब सवा करोड़ लोग इससे पीड़ित हैं और यह अंधेपन का एक बड़ा कारण है। आरपी सेंटर के प्रोफेसर डा. तनुज दादा ने बताया कि ग्लूकोमा होने पर आंखों के आप्टिक नर्व में खराबी आ जाती है। इसे धीरे-धीरे आंख की रोशनी जा सकती है। इस बीमारी के लक्षण नहीं होते। इस कारण 90% मरीजों को इस बीमारी के बारे में पता नहीं होता। ज्यादातर मरीज तब इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, जब एक आंख की रोशनी काफी हद तक कम हो चुकी होती है। डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर व ब्लडप्रेशर कम होने से ग्लूकोमा होने का खतरा बढ़ जाता है। परिवार में किसी को यह बीमारी हो तो परिवार के अन्य सदस्यों में भी यह बीमारी होने का जोखिम 10 गुना अधिक होता है। इसलिए जांच जरूर करानी चाहिए। ग्लूकोमा के कारण आंख की रोशनी कम होने पर उसे ठीक नहीं किया जा सकता, लेकिन दवा से बची हुई रोशनी को बचाया जा सकता है।

### योग है फायदेमंद

डा. तनुज दादा ने बताया कि तनाव भी ग्लूकोमा बीमारी का कारण बन रहा है। तनाव से कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ जाता है। एम्स में हुए अध्ययन में पाया गया कि कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ने पर आंखों का भी प्रेशर बढ़ जाता है। अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम आदि करने से ग्लूकोमा के मरीजों को फायदा होता है, लेकिन ग्लूकोमा के मरीजों को शीर्षासन नहीं करना चाहिए।

### डिस्पेंसरियों में एम्स शुरू करेगा प्राथमिक विजन केंद्र

एम्स के आरपी सेंटर के कम्युनिटी नेत्र विज्ञान विभाग के प्रभारी डा. प्रवीण वशिष्ठ ने बताया कि ग्लूकोमा स्क्रीनिंग के लिए देश में कोई स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं है। आरपी सेंटर एनसीआर में 21 प्राथमिक विजन केंद्र संचालित कर रहा है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त फंडस फोटोग्राफी से ग्लूकोमा की स्क्रीनिंग की जाती है। इसमें से 10 प्राथमिक विजन केंद्र दिल्ली सरकार के डिस्पेंसरियों में चल रहे हैं। दिल्ली में 250 डिस्पेंसरियां हैं। दिल्ली में नई सरकार बनी है। यदि सरकार स्वीकृति दे तो आरपी सेंटर सभी डिस्पेंसरियों में सप्ताह में एक दिन आंखों की स्क्रीनिंग की सुविधा शुरू कर सकता है। सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि चेहरे पर आंख के आसपास के हिस्से पर क्रीम लगाने से धीरे-धीरे आंख की रोशनी खराब होती है। ओपीडी में पहुंचे 25 वर्षीय एक युवक आंखों का प्रेशर 40 था। पूछने पर उसने बताया कि वह चेहरे पर नियमित रूप से क्रीम लगाता है। इसी तरह एक महिला क्रीम के इस्तेमाल के कारण अंधेपन के कगार पर पहुंचने पर इलाज के लिए पहुंची थी। हरियाणा के एक युवक की एक आंख की रोशनी चली गई थी, दूसरी आंख का प्रेशर 50 पहुंच गया था। वह युवक बाडी बिल्डिंग के लिए स्टेरायड इस्तेमाल करता था। अस्थमा के मरीजों को नियमित इनहेलर लेना पड़ता है। इसमें भी स्टेरायड होता है।

# एम्स में तैयार हो रही डायलिसिस यूनिट

रणविजय सिंह ● जागरण

- यह दिल्ली की सबसे बड़ी डायलिसिस यूनिट होगी, लगेंगी 36 नई डायलिसिस मशीनें
- छह माह में शुरू हो जाएगी चिकित्सा सेवा, किडनी मरीजों का इलाज होगा आसान

**नई दिल्ली:** बृहस्पतिवार को विश्व किडनी दिवस है। इस बीच किडनी के मरीजों के लिए राहत भरी खबर यह है कि एम्स में दिल्ली की सबसे बड़ी डायलिसिस यूनिट बन रही है। इसमें 36 नई डायलिसिस मशीनें लगेंगी। छह माह में इसमें चिकित्सा सेवा शुरू होगी। इससे एम्स के नेफ्रोलाजी विभाग में साढ़े तीन दशक के बाद किडनी के मरीजों के इलाज की सुविधाएं बढ़ सकेंगी।

वर्तमान में एम्स में किडनी मरीजों के इलाज के लिए 24 बेड व नेफ्रोलाजी विभाग के डायलिसिस यूनिट में महज 13 डायलिसिस मशीनें हैं। 1989 में यह डायलिसिस यूनिट शुरू हुई थी। इसके बाद अब तक नेफ्रोलाजी विभाग में डायलिसिस मशीनें नहीं बढ़ पाईं। जबकि एम्स में किडनी के मरीजों का दबाव बढ़ा है। 2023-24 में रीनल क्लीनिक की ओपीडी में 46,672 मरीज देखे गए, जिसमें से 7,265 नए मरीज शामिल हैं। किडनी की पुरानी बीमारी से पीड़ित मरीजों को नियमित तौर पर डायलिसिस की जरूरत होती है। डायलिसिस मशीनें कम होने से एम्स में अभी ओपीडी में इलाज कराने वाले ज्यादातर मरीजों को डायलिसिस की सुविधा नहीं मिल पाती। इमरजेंसी व अस्पताल में भर्ती मरीजों की ही डायलिसिस हो पाती है। ओपीडी के मरीज किसी दूसरे सरकारी या निजी अस्पताल में डायलिसिस कराने को मजबूर होते हैं। इसके मद्देनजर एम्स के नेफ्रोलाजी विभाग में लंबे समय से चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही थी।

एम्स प्रशासन ने नेफ्रोलाजी विभाग के लिए पुराने ओपीडी ब्लाक की चौथी मंजिल पर अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराई। अप्रैल 2023 में नई डायलिसिस मशीनें लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके बाद अब तक दो वर्षों में सुविधा बढ़ तो नहीं पाई, लेकिन डायलिसिस यूनिट का काम शुरू हो चुका है। अस्पताल के एक वरिष्ठ डाक्टर ने बताया कि जिस एजेंसी को नई डायलिसिस मशीनें लगाने की जिम्मेदारी दी गई है वही एजेंसी डायलिसिस यूनिट तैयार कर रही है। छह माह में काम पूरा हो जाएगा और इसमें 36 डायलिसिस मशीनें होंगी। इससे ओपीडी में पहुंचने वाले किडनी के मरीजों को भी एम्स में डायलिसिस की सुविधा मिल सकेगी। मौजूदा समय में दिल्ली में सरकारी क्षेत्र का सबसे बड़ा डायलिसिस यूनिट सफदरजंग अस्पताल में है। यहां 30 मशीनें हैं।

# आवास का इंतजार, गली में ही लग रहा 'मुख्यमंत्री दरबार'

## निजी आवास के बाहर गली में समस्याएं सुनती हैं सीएम, भीड़ व्यवस्थित करने को लगाई रेलिंग

धर्मेंद्र यादव ● जागरण

**बाहरी दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को अपना पदभार संभाले हुए 20 दिन हो गए हैं, उन्हें अभी सरकारी आवास आवंटित नहीं हुआ है। फिलहाल वे शालीमार बाग के एफी-ब्लाक स्थित अपने पैतृक आवास में रह रही हैं और यहीं अपने आवास के बाहर गली में 'मुख्यमंत्री दरबार' लगता है। मुख्यमंत्री से मिलने के लिए, आने वाले लोगों की हर दिन लंबी कतार लगती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एक-एक व्यक्ति से मिलकर समस्याएं सुनती हैं और समाधान के लिए स्टाफ को निर्देश देती हैं।

भीड़ को व्यवस्थित करने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी चाक-चौबंद रखना, मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के लिए और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। पिछली 19 मार्च को मुख्यमंत्री के तौर पर नामित होने के बाद से शालीमार बाग की एफी-ब्लाक सोसायटी का माहौल एकाएक बदल गया। बधाई और शुभकामना देने वालों का भी तांता लगता है। मुख्यमंत्री वैसे तो हर व्यक्ति से आत्मीयता के साथ मिलती हैं, लेकिन महिलाओं से मिलने का उनका अंदाज अलग है। वे जिन महिलाओं को व्यक्तिगत तौर पर जानती हैं, उनसे गले लगकर मिलती हैं।

मुख्यमंत्री आवास के भीतर चुनिंदा लोगों का ही प्रवेश है। मुख्यमंत्री हर रोज अक्सर सुबह साढ़े आठ बजे से लेकर साढ़े नौ बजे के बीच लोगों से मिलती हैं। जब मुख्यमंत्री लोगों से मिलने आती हैं तो गली में लोगों की लंबी कतार लग जाती है।



शालीमार बाग स्थित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निजी आवास पर उनसे मिलने के दौरान समस्याएं रखते क्लस्टर बसों के चालक ● ध्रुव कुमार



सीएम रेखा गुप्ता के निजी आवास के बाहर लगे बैरिकेड व मेटल डिटेक्टर ● जागरण

मुख्यमंत्री से क्लस्टर बस चालकों ने मुलाकात की और बताया कि दो बस डिपो बंद हो गए हैं। इस वजह से बेरोजगार हो गए हैं, उन्हें रोजगार दिया जाए। मुख्यमंत्री ने चालकों को 15 मार्च को मिलने के लिए आने को कहा। सोसायटी में रहने वाले राकेश बंधु कहते हैं कि सोसायटी में प्रतिदिन लोगों का आना-जाना लगा रहता है, इस चहल-पहल से हम खुश हैं। उन्हें गर्व है कि सीएम यहां रहती हैं।

**गली में रेलिंग लगाकर बनाया कोरिडोर:** अवांछित प्रवेश रोकने के लिए सोसायटी के मुख्य गेट पर लगाया बैरियर आजकल खुला रहता है। मुख्यमंत्री के तीन मंजिला आवास के बाहर चौड़ी गली है। आमतौर पर सुनसान रहने वाली सोसायटी की गली में सुबह छह बजे से लोगों की आवाजाही शुरू हो जाती है। सोसायटी के लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो, इसके लिए रेलिंग व बैरिकेड लगाकर विशेष कोरिडोर बनाया गया है।

> बेटे का नर्सरी कक्षा में एडमिशन कराना चाहती हूं, उनके पास ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट भी है, लेकिन आसपास के प्राइवेट स्कूल में बच्चे को एडमिशन नहीं मिल रहा है। इसी को लेकर सीएम से अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें यथासंभव मदद का भरोसा दिया है।
> -अंजलि, द्वारका मोड़, भगवती गार्डन

> मेरी भाभी रोशन खातून का एम्स में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने ब्रेन सर्जरी के लिए कहा है, लेकिन एम्स में आइसीयू में बिस्तर नहीं मिल रहा है। इस कारण सर्जरी में विलंब हो रहा है। सीएम से गुहार लगाई है। उन्होंने मेरी बात गंभीरता से सुनी और मदद का आश्वासन दिया है।
> -मोहम्मद खलील, पीतमपुरा, बीपी-ब्लाक

गली की दीवार से सटाकर रेलिंग लगाई गई हैं। गली में ही मेटल डिटेक्टर गेट लगाए गए हैं। एक ओर से मुख्यमंत्री के आने का रास्ता है और दूसरी तरफ से लोग आते हैं। कोरिडोर के बीच में खड़े होकर मुख्यमंत्री लोगों से परिवाद सुनती हैं। इस कोरिडोर को इस तरह बनाया गया है कि सोसायटी के लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो।

**बैनर लगाकर गुलदस्ते-उपहार न लाने का आग्रह:** बधाई व शुभकामना देने वालों के लिए सीएम की ओर से विशेष अनुरोध भी किया गया है। सीएम की तरफ बैनर पर लिखे संदेश में आग्रह किया गया है कि कोई भी व्यक्ति गुलदस्ते और उपहार न लाए। बैनर पर लिखा है कि हमें आपके आशीर्वाद की जरूरत है, फल-मिठाई, गुलदस्ता व उपहार न लेकर आएं।

# जनता की खुशहाली के लिए काम करेगी सरकार : गुप्ता

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह होली विशेष है। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और बिना भेदभाव के सभी की सेवा के संकल्प के साथ काम होगा। संगठन के साथ मिलकर डबल इंजन की सरकार आम जनता की खुशहाली के लिए काम करेगी।

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 27 वर्ष बाद पार्टी के रंग उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं मंत्री सम्मिलित हुए हैं। हमें आज संकल्प लेना है कि जिस तरह होली के रंग सबको हर्षित करते हैं, उसी तरह भाजपा के कार्यकर्ताओं के माध्यम से दिल्ली के नागरिकों के जीवन में हर प्रकार की सुविधाओं के रंग भरने हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सहित अन्य नेताओं ने भी मुख्यमंत्री, मंत्रियों व भाजपा कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा, अरुण सिंह, दुष्यंत गौतम, अनिल बलूनी, डा. अल्का गुर्जर, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा व आशीष सूद, सांसद अनुराग ठाकुर, कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चांदोलिया, प्रवीन खंडेलवाल व निशिकांत दुबे, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. हर्षवर्धन एवं विजय गोयल सहित भाजपा विधायक व नेता उपस्थित थे।

## कमला नगर मार्केट को सुंदर और बेहतर बनाएंगे : मुख्यमंत्री

**जासं, बाहरी दिल्ली:** कमला नगर मार्केट में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कमला नगर मार्केट को सुंदर और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने अपने कालेज के समय कमला नगर मार्केट में बिताये पलों को भी याद किया और कहा कि भेलपुरी, सोढ़ा लैमन का स्वाद याद है। यहां हर दुकान का अपना इतिहास व रुतबा है। सोमवार की रात कमला नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित वार्षिक होली मंगल मिलन समारोह में मुख्यमंत्री शामिल हुईं। कमला नगर मार्केट के व्यापारियों के बीच होली मनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कमला नगर मार्केट पूरी दिल्ली के दिल में जगह बना चुकी है। यूनिवर्सिटी में पढ़ाई और राजनीति के दौरान मार्केट में खूब जाना-जाना रहा, एक-एक दुकान को जानती हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्केट का नया स्वरूप निकले। सुंदर और बेहतर कमला नगर मार्केट के लिए काम करेंगे। उन्होंने व्यापारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक अशोक गोयल एवं पार्षद मीनू गोयल, रेनू अग्रवाल, योगेश वर्मा, विकेश सेठी आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर अस्पताल में सफाई न मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री नाराज



अंबेडकर अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों से बात करते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ● सौ. दिल्ली सरकार

- पंकज कुमार सिंह बोले, दवा व डाक्टरों की कमी की जाएगी दूर
- 15-20 दिनों में अस्पताल में नजर आएंगे बड़े बदलाव

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह मंगलवार दोपहर बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री अस्पताल की साफ-सफाई को लेकर नाखुशी जाहिर की और कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की कमी है। कुछ और भी कमियां हैं, इन्हें जल्द ठीक किया जाएगा। दवाओं की कमी व सुविधाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि आने वाले 15-20 दिनों में अस्पताल में बड़े बदलाव नजर आएंगे। मंत्री ने कहा, मरीजों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा।

मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह रोहिणी के अंबेडकर अस्पताल पहुंचे। यहां आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया, इसके बाद वार्ड में भी गए और मरीजों बात की। इस दौरान साफ-सफाई को लेकर मिली शिकायतों पर स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी नाराजगी जताई। मंत्री ने चिकित्सकों से भी बात की और उनकी समस्याओं को भी जाना। स्वास्थ्य मंत्री लगभग 30 मिनट अस्पताल में रहे। बाद में उन्होंने मीडिया के लोगों से बात की और कहा कि लापरवाही और स्वच्छता (सेनिटेशन) दो बड़े मसले सामने आए हैं।

उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट में स्पष्ट है कि 10 हजार बिस्तर मिलने चाहिए थे, लेकिन मिले केवल 1300। वे आरोप-प्रत्यारोप के बजाय काम करने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों की सुविधा के लिए आपातकालीन सेवाओं, दवाई से संबंधित और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की कोई कमी नहीं रहेगी।

# आमजन की समस्या और कार्यकर्ताओं के सुझाव को गंभीरता से लेगी भाजपा सरकार

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली की सत्ता में आने के बाद अब भाजपा के सामने संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने की चुनौती है। इसके लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक कर 100 दिनों की कार्य योजना तैयार की है। भाजपा के पदाधिकारी भी चुनाव संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए मंत्रियों के साथ चर्चा कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य मंत्रियों के साथ बैठक की।

- भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सीएम और मंत्रियों के साथ की बैठक
- चुनाव संकल्प पत्र में किए गए वादों को लेकर की चर्चा, कहा- सभी वादे पूरे किए जाएंगे

भाजपा नेताओं का कहना है कि संकल्प पत्र में किए वादों पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने दिल्लीवासियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संगठन व सरकार के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता बताई। मंत्रियों को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करने और कार्यकर्ताओं से मिले सुझाव को गंभीरता से लेने को कहा गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। भाजपा सरकार के पहले बजट में इसे लेकर फंड की व्यवस्था की जाएगी। महिला समृद्धि योजना लागू करने को दिल्ली सरकार की मंजूरी मिल गई है। इसकी रूपरेखा तय करने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति गठित कर दी गई है। बजट में यमुना व दिल्ली की हवा को साफ करने, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने, पेयजल उपलब्ध कराने सहित अन्य समस्या हल करने को कदम उठाए जाएंगे।

## महिलाओं को कब मिलेगा मुफ्त गैस सिलिंडर : आप

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने भाजपा की दिल्ली सरकार पर होली पर महिलाओं को मुफ्त गैस सिलिंडर अभी तक न देने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व आप नेता आतिशी ने महिला नेताओं के साथ प्रेस वार्ता कर पूछा कि होली के तीन दिन शेष हैं, महिलाओं को मुफ्त गैस सिलिंडर कब मिलेगा।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली की महिलाओं ने भाजपा के वादों पर भरोसा किया और चुनाव में वोट देकर सरकार बनवाई, लेकिन भाजपा सिर्फ घोषणाएं कर रही है, काम नहीं कर रही है। दिल्ली की महिलाएं भाजपा से पूछना चाहती हैं कि क्या 14 मार्च को होली के दिन दिल्ली की सारी महिलाओं को मुफ्त सिलिंडर मिलने वाला है।

# एनडीएमसी अफसरों से वर्मा बोले, काम करके दिखाना होगा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव हराकर दिल्ली में कैबिनेट मंत्री बने प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के पद व गोपनीयता की शपथ ले ली। सांसद बांसुरी स्वराज ने वर्मा के साथ ही दिल्ली कैंट से विधायक वीरेंद्र कादियान को शपथ दिलाई। शपथ लेते ही वर्मा ने अरविंद केजरीवाल के स्थान पर बैठक की अध्यक्षता की।

सूत्रों के अनुसार, वर्मा ने बैठक में शपथ लेने के बाद कहा कि वह चुनाव इसलिए जीते हैं, क्योंकि कोई काम नहीं हुआ था। मैं जीत गया और दूसरा हार गया, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा, सभी को काम करके देना होगा वरना परिणाम भुगतने होंगे। कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उनके संज्ञान में आई, तो उस इलाके के इंजीनियर व अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।



दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा को एनडीएमसी सदस्य की शपथ दिलातीं सांसद बांसुरी स्वराज, साथ मौजूद एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ● सौः एनडीएमसी

प्रवेश वर्मा ने पहली बैठक में एनडीएमसी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने पूरे एनडीएमसी इलाके को 100% सीसीटीवी से युक्त करने का निर्देश दिया। एनडीएमसी की सभी 34 झुग्गी बस्तियों में नौ हजार नए पानी के कनेक्शन और 47 हजार लोगों की सुविधा देने का कार्य पांच से छह माह में हो जाएगा। उन्होंने एनडीएमसी की जलापूर्ति व्यवस्था गर्मियों सुचारु रखने के निर्देश दिए। केजरीवाल ने 2024 में जब सीएम पद से इस्तीफा दिया था तो

### एनडीएमसी में केजरीवाल की जगह प्रवेश वर्मा ने ली, सांसद स्वराज ने दिलाई प्रवेश वर्मा और वीरेंद्र कादियान को पद की शपथ

नए सिरे से गठित हुई एनडीएमसी की काउंसिल की उन्होंने शपथ नहीं ली थी। अब चूंकि प्रवेश वर्मा नई दिल्ली से विधायक बन गए हैं, तो उन्होंने इस नाते एनडीएमसी सदस्य की शपथ ली।

चुनाव से पहले प्रवेश वर्मा ने वादा किया था कि वह चुनाव जीतते हैं, तो एनडीएमसी की काउंसिल की पहली ही बैठक में तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदलकर महर्षि बाल्मीकी करने का प्रस्ताव पारित करेंगे, हालांकि मंगलवार को हुई काउंसिल की बैठक में इस तरह का कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ।

# वाहनों की बढ़ती संख्या, उड़ती धूल और धुआं राजधानी के प्रदूषण की जड़

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली :** स्विस कंपनी आइक्यूएयर की रिपोर्ट ने एक बार फिर दिल्ली को विश्व की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी करार दिया है। यह रिपोर्ट अभी तक किए गए प्रयासों की कलई तो खोलती ही है, यह भी बताती है कि बेहतर पर्यावरण आज भी दिल्ली की बुनियादी जरूरत है। तय मानकों के अनुरूप हवा में पीएम 2.5 का स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर व पीएम 10 का स्तर 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। एक्यूआइ भी 50 से नीचे होना चाहिए, लेकिन दिल्ली में ऐसी हवा अभी भी स्वप्न सरीखी है। साल भर में एक दो दिन ही ऐसी हवा मिल पाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि वाहनों की बढ़ती संख्या, उड़ती धूल और धुआं दिल्ली के प्रदूषण की मुख्य जड़ है।

आइआइटी कानपुर के प्रो. सच्चिदानंद त्रिपाठी का कहना है कि एनसीआर का प्रदूषण इंटरलिंक्ड है, लेकिन रोकथाम के उपायों में एकरूपता नहीं है। दिल्ली में थर्मल पावर स्टेशन बंद किए गए, जबकि एनसीआर में अभी भी चल रहे हैं। राजधानी में सार्वजनिक परिवहन में डीजल को सीएनजी में बदल दिया गया है, जबकि एनसीआर में डीजल वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं। दिल्ली में 24 घंटे बिजली आपूर्ति से डीजी सेट चलाने की नौबत ही नहीं आती, जबकि एनसीआर में बिना डीजी सेटके रोजमर्रा के कामकाज भी बाधित हो जाते हैं।

एनवायरो कैटलिट्स के संस्थापक एवं मुख्य विश्लेषक सुनील दहिया का कहना है कि सर्दी आने और गैस चैंबर बनने की स्थिति में ही दिल्ली में तमाम कदम उठाए जाते हैं। मार्च में हालात बदलने पर ग्रेप तक हट जाता है। सब निश्चिंत हो जाते हैं। यह सोचा ही नहीं जाता कि अगली सर्दियों को बेहतर बनाने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। सेंटर फार साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) की प्रोजेक्ट मैनेजर (क्लीन एयर) शाम्भवी शुक्ला कहती हैं कि दिल्ली के प्रदूषण के लगभग 12-13 स्रोतों में से शीर्ष योगदानकर्ता वाहन, उद्योग, निर्माण कार्य, अपशिष्ट जलाना एवं आवासीय ठोस ईंधन हैं। सड़क की धूल भी महत्वपूर्ण स्रोत बनी हुई है।



रोहतक रोड पर राजधानी पार्क क्षेत्र में उड़ती धूल ● जागरण आर्काइव



शाम्भवी शुक्ला



प्रो एसएन त्रिपाठी



सुनील दहिया ●

- आइक्यूएयर की रिपोर्ट में दिल्ली फिर विश्व की सबसे अधिक प्रदूषित राजधानी

### प्रदूषण नियंत्रण में पूर्ववर्ती आप सरकार की विफलता के कारण

- ठोस और कारगर उपाय करने के बजाय चर्चा में आने वाले कदम उठाए गए। अपेक्षित परिणाम नहीं निकले।
- विभिन्न विभागों में आपसी सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाना।
- बैठकों में लिए गए निर्णय जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो पाना।
- सख्ती और निरीक्षण में भेदभाव अपनाना। जुर्माना भी केवल केंद्र सरकार की परियोजनाओं पर लगाना, दिल्ली सरकार की परियोजनाओं पर नहीं।
- सच को दरकिनार आरोप प्रत्यारोप की राजनीति में ही उलझे रहना।

### दिल्ली की हवा खराब, एक्यूआइ रहा 262

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली की हवा फिर बिगड़ गई। एक्यूआइ 262 यानी खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। एक दिन पहले सोमवार को यह 197 रहा था। यानी 24 घंटे में इसमें 65 अंकों का इजाफा देखने को मिला। एनसीआर के शहरों में भी यह मध्यम से खराब श्रेणी में ही दर्ज किया गया। गुरुग्राम का एक्यूआइ 255, गाजियाबाद का 345, ग्रेटर नोएडा का 226, फरीदाबाद का 107 और नोएडा का 184 रिकार्ड किया गया। हाल फिलहाल इसमें अधिक वृद्धि के कोई आसार नहीं हैं। मध्यम से खराब श्रेणी के बीच ही बना रहेगा।

# 'होर्डिंग मामले में शिकायतकर्ता से सुबूत जुटाने की उम्मीद अनुचित'

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** होर्डिंग लगाकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने कहा कि बैनर-बोर्ड टांगना या होर्डिंग लगाना संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम-2007 की धारा-तीन के तहत संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के समान है। ऐसे में शिकायतकर्ता से जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सुबूत जुटाने की उम्मीद करना अनुचित होगा और केवल दिल्ली पुलिस ही पूरी जांच कर सकती है।

शिकायतकर्ता शिव कुमार सक्सेना ने 15 नवंबर 2019 को द्वारका साउथ थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया कि द्वारका में आम जनता को शुभकामना संदेश देने के लिए बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स अवैध रूप से लगाई गई हैं। इनमें से ही एक होर्डिंग में लिखा गया कि दिल्ली सरकार जल्द ही करतारपुर साहिब में दर्शन के लिए पंजीकरण शुरू करेगी। इस होर्डिंग पर अरविंद केजरीवाल और विधायक गुलाब सिंह की तस्वीरें और नाम भी था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पुलिस ने जब कोई कार्रवाई नहीं की तब उसने अदालत में याचिका दाखिल की।

अदालत में सुनवाई के दौरान एसएचओ ने वर्ष 2022 में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करके कहा था कि मौके पर कोई होर्डिंग नहीं है और इस पर संज्ञेय अपराध नहीं बनता है। दक्षिण पश्चिम द्वारका कोर्ट ने 15 सितंबर 2022 को कहते हुए आवेदन रद कर दिया था कि मामले में किसी जांच की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट में दायर पुनरीक्षण याचिका पर इसी साल जनवरी में अदालत ने उक्त आदेश को रद करके मामले को इसे दोबारा ट्रायल कोर्ट के पास भेज दिया था।

विज्ञापन परिशिष्ट

# The Pride of Delhi NCR

## 78 वर्षों की विश्वसनीयता और उत्कृष्टता का प्रतीक "लोटस" और "हंस" स्टेशनरी


पीयूष जैन (मैनेजिंग पार्टनर)

1947 में स्वर्गीय श्री नेम चंद जैन द्वारा कॉपी और रजिस्टर के निर्माण से शुरू किया गया यह छोटा सा व्यवसाय आज, 78 वर्षों के गौरवशाली इतिहार के साथ, गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुका है। दशकों के इस सफर में, कंपनी ने स्कूल स्टेशनरी के निर्माण से अपनी पहचान बनाई और अब यह स्कूलों और कार्यालयों के लिए लगभग हर प्रकार की कागज़ी स्टेशनरी का निर्माण करती है। लोटस और हंस जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड तीन से अधिक पीढ़ियों से उपभोक्ताओं के भरोसे और प्रशंसा का प्रतीक बने हुए हैं। उत्तरी भारत में अपनी तरह की यह अग्रणी कंपनी उन गिने–चुने संगठित खिलाड़ियों में से एक है, जो स्कूलों, कॉलेजों और व्यवसायिक संगठनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्टेशनरी का निर्माण कर रही है। कंपनी न केवल स्टेशनरी और जनरल दुकानों को सेवाएं देती है, बल्कि स्कूलों और कॉर्पोरेट संगठनों की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार कस्टमाईज़्ड स्टेशनरी भी तैयार करती है। 500 से अधिक उत्पाद, अत्याधुनिक तकनीक से उत्पादन ISO 9001:2008 प्रमाणित यह कंपनी 500 से अधिक कागज़ी स्टेशनरी उत्पादों का निर्माण करती है, जिसमें रजिस्टर नोटबुक, एक्सक्लूसिव ड्रॉइंग बुक, सेल्फ एडहेसिव लेबल, गमिंग शीट्स, स्पाइरल और वायर–ओ नोटबुक, कैनवास बोर्ड, फोटो ग्लॉसी पेपर और अन्य नवीन उत्पाद शामिल हैं। गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखते हुए कंपनी बेहरीन कागज़, डिज़ाइन और बाइंडिंग वाले उत्पाद तैयार करती है। सोहन लाल नेम चंद जैन उन चुनिंदा कंपनियों में से एक है, जिसके पास अत्याधुनिक स्वचालित मशीनें हैं, जो असाधारण गुणवत्ता सुनिश्चित करती हैं। इसके अलावा, कंपनी बाजार की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार नए और समकालीन डिज़ाइनों के साथ उत्पाद पेश करती है। मजबूत वितरण नेटवर्क और ऑनलाइन उपस्थिति अपने उत्पादों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी का एक मजबूत वितरण नेटवर्क पूरी भारत मे कार्यरत है। ग्राहक इसकी आधिकारिक वेबसाइट www.lotusstationary.in पर जाकर उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 78 वर्षों के अनुभव और नवाचार के साथ, यह कंपनी ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए लगातार नए मानक स्थापित कर रही है।

## Ratan Broom - श्री भगवत शर्मा के नेतृत्व में सफाई उद्योग का अग्रणी नाम

साल 2010 में श्री भगवत शर्मा की दूरदर्शिता और अथक मेहनत से स्थापित Ratan Brooms प्रोडक्ट्स आज सफाई उद्योग में एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। शुरूआत में सीमित संसाधनो के साथ इस सफर की शुरूआत हुई थी, लेकिन श्री भगवत शर्मा की लगन, परिश्रम और गुणवत्ता पर ध्यान देने की सोच ने कंपनी को नई ऊंचाईयों तक पहुंचा दिया। आज Ratan Brooms घास झाड़ू, नारियल झाड़ू और नॉन–डस्ट के निर्माण और होलसेलिंग में एक प्रतिष्ठित ब्रांड बन गया है हमारे झाड़ू हल्के टिकाऊ और बेहतरीन सफाई क्षमता के कारण पूरे भारत में लोकप्रिय हैं। श्री भगवत शर्मा के नेतृत्व में, कंपनी ने न केवल अपने उत्पादों में गुणवत्ता बनाए रखी, बल्कि ग्राहकों को किफायती और पर्यावरण के अनुकुल सफाई समाधान भी उपलब्ध कराए। उनकी मेहनत और संकल्प का ही नतीजा है कि आज Ratan Broom ने सफाई उत्पादों के बाजार में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके विज़न और समर्पण के चलते, कंपनी प्रगति कर रही है और ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए सफलता की नई इबारत लिख रही है।

## गर्मियों में ठंडी हवा का सबसे किफायती और भरोसेमंद समाधान


निर्देश अग्रवाल (डायरेक्टर)

चिलचिलाती गर्मी में ठंडी और ताजा हवा की जरूरत हर किसी को होती है, और Novamax Air Cooler इसका सबसे बेहतरीन समाधान है। इसकी उन्नत वाष्पीकरण तकनीक प्राकृतिक तरीके से हवा को ठंडा करती है, जिससे कम बिजली खपत के साथ बेहतर ठंडक मिलती है। शक्तिशाली पंखे, बड़ी पानी की टंकी, उर्जा दक्षता, शांत संचालन और टिकाऊ व स्टाइलिश डिजाइन इसे घर, ऑफिस और व्यावसायिक स्थानों के लिए परफेक्ट बनाते हैं। डेज़र्ट, पर्सनल और कॉमर्शियल कूलर की बड़ी रेंज में से अपनी जरूरत के हिसाब से सही विकल्प चुनें। बड़े कमरे, स्टडी रूम, दुकान, रेस्टोरेंट या बैंक्वेट हॉल, हर जगह के लिए Novamax Air Cooler उपलब्ध है। डेज़र्ट कूलर बड़े और अधिक गर्मी वाले स्थानों के लिए, पर्सनल कूलर छोटे कमरों और ऑफिस के लिए, जबकि कॉमर्शियल कूलर बड़े व्यवसायिक स्थानों के लिए डिजाइन किया गया है। अब एसी पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत नहीं, Novamax कम लागत में बेहतरीन ठंडक देता है। इसकी ऊर्जा दक्षता, लंबे समय तक चलने वाली कूलिंग और कम शोर में बेहतर परफॉर्मेंस इसे बाजार में सबसे खास बनाते हैं। आज ही खरीदें और इस गर्मी को आसान बनाएं।

## भारत: स्वादों की विरासत


पुनीत मिधा (सेल्स हेड)

भारत विविध संस्कृतियों की एक खूबसूरत तस्वीर है, जहां हर क्षेत्र की अपनी अनोखी पाक परंपराएं है। उत्तर भारत के खट्टे–मीठे आम पन्ने से लेकर पश्चिम के ताजगी भरे नींबू पानी तक, और दक्षिण के मसालेदार मसाला सोडा तक ये पेय सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि यादें, कहानियां और हमारी विरासत से गहरा जुड़ाव है। लेकिन आधुनिक जीवन की तेज़ रफ्तार में ये परंपारिक स्वाद आम जीवन से धीरे–धीरे दूर होते जा रहे थे। यहीं से हमारे ब्रांड "बनारसी जीरा" की शुरूआत हुई। पारंपरिक भारतीय स्वादों को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में फिर से शामिल करने के इस सफर में श्री पुनीत मिधा, हमारे सेल्स हेड वितरण नेटवर्क का नेतृत्व कर रहे हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों बाज़ारों पर रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए, वे ब्रांड के विस्तार को नई ऊंचाईयों तक ले जा रहे हैं। भारत के विविध उपभोक्ताओं को समझते हुए, बनारसी जीरा बड़े महानगरों से लेकर छोटे शहरों और गांवों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। गुणवत्ता, प्रमाणिकता और एक सशक्त वितरण नेटवर्क की प्रतिबद्धता के साथ, बनारसी जीरा एक प्रसिद्ध नाम बनने की ओर अग्रसर है। जैसे–जैसे ब्रांड आगे बढ़ रहा है, यह उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए नए उत्पादों को पेश करने की योजना बना रहा है, लेकिन अपनी पारंपरिक जड़ों से जुड़े रहते हुए। बनारसी जीरा सिर्फ एक पेय नहीं बल्कि हर घुंट में भारतीय स्वादों का एक समृद्ध अनुभव है।















********

# सोसायटी के मैनहोल में गिरकर साढ़े तीन साल के बच्चे की मौत

## घर के बाहर खेलने गया था मासूम, खुला था चैंबर का मैनहोल

जागरण संवाददाता, खेड़ी: शहर के गढ़ी बोलनी रोड स्थित हाइप्रोफाइल सोसायटी बीएमजी एलीगेंट में एक साढ़े तीन साल के मासूम बच्चे की गटर में गिरकर मौत हो गई। उसकी जान बचाने के लिए स्वजन दो निजी अस्पतालों में भी लेकर पहुंचे। मगर उसे बचाया नहीं जा सका। माडल टाउन थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर के जोलीगढ़ के रहने वाले उस्मान अपने परिवार के साथ बीएमजी एलीगेंट सोसायटी में रहते हैं। उस्मान एल्युमिनियम का काम करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे उनका तीन साल चार महीने का बेटा अदनान सोसायटी में ही खेल रहा था। इसी दौरान वह गटर के खुले मैनहोल में गिर गया। 25 मिनट की मशक्कत के बाद अदनान को बाहर निकालकर तुरंत शहर के प्राइवेट अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हाइप्रोफाइल कही जाने वाली सोसायटी में इस तरह के दर्दनाक हादसे का आखिर जिम्मेदार कौन है बड़ा सवाल है। क्योंकि सीवर के मैनहोल पर ढक्कन ही नहीं लगा था। सोसायटी में बिछी सीवर लाइन की जिम्मेदारी सोसायटी की ही होती है। ऐसे में प्रथम दृष्टया लापरवाही भी इन्हीं की दिखाई दे रही है।



पिता उस्मान की गोद में नन्हा अदनान ● फाइल फोटो



बीएमजी एलिगेंट सिटी में इसी खुले मैनहोल में गिरने से हुई बच्चे की मौत ●

> बच्चे की मौत गटर में गिरने से हुई है। सीवर पर ढक्कन नहीं लगा हुआ था। स्वजन के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बयान के आधार पर जो भी जिम्मेदार मिलेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। - विद्या सागर, प्रभारी, माडल टाउन थाना।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की संगठनों संग बैठक

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी कार्यालय में अग्रिम संगठन युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल और एनएसयूआइ के अध्यक्षों, प्रकोष्ठ और विभागों के चेयरमैन की बैठक हुई। भविष्य के लिए संगठनात्मक रणनीति बनाने, संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी के साथ गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों से हताश होने की जरूरत नहीं है।


## गुमशुदा लड़के की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़का (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नाम: निखिल उर्फ गोलू, पुत्र: श्री जयनारायण, निवासी: मकान नंबर सी–10, वाल्मिकी मंदिर के पास, सीलमपुर, दिल्ली, उम्र: 25 साल, कद: 5 फुट 8 इंच, चेहरा: लम्बा, रंग: गोरा, शरीर: सामान्य, पहनावा: हरे रंग की जैकेट, काला पायजामा और चप्पल पहने हुए, दिनांक 01.03.2025 को सुबह 10:00 से सुबह 11:00 बजे के बीच अपने घर के क्षेत्र, थाना अन्तर्गत सीलमपुर, दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में DD No. 48A dated 07.03.2025 थाना सीलमपुर, दिल्ली में दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– सीलमपुर, दिल्ली
फोन: 011-22562989, 8750870721

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

DP/2979/NE/2025



## शिनाख्त



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.03.2025 को थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर में मौजेम जाने वाले रास्ते के किनारे एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है, यदि किसी से सम्बन्धित हो तो सम्पर्क करने का कष्ट करें। हुलिया शव –आँख, कान, नाक औसत, कद करीब 5 फुट, उम्र लगभग 25 वर्ष, रंग गेहुंआ, काले बाल, इकहरा जिस्म, कान में नग वाला टॉप्स, बांये हाथ में अंगूठे से थोड़ा ऊपर स्टार गुदा है एवं शरीर पर रंग बिरंगा छींटदार टॉप व महरूम रंग की पजामी पहने हुए है।

(प्रभारी निरीक्षक) थाना सिकन्द्राबाद
जनपद बुलन्दशहर मो0नं0 9454403171



## भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
## INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (यू.पी.), टेलीफोन: 0120-2527667, 2543011 ई-मेल: [illegible]

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

एनडब्ल्यू–5 और एनडब्ल्यू–64 में जल स्तर निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना, चालू करने और सीएएमसी हेतु निविदा।

"एनडब्ल्यू–5 और एनडब्ल्यू–64 में जल स्तर निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना, चालू करने और सीएएमसी हेतु निविदा" के लिए प्रत्याशित आवेदकों से निम्नलिखित मुख्य तिथियों के अनुसार प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

निविदा डाउनलोड करने की तिथि 12.03.2025 से 01.04.2025 तक है।

ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 01.04.2025 अपराह्न 1600 बजे।

खोलने की तिथि: 02.04.2025 को पूर्वाह्न 1130 बजे।

विस्तृत मानदंड और निविदा भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट अर्थात् www.iwai.nic.in और https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियंता (एनईआर और ओएनडब्ल्यूएस)



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपयों में | बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | दादरी निर्वाचन क्षेत्र, जिला चरखी दादरी में गांव समसपुर से भागवी तक संपर्क सड़क का निर्माण (आईडी-11467) | CLOSING DATE 17.03.2025 | 90.10 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01664242782 eebhiwani2025.hsamb@gmail.com |

PRDH-13/2025/40/32731/I/67/7 — आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | अंबाला कैंट में आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक में ''अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय फूड चेन से फूड कोर्ट चलाने हेतु जगह को पट्टे पर देना'' हेतु ई-निविदा सूचना। | 13.03.2025 15.04.2025 | EMD 100000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-5046246 directorshaheedsamarak@gmail.com |
| 2 | सिविल सर्जन, कैथल | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल में डिलीवरी मामलों को जेएसएसके डाइट। | 11.03.2025 19.03.2025 | EMD 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ एवं म, पलवल | जिला पलवल में गांव छैंसा में जीवीडी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ XXIX के अंतर्गत) (जीएसटी रहित) +1 कार्य। | CLOSING DATE 17.03.2025 | 49.70 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |

PRDH-11/2025/60/32733/I/67/7 — आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


# निर्माणाधीन गोदाम की दीवार गिरी, मलबे में दबने से बच्चे की मौत, मां घायल

- गाजियाबाद के इंदिरापुरम में हादसा, दुकान पर सामान लेने जा रहे थे मां-बेटे
- चार इंच की दीवार पर नहीं था पिलर, दीवार से लगाकर रखी थीं टाइल्स-पत्थर

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद: इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के कनावनी में मंगलवार की शाम करीब छह बजे निर्माणाधीन गोदाम की दीवार सड़क की ओर गिर गई। दुकान पर सामान लेने जा रहे मां और बेटे मलबे के नीचे दबकर घायल हो गए। लोगों ने घायलों को वसुंधरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मां का उपचार चल रहा है। अभी पुलिस को मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है।



विशाल

पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से संभल जिले के राजेश यादव दिल्ली में कैब चालक हैं। वह इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के कनावनी में पत्नी मोना और आठ साल के बेटे विशाल के साथ किराये के मकान में रहते हैं। मंगलवार को वह काम पर गए थे। उनकी पत्नी मोना और बेटा विशाल शाम करीब छह बजे घर के पास में दुकान से सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह रास्ते में हरिओम ग्रेनाइट नाम से टाइल्स के गोदाम के पास पहुंचे। तभी अचानक आठ फीट ऊंची चार इंच की दीवार उनके ऊपर गिर गई। मां और बेटे मलबे में दब गए।

मलबे में आसपास खड़ी ई-स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि करीब 200 गज जमीन पर गोदाम का निर्माण तीन दिनों से चल रहा था। जिस तरफ सड़क थी, उस तरफ की दीवार पर कोई पिलर नहीं था। उसी तरफ गोदाम में टाइल्स और पत्थर रखे हुए थे। जिसका भार दीवार नहीं सह सकी और भरभराकर गिर गई। पुलिस ने दिल्ली के रहने वाले गोदाम मालिक को भी जांच के लिए बुलाया है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एनआईटी | 01, 02, 03, 04 - 2025-26- डब्ल्यू-4 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) : 01. एडीईएन/आरओके के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीजीजेड खंड में बहादुरगढ़ में एलएचएस और रेलवे क्वार्टरों की विसंगतियां। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| 02. DEN-IV के अंतर्गत ADEN/ROK अनुभाग में सेवा भवन में जलरोधी छत उपचार और छत प्रतिस्थापन। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| 03. ए.डी.ई.एन./आर.ओ.के. अनुभाग में प्रीकास्ट ड्रेन आदि के निर्माण के माध्यम से यार्ड जल निकासी में सुधार। कार्य की समान प्रकृति: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| 04. एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के समानांतर पुराने रेलवे ट्रैक को हटाने के साथ-साथ आरओके–पीएनपी सेक्शन पर एलसी नंबर 1–बी के स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण और ड्यूटी हट का स्थानांतरण, आरओके–पीएनपी सेक्शन पर एलसी नंबर 1–बी के स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण और ड्यूटी हट का स्थानांतरण, कार्य की समान प्रकृति: भवन/क्वार्टर का निर्माण | |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 01. रुपये 7000076.21; 02. रुपये 16976060.86; 03. रुपये 38999777.37; 04. रुपये 6532319.14 |
| अग्रिम राशि (रुपये) : (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट– रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2016/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2018 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) | 01. रुपये 140000.00; 02. रुपये 249900.00; 03. रुपये 350000.00; 04. रुपये 130700.00 |
| काम की समाप्ति अवधि | 01. 06 महीने; 02. 09 महीने; 03. 09 महीने; 04. 06 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 04.04.2025 को 15:00 बजे तक तथा 04.04.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

सं. 126-W/260/OET/2025-26/W-IV/NIT-01, 02, 03, 04 दिनांक: 11.03.2025 772/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय: नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद-गाजियाबाद।

पत्रांक: 3108/न0पा0प0मु0/2024-25 — सार्वजनिक सूचना — दिनांक: 10 मार्च 2025

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा अधिसूचना सं0-912/नौ-9-2024-85ज/05टी0सी0-01 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को अंतिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगा।

उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद् मुरादनगर की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखंडों पर सम्पत्ति कर आरोपण हेतु वार्ड की अवस्थिति, भवन की प्रकृति, मार्ग की चौड़ाई जिस पर सम्पत्ति स्थित है, के कवर्ड एरिया की प्रति वर्ग फीट किराये की न्यूनतम मासिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियों के कर निर्धारण के निमित्त वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु कक्ष कर भवन के कारपेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत इकाई क्षेत्रफल (वर्गफीट) या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए प्रति इकाई न्यूनतम मासिक किराया क्षेत्रफल, न्यूनतम मासिक किराया दर को जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु दिनांक 21 जनवरी, 2025 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण एवं अमर उजाला में प्रकाशित किया गया। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करने उपरान्त उक्त नियमावली के नियम- 6(1) के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद की भौगोलिक सीमाओं में स्थित प्रत्येक भवन समूह के लिए फर्शी क्षेत्रफल (कारपेट एरिया) की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) हेतु या प्रत्येक भूमि समूह के लिए क्षेत्रफल की इकाई क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) हेतु निर्धारित श्रेणीवार मोहल्लों की सूची व श्रेणीवार न्यूनतम मासिक किराये की दरों की अन्तिम सूची निम्नवत है–

### वार्डों के मोहल्लों की श्रेणीवार सूची

| श्रेणी | मोहल्लों के नाम |
|---|---|
| ए | बस स्टैण्ड दक्षिण, पड़ाव बस स्टेशन, राधेश्याम विहार फेस-5, राधेश्याम विहार फेस-1, राधेश्याम विहार फेस-4, संजय कॉलोनी, अग्रसैन मार्किट (विवेकानन्द रोड), डागर विहार फेस-1, फ्रेण्ड्स कॉलोनी, विजय मण्डी, शिवम विहार फेस-1, सुभाष मण्डी, किसान गुड मण्डी, कृष्णा कॉलोनी (सरना मुरादनगर), गांधी कॉलोनी, मलिक नगर, प्रीत विहार, मास्टर कॉलोनी, राधेश्याम विहार फेस-3, आदर्शनगर/आदर्श कॉलोनी, गुलशन कॉलोनी, गंगा विहार कॉलोनी, न्यू डिफेंस कॉलोनी (मौहम्मदपुर धेदा), बस्ती सक्काल / रावली रोड, ब्रज विहार कॉलोनी, सन्तोष विहार फेस-1, डिफेंस कॉलोनी (उखलारसी), राधेश्याम विहार फेस-2. |
| बी | गुड मंडी पुरानी, डागर विहार फेस-2, पाईप लाईन, वन्दना एन्क्लेव, शिव एन्क्लेव, शिवम विहार फेस-2, शंकर विहार, सन्तोष सिटी, सरस्वती विहार, सिद्धार्थ एन्क्लेव, कप्तान एन्क्लेव फेस-3, अटल कॉलोनी, मौ0 धोबियान रावली रोड उत्तर, संगम विहार, कप्तान एन्क्लेव, जवाहर मण्डी, कप्तान एन्क्लेव फेस-4, कप्तान एन्क्लेव फेस-1, कप्तान एन्क्लेव फेस-2, असालतनगर (ख0सं0-22, 24, 41, 42, 43, 44, 46), अमन गार्डन, उखलारसी, कोली बस्ती/अग्रसेन विहार फेस-2, चर्च कॉलोनी, जीतपुर, डिफेंस एन्क्लेव, न्यू हाईडिल कॉलोनी, न्यू हॉस्पिटल कॉलोनी, पुरानी विद्युत कॉलोनी, विकास क्षेत्र कॉलोनी, ममता टैक्सटाईल्स खड़ंजा, मौ0 टावर वाला, मौ0 बाल्मिकान रावली रोड, मौ0 खटीकान बस्ती रावली रोड, रेलवे कॉलोनी, शोभाराम एन्क्लेव / सौभाग्य एन्क्लेव, सन्तोष विहार फेस-2, राधेश्याम एक्सटेंशन फेस-2, कस्तूरी ग्रीन सिटी, श्रीश्याम वाटिका फेस 1, कृष्णा एन्क्लेव फेस-3, प्रिंस कॉलोनी, डागर विहार-3, अर्जुन विहार / वायु सेना विहार, एकता कॉलोनी, त्रिमुर्ति विहार, कान्हा कॉलोनी। |
| सी | एवन कॉलोनी, नूरगंज, भारत नगर, मौ0 कटरा, मौ0 कुम्हारान, मौ0 कोट, मौ0 गजबाखाना, मौ0 गली लुहार, मौ0 झील बस्ती, मौ0 तेलियान, मौ0 दरगाह बस्ती, मौ0 फकीरान, मौ0 बड़ा मन्दिर, मौ0 बड़ा मन्दिर खटीकान, मौ0 बड़ी मस्जिद मुगलियान, मौ0 बाल्मिकान, मौ0 ब्रहमनान, मौ0 महाजनान, मौ0 सी ब्यापारियान, रिंग रोड/सितारा मस्जिद, सहविस्वा, शीतलपुरी / दरगाह, सराय पुख्ता काली गली, असालतनगर, आर्यनगर, इन्द्रपुरी सत्यलोक आश्रम, ईदगाह बस्ती, कच्ची सराय, गली सक्खान, गार्डन एन्क्लेव, गोकुल धाम, नवीन मण्डी, ब्रह्मपुरी, मूढ शीतलपुरी, मौहम्मदपुर धेदा, मौ0 चौपाल वाला जाटव/पठानान, मौ0 पठानान, मौ0 सराय मनिहारान, मौ0 गडरियान, मौ0 जाटव, सरना मुरादनगर, जलालपुर रघुनाथपुर, वायुसेना / अर्जुन नगर। |

नोटः-उक्त वर्णित मोहल्लों के अतिरिक्त कोई नया मोहल्ला या छूटा हुआ मोहल्ला उसके पास में स्थित मोहल्ले में सम्मिलित माना जायेगा।

### मासिक किराया मूल्य की दर (रू0 प्रति वर्ग फुट में)

| श्रेणी | 24 मीटर से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 12 मीटर से 24 मीटर तक चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 09 मीटर से 12 मीटर तक चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 09 मीटर से कम चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
केन्द्रीय विद्यालय संगठन खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु आवश्यक संसाधनों/सुविधाओं को बाह्य स्रोतों (आउट सोर्सिंग) के माध्यम से प्राप्त करने के लिए निविदा आमंत्रण दिनांक 11.03.2025, 1.00 बजे तक मांगी गई थी। प्रशासनिक कारणों से निविदा दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.03.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक बढ़ा दी गई है। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण के.वि.स. क्षेत्रीय कार्यालय आगरा की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदाएँ दिनांक 25.03.2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे खोली जायेंगी।

उपायुक्त



## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी आयुः लगभग 65-66 वर्ष, रंगः सांवला, कदः 5'8", पहचान का निशानः ऊँ का टैटू दायें हाथ की हथेली के पीछे पर और आईएसडब्ल्यू का टैटू हाथ पर गुदा हुआ, जिसने स्लेटी व हरे रंग की चैकदार कमीज और नीले रंग की पैंट पहनी थी, जो दुकान नं. 1422 के सामने, मैन रोड, चांदनी चौक, कोतवाली, दिल्ली में 14.31 बजे मिला। इस संदर्भ में डीडी नं. 47ए, दिनांक 08.03.2025 को थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना कोतवाली, दिल्ली
फोनः 011-23921740, 8750870121
9716994252

DP/3041/N/2025



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत

डीडी नं.28 दिनांक 08.03.2025 धारा 194 बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत

### गुमशुदा की पहचान



पुरुष मृतक की पहचान
नाम- नाम पता नामालूम
पिता/पति का नाम- नाम पता नामालूम
उम्र- करीब 35 से 40 वर्ष
कद- करीब 5 फुट 7 इंच
हुलिया- रंग सांवला, लंबूतरा चेहरा, पतला शरीर, गले में काले रंग का डोरा पहने हुए।
पहनावाः- काले रंग की शर्ट व नीले रंग की जीन्स पहने हुए है। भूरे रंग का अंडरवियर जिस पर COLFOL लिखा हुआ है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2025 को कुंडली नजदीक निफ्टम चौक पर नामालूम व्यक्ति की लाश मिली है। जिसका पोस्टमार्टम कराकर शिनाख्त हेतु सरकारी हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में रखा हुआ है। अगर मृतक के बारे में कोई सूचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नंबरों पर सूचित करें।

प्रबंधक थाना मो.नं.- 7419410537
अनुसंधानकर्ता मो.नं.-8708847072
कन्ट्रोल रूम सोनीपत - 0130-2222903, 100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत

PRDH-1084/11/3183/2025/32729/67/7



## U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
PARICHHA THERMAL POWER PROJECT
PARICHHA JHANSI

### E- TENDER NOTICE

1. E-Tender- N-PAR///CMD2/6000007628_00 "Leakage Repair work of underground structure (conveyor belt area) of wagon tippler 2x110 MW PTPP Parichha." Estimated Cost Rs. 34,52,200.00 EMD Rs. 70,000.00 e-bid Submission dt.: **08.04.2025 up to 12:00 PM.**
2. E-Tender- N-PAR///CMD2/6000007463_00 "MR of water supply and other allied works in power house PTPP Parichha." Estimated Cost Rs. 27,09,925.00 EMD Rs. 54,500.00 e-bid Submission dt.: 08.04.2025 up to 12:00 PM.
3. E-Tender- S-PAR/C/MMC2/PD01/6000007658 "Supply of compressors for package AC of UPS room and DM plant for CAMD, 2x250 MW, PTPP, Parichha." Estimated Cost Rs. 1,04,315.00 EMD Rs. 1,100.00 e-bid Submission dt.: **31.03.2025 up to 04:00 PM.**
4. E-Tender- ET06/CMD4/PTPP/2024-25 "Construction of drain near TD-48 to Block No.-26 type-II Behind block no.-52 to 55 type-II and Behind block no-26 to 29 type-II in colony sector-II area at PTPP Parichha." Estimated Cost Rs. 27,16,666.00 EMD Rs. 55,000.00 e-bid Submission dt.: 03.04.2025 up to 12:00 PM.
5. E-Tender- N-PAR/C/OMC2/BMD2/6000007711_00 "Major overhauling of 05 nos. Bowl Mill, RC Feeder of XRP-903 other associate work of Unit No. 6 CTPS of 2x250 MW PTPP., Parichha, Jhansi. During capital overhauling of unit 6." Estimated Cost Rs. 16,49,592.00 EMD Rs. 25,000.00 e-bid Submission dt.: 28.03.2025 up to 12:00 PM.
6. E-Tender- N-PAR/C/OMC2/BMD2/6000007712_00 "Round the clock Contingency work of feeding auxiliaries of Milling circuit for handling of sticky wet coal during rainy season in unit no. 5 and 6 of 2x250 MW PTPP Parichha." Estimated Cost Rs. 4,00,950.00 EMD Rs. 7,000.00 e-bid Submission dt.: **28.03.2025 up to 12:00 PM.**
7. E-Tender- N-PAR/C/OMC2/BMD1/6000007737 "Breaking of old/ damaged refractory, casting of refractory on water wall screen tube area, LTSH header, SCW header, Burner Top Bottom Bends and all peep holes, manholes of boiler during Capital OH of U 6, 2x250 MW." Estimated Cost Rs. 6,65,537.00 EMD Rs. 8,000.00 e-bid Submission dt.: **02.04.2025 up to 01:00 PM.**
8. E-Tender- N-PAR/C/MMC2/PD01/6000007687 "Supply of CS Lye." Estimated Cost Rs. 32,58,000.00 EMD Rs. 33,000.00 e-bid Submission dt.: 07.04.2025 up to 04:00 PM.
9. E-Tender- N-PAR/B/MMC1/PD01/6000007562 "Supply of Misc. Switchgear Materials in PTPP, Parichha, Jhansi (UP)." Estimated Cost Rs. 3,88,250.00 EMD Rs. 6,000.00 e-bid Submission dt.: 31.03.2025 up to 09:00 AM.
10. E-Tender- N-PAR/B/MMC1/PD01/6000007566 "Supply of interconnecting copper strip for 950 Ah AMCO SAFT Ni-Cd battery bank in PTPP, Parichha Jhansi (UP)." Estimated Cost Rs. 3,96,000.00 EMD Rs. 6,000.00 e-bid Submission dt.: **29.03.2025 up to 09:00 AM.**

NOTE:- Total Quality of work, tender specification and other terms & conditions is as per tender document available on the e-tender portal our website www.etender.up.nic.in & uprvunl.org. Bidders are advised to visit the website regularly for updated information from time to time.

सं0 66/टीएसक्वी-प्रा/पीटीपीपी/    दिनांक : 11.03.2025

"Save Electricity for Nation"

# जीएसटी उपायुक्त की आत्महत्या मामले की होगी विभागीय जांच

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** नोएडा में 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उपायुक्त संजय सिंह के मामले की विभागीय जांच होगी। राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल ने इस मामले में गाजियाबाद के विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। सिंह की तैनाती सुप्रीम कोर्ट में विभागीय मामलों की पैरवी के लिए बने विंग में थी। घटना के विरोध में मंगलवार को विभागीय अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया और अपर आयुक्तों को फूल देकर अपने गुस्से का इजहार गांधीगीरी के माध्यम से किया।

आयुक्त ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि गाजियाबाद में तैनात ग्रेड-एक आफिसर से पूरे मामले की जांचकर रिपोर्ट मांगी गई है। पिछले सप्ताह चार मार्च को संजय को वहां के खंड दो का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था।

उत्तर प्रदेश राज्य कर अधिकारी सेवा संघ के आह्वान पर मंगलवार को सभी जोनों में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जोनल अपर आयुक्तों को गुलाब का फूल भेंट कर अधिकारियों ने कहा कि 'सच बोलने में उनकी सूख जाने वाली जीभ और स्याही हमारे 1000 साथियों के निलंबन प्रस्ताव पर तीव्र गति से चली, वह कमाल है।'

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

टावर एफ, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर,
नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029

**रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-02/2025- प्रशासन एवं कार्मिक**

**विषय:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सहायक के पद को भरने के संबंध में आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि का विस्तार।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने मुख्यालय, नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है–

| पद का नाम | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन |
|---|---|
| सहायक | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अन्तर्गत वेतन लेवल–6, रूपये 35400–112400 (पूर्व संशोधित वेतन बैंड–2, रूपये 9300–34800+ ग्रेड वेतन रूपये 4200) |

2. ऑनलाईन आवेदन–पत्र करने की अन्तिम तिथि को 28 मार्च, 2025 तक बढ़ाया गया है।
3. अन्य विवरण भादूविप्रा की वेबसाईट www.trai.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

CBC- 06202/12/0095/2425

## सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.03.2025 की सुबह 11 बजे राजकीय मध्य विद्यालय प्रांगन में मछली पालन के लिए आठ वर्षों के लिए स्कूल वाली जोहड़, सहीराम तालाब, सोत वाला तालाब की नीलामी की जानी है। इच्छुक कथित बोली में भाग लेकर लाभ ले सकते है। जमानत राशी 50,000/– होगी। शर्ते मौके पर सुनायी जाएगी।

ग्राम सचिव — सरपंच
परसुराम — महेश कुमार
ग्राम पंचायत मर्रौली — ग्राम पंचायत मर्रौली

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन पलवल के अधीन बस स्टैण्ड पलवल/हथीन/होडल/हसनपुर बस अड्डों पर दुकानों/बूथों व साईकिल स्टैण्ड तथा स्कूटर/ मोटरसाईकिल एवं कार पार्किंग पलवल व ए.टी.एम. बूथ की नीलामी 01.04.2025 से 31.03.2028 (03 वर्ष) के लिये दिनांक 19.03.2025 को प्रातः 11.00 बजे बस स्टैण्ड पलवल पर होनी निश्चित हुई है। नीलामी की शर्तों का विस्तृत ब्यौरा रू 500 में दिनांक 12.03.2025 से 18.03.2025 तक महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन पलवल के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। नीलामी मे दुकानो को लेने के इच्छुक सज्जन समय पर पहुंच कर बोली में भाग ले सकते है। -Sd-

महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन पलवल

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

उप. मु. सं. एवंदू. अभि. नि./सी.डब्लू., नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फार्म एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया फुल फिल करते है, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के रोजा – सीतापुर दोहरीकरण के सम्बन्ध में रोजा जंक्शन स्टेशन (चरण–III) पर नेथा के ईआई में संशोधन का प्रावधान। | | | | | |
| पूरा होने की अवधि | 06 महीना (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथी से) | कार्य की अनुमानित लागत | ₹114 लाख (अनुमानित) | धरोहर राशि | ₹2,07,000/- (रूपए दो लाख सात हजार केवल) (केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) | |
| निविदा खुलने की तारीख एवं समय | निविदा कर्ता केवल ई– निविदा में भाग ले सकते है। निविदा दिनांक 07.04.2025 को 11:30 बजे तक IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर अपलोड करे। निविदा दिनांक 07.04.2025 को 11:30 बजे के बाद खोला जाएगा | | | | | |
| स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है। | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज–IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.03.2025 से 11:30 बजे दिनांक 07.04.2025 तक IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा, दिनांक 13.03.2025 से 07.04.2025 को 11:30 बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये निविदा डालने से पहले, निविदा कर्ता जो उपरोक्त वेब साइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी.सी.ए.III डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। | | | | | |

संख्या: 178-सिग/सी.डब्लू./32/112 दिनांक: 11.03.2025 784/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## Office of the Executive Officer, Nagar Palika Parishad, Loni

Address :-Khanna Nagar, Loni, Ghaziabad

### e-Procurement Notice
### अल्पकालीन ई-निविदा

Letter No.-1920/N.P.P.Loni/E-Tender /2024-25 Dated:-10-03-2025

नगर पालिक परिषद्, लोनी, गाजियाबाद में "राज्य वित्त आयोग" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण/विकास कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली के अंतर्गत अनुभवी ठेकेदारो/फर्मो से उनकी तकनीकी एवं वितीय बिड (**Technical And Financial Bid**) आधारित ई–निविदाए दिनांक 17.03.2025 को सायं : 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17.03.2025 को सायं 05.30 बजे खोली जायेगी। निविदा का विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** से प्राप्त किये जा सकते है। ई– निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी, निविदा की सूचना नगर पालिका परिषद्, लोनी, गाजियाबाद की वेबसाईट **www.npploni.in** पर भी देखी जा सकती है।

ई–निविदा समय सारणी (**www.etender.up.nic.in** पर)

**Tender Reference**

| | |
|---|---|
| Public and Time for Ref. | 11/03/2025 at 10:00 AM |
| Last Date time for Submission of Tender | 17/03/2025 till 05:00 PM |
| Date and time for Opening of E-Tender | 17/03/2025 at 05:30 PM |

(कृष्णकान्त मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, लोनी, गाजियाबाद

(रंजीता धामा)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, लोनी,गाजियाबाद

## नॉर्थ ईस्ट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(पावरग्रिड, ओटीपीसी और एनईआर राज्यों के एक संयुक्त उद्यम)

### निविदा संशोधन नोटिस

निविदा संदर्भ संख्या: NETC/Ghy/OTE/O&M-Work/2024-25/038, दिनांक 31.01.2025, मूल रूप से 31.01.2025 को प्रकाशित।
यह सूचित किया जाता है कि 400 केवी सिलचर–बिरनीहाट डी/सी ट्रांसमिशन लाइन–214 किमी (पीकेजी–ए) और 400 केवी बिरनीहाट–बोंगाईगांव डी/सी ट्रांसमिशन लाइन–201.8 किमी (पीकेजी–बी) के ओएंडएम के लिए उपरोक्त निविदा में संशोधन किया गया है। संशोधित निविदा दस्तावेज, संशोधनों को शामिल करते हुए, अब हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.netcindia.in पर उपलब्ध है।
इसके अतिरिक्त, बोली खोलने की तिथि को संशोधित कर 25.03.2025 कर दिया गया है। सभी इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस परिवर्तन पर ध्यान दें और तदनुसार अपनी बोलियाँ प्रस्तुत करें।

## Office of the Executive Officer, Nagar Palika Parishad, Loni

Address :-Khanna Nagar, Loni, Ghaziabad

### e-Procurement Notice
### अति अल्पकालीन ई-निविदा

Letter No.-1919/N.P.P.Loni/E-Tender /2024-25 Dated:-10-03-2025

नगर पालिका परिषद्, लोनी, गाजियाबाद मे "राज्य वित्त आयोग" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण/विकास कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली के अंतर्गत अनुभवी ठेकेदारो/फर्मो से उनकी तकनीकी एवं वितीय बिड (**Technical And Financial Bid**) आधारित ई–निविदाएं दिनांक 17 मार्च 2025 को सायं : 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17 मार्च 2025 को सायं 05.30 बजे खोली जायेगी। निविदा का विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** से प्राप्त किये जा सकते है। ई– निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी, निविदा की सूचना नगर पालिका परिषद्, लोनी, गाजियाबाद की वेबसाईट **www.npploni.in** पर भी देखी जा सकती है।

ई–निविदा समय सारणी (**www.etender.up.nic.in** पर)

**Tender Reference**

| | |
|---|---|
| Public and Time for Ref. | 11/03/2025 at 10:00 AM |
| Last Date time for Submission of Tender | 17/03/2025 till 05:00 PM |
| Date and time for Opening of E-Tender | 17/03/2025 at 05:30 PM |

(कृष्णकान्त मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, लोनी, गाजियाबाद

(रंजीता धामा)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, लोनी,गाजियाबाद

## ऋण वसूली अधिकरण-I, दिल्ली

चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
टीए 182/2022
डीसीबी बैंक लिमिटेड
बनाम
प्रति राहुल जितेन्द्र और अन्य

(1) राहुल जितेन्द्र और अन्य,
हाउस नंबर 1262पी, सेक्टर 14, फरीदाबाद, हरियाणा– 122002
इसके अलावा
प्लॉट नंबर 123 और 125 डीएलएफ इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज– I, फरीदाबाद हरियाणा 121002
(2) [illegible] मेटल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
प्लॉट नंबर 123 और 125 डीएलएफ इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज– I, फरीदाबाद हरियाणा 121002
इसके अलावा
प्लॉट नंबर 123 और 125 डीएलएफ इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज– I, फरीदाबाद हरियाणा 121002
इसके अलावा
माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली से संबद्ध आधिकारिक परिसमापक के माध्यम से लोक नायक भवन, खान मार्केट
3) [illegible] मारवाह
नंबर 123 और 125 डीएलएफ औद्योगिक एस्टेट फेज–1, फरीदाबाद हरियाणा 121002
इसके अलावा
हाउस नंबर 1262–पी, सेक्टर–14, फरीदाबाद, हरियाणा–122002
4) जितेन्द्र पाल मारवाह
प्लॉट नंबर 123 और 125 डीएलएफ इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज–1, फरीदाबाद हरियाणा 121002

चूंकि उपर्युक्त आवेदक ने आपके विरुद्ध 4,39,40,262.42 रुपये (चार करोड़ उनतालीस लाख चालीस हजार दो सौ बासठ रुपये और बयालीस पैसे मात्र) की वसूली के लिए मामला दायर किया है और चूंकि न्यायाधिकरण की संतुष्टि के लिए यह दर्शाया गया है कि आपको सामान्य तरीके से नोटिस भेजना संभव नहीं है। इसलिए, यह नोटिस विज्ञापन द्वारा दिया जा रहा है, जिसमें आपको 24–04–2025 को सुबह 10:30 बजे IST पर एलडी रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है (अधिक जानकारी के लिए कृपया डीआरटी की वेबसाइट www.[illegible].gov.in फोन नंबर 011–23748473 पर जाएं)। कृपया ध्यान दें कि यदि आप उपर्युक्त दिन इस ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होने में विफल रहते हैं, तो मामले की सुनवाई एवं निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी और इस उद्देश्य के लिए
I) सभी अधिवक्ता/वादी "सिस्को वेबएक्स" एप्लिकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे
II) रजिस्ट्रार/रिकवरी अधिकारी– I/और रिकवरी अधिकारी– II द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु "मीटिंग आईडी" और "पासवर्ड" डीआरटी आधिकारिक पोर्टल यानी "https://drt.gov.in" पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के तहत अगली तिथि से एक दिन पहले उपलब्ध होंगे।
III) किसी भी आपात स्थिति में, अधिवक्ता/वादीगण संबंधित अधिकारी से फोन नं. 011–23748473 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक 12 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायाधिकरण की मुहर से दिया गया।
मामले की पूछताछ के लिए प्रतिवादी नीचे दिए गए फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं:
एस.ओ. रजिस्ट्रार, डीआरटी–I, नई दिल्ली .
फोन नं.: 011–23748473

एसडी/–
इस अधिकरण के आदेश से

# कार्यालय कलेक्टर/अपर जिलाधिकारी (भू.अ.), गाजियाबाद

प्रपत्र-18
[नियम-20 का उपनियम -(2)]
समुचित सरकार/कलेक्टर द्वारा प्रारम्भिक अधिसूचना
(अधिनियम की धारा–11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत)
उत्तर प्रदेश सरकार
(आवास एवं शहरी नियोजन विभाग)
अधिसूचना संख्या : 194/आठ-अ०जि०अ० (भू०अ०) / इन्टीग्रेटिड टाउनशिप / गाजियाबाद
दिनांक : 07 मार्च, 2025

1. भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 की धारा–11 की उपधारा (1) के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार/कलेक्टर (समुचित सरकार के उद्देश्य हेतु) राय है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद के माध्यम से इन्टीग्रेटिड टाउनशिप योजना अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद, तहसील गाजियाबाद, परगना डासना के ग्राम महरौली में कुल 2.86844 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है।
2. राज्य सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन किया गया है तथा समुचित सरकार को अपनी अनुशंसा प्रस्तुत की गई है जिसे समुचित सरकार द्वारा दिनाक 23.03.2024 को अनुमोदित किया गया है।
3. सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश इस प्रकार है:-
i- अर्जित भूमि का प्रतिकर भूमि अर्जन अधिनियम, 2013 के प्राविधानों के अन्तर्गत निर्धारित किया जायेगा।
ii- विषयगत भूमि अर्जन में कुल 23 खसरा नम्बरान की कुल 2.86844 हैक्टेयर निजी भूमि का अर्जन किया जाना है।
iii- अर्जनाधीन भूमि पर स्थित वृक्षों के कटान की स्थिति में अर्जन निकाय द्वारा तीन गुना वृक्षों का रोपण किया जायेगा।
iv- अर्जनाधीन भूमि से प्रभावित संरचनाओं का सक्षम प्राविधिक विभाग से मूल्यांकन कराते हुए कार्यवाही की जायेगी।
v- अर्जनाधीन भूमि से लगभग 280 भू-स्वामी प्रभावित हैं।
vi- अर्जनाधीन भूमि पर कोई जन सम्पत्ति/संसाधन प्रभावित नहीं है।
vii- अधिनियम की व्यवस्थान्तर्गत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम तैयार कराते हुए कार्यवाही की जायेगी।
4. भूमि अर्जन के कारण किसी परिवार के विस्थापित होने की सम्भावना नहीं है। उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या–414/एक–13–2014–7(क)(8)/2014 लखनऊ, दिनांक 6 अगस्त, 2014 के द्वारा सम्बन्धित तहसील के यथा स्थिति सहायक कलेक्टर या उप कलेक्टर को उनकी अपनी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर "पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक" नियुक्त किया गया है। पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के उद्देश्य से परियोजना से प्रभावित पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजना बनाये जाने हेतु उप जिलाधिकारी–सदर, गाजियाबाद को उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के उद्देश्य से प्रशासक नियुक्त किया जाता है।
5. अतः राज्यपाल सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को सामान्य सूचना हेतु अधिसूचित करने के लिये सहर्ष सहमति देते हैं :-

| जनपद | तहसील | परगना | ग्राम | भूखण्ड संख्या | अर्जित किये जाने वाला क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| गाजियाबाद | गाजियाबाद | डासना | महरौली | 633मि० | 0.1350 |
| | | | | 635 | 0.2020 |
| | | | | 636 | 0.2020 |
| | | | | 637मि० | 0.1209 |
| | | | | 638 | 0.1110 |
| | | | | 677 मि० | 0.1684 |
| | | | | 678मि० | 0.1265 |
| | | | | 679 | 0.3478 |
| | | | | 680 | 0.2150 |
| | | | | 681 मि० | 0.042376 |
| | | | | 682 मि० | 0.039276 |
| | | | | 686 | 0.1640 |
| | | | | 687 | 0.3160 |
| | | | | 688 | 0.3160 |
| | | | | 689 मि० | 0.0620 |
| | | | | 690मि० | 0.0630 |
| | | | | 691मि० | 0.0050 |
| | | | | 728मि० | 0.0010 |
| | | | | 729 | 0.0380 |
| | | | | 730 मि० | 0.0800 |
| | | | | 731मि० | 0.0344 |
| | | | | 733 मि० | 0.044188 |
| | | | | 734 मि० | 0.0346 |
| | | | | योग | 2.86844 |

6. अधिनियम की धारा–12 के अन्तर्गत निर्दिष्ट एवं प्राविधानित भूमि अधिग्रहण के प्रयोजन हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए तथा भूमि का सर्वेक्षण, किसी भूमि के लिये समतलीकरण, खुदाई करने तथा कार्य के समुचित क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक क्रियायें करने के लिये राज्यपाल कलेक्टर प्राधिकृत करने हेतु निदेश देते हैं।
7. अधिनियम की धारा–15 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जिसका हित भूमि में निहित हो अधिसूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर अपने क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के विरुद्ध लिखित रूप से कलेक्टर को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
8. अधिनियम की धारा–11 (4) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन तिथि से भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण होने तक कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रारम्भिक अधिसूचना मे निर्दिष्ट भूमि का संव्यवहार यथा विक्रय/क्रय या उस भूमि मे कोई भार उत्पन्न नहीं कर सकता है।

टिप्पणी :- उक्त भूमि का स्थल नक्शा कलेक्टर गाजियाबाद के कार्यालय में देखा जा सकता है।

आज्ञा से
(दीपक मीणा)
समुचित सरकार/कलेक्टर गाजियाबाद

FORM -18
[Sub-rule (2) of Rule 20]
**Preliminary Notification by Appropriate Government/Collector**
**[Under Sub-Section (1) of Section 11 of the Act]**
**GOVERENMENT OF UTTAR PRADESH**
**(HOUSING AND URBAN PLANNING DEPARTMENT)**
**Notification Number-**
**194 /8-ADM/LA/Integrated Township/Ghaziabad.**
**Date: 07 March, 2025**
**NOTIFICATION**

Under sub-section (1) of Section 11 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Rehabilitation and Resettlement Act, 2013. Whereas the Government of Uttar Pradesh/Collector (for the purpose of Appropriate Government) is satisfied that a total of 2.86844 hectares of land is required in the Village Mehrauli, Pargana Dasna, Tehsil Ghaziabad, District Ghaziabad, is required for public purpose, namely Integrated Township sanction by Ghaziabad Development Authority, Ghaziabad.
2- Social Impact Assessment study was carried out by the State Social Impact Assessment agency and submits its recommendations to the Appropriate Government which has approved its recommendation on dated 23.03.2024.
3- The summary of the Social Impact Assessment Report as follows:
i- The compensation will be determine as per the provisions of " The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013.
ii- Total 23 gata's and Total 2.86844 hectare land is proposed for acquisition.
iii- If trees are felled by acquiring body the 03 trees for 1 felled tree should be planted by acquiring body.
iv- The valuation of prevailing construction should be done by competent technical department.
v- About 280 persons are affected by land in question.
vi- There is no public property /resources are affected by land in question. Rehabilitation and Resettlement scheme will be prepared as per RFCTLARR Act 2013
4- No families are likely to be displaced due to the land acquisition. As per U.P.G.O No.414/Ek-13-2014-7(k)(8)/2014 Lucknow dated 06-08-2014, Deputy Collector or Assistant Collector of the concerned tehsil has been appointed as administrator for the purpose of Rehabilitation and Resettlement within their jurisdiction. For the purpose of finding out the beneficiaries under the Rehabilitation and Resettlement scheme Sub Divisional Magistrate Sadar, Ghaziabad has been appointed as Administrator for the purpose of Rehabilitation and Resettlement within their jurisdiction.
5- Therefore, the Governor is pleased to notify for general information that the land mentioned in the Schedule below is needed for public purpose.

**:SCHEDULE:**

| District | Tehsil | Pargana | Village | Plot No. | Area to be Acquired (in Hectares) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Ghaziabad | Ghaziabad | Dasana | Mehrauli | 633M | 0.1350 |
| | | | | 635 | 0.2020 |
| | | | | 636 | 0.2020 |
| | | | | 637 M | 0.1209 |
| | | | | 638 | 0.1110 |
| | | | | 677M | 0.1684 |
| | | | | 678 M | 0.1265 |
| | | | | 679 | 0.3478 |
| | | | | 680 | 0.2150 |
| | | | | 681 M | 0.042376 |
| | | | | 682 M | 0.039276 |
| | | | | 686 | 0.1640 |
| | | | | 687 | 0.3160 |
| | | | | 688 | 0.3160 |
| | | | | 689 M | 0.0620 |
| | | | | 690 M | 0.0630 |
| | | | | 691 M | 0.0050 |
| | | | | 728 M | 0.0010 |
| | | | | 729 | 0.0380 |
| | | | | 730 M | 0.0800 |
| | | | | 731 M | 0.0344 |
| | | | | 733 M | 0.044188 |
| | | | | 734 M | 0.0346 |
| | | | | Total | 2.86844 |

6- The Governor is also pleased to authorize the Collector for the purpose of land acquisition to take necessary steps to enter upon and survey of land, take level of any land, dig or soil into the sub-oil and do all the acts required for the proper execution of work as provided and specified under Section 12 of the Act.
7- Under Section 15 of the Act, any person interested in the land may within 60 days after the publication of this notification, make an objection to the acquisition of land in the locality in writing to the Collector.
8- Under Section 11 (4) of the Act, no person shall make any transaction of land i.e. sale/purchase, specified in the preliminary notification or create any encumbrances on such land from the date of publication of such notification till such time as the proceedings of land acquisition is completed, without prior approval of the Collector.
**Note:-** A plan of land may be inspected in the office of the Collector Ghaziabad for the purpose of acquisition.

By order
(DEEPAK MEENA)
Appropriate Government/Collector, Ghaziabad

# कार्यालय कलेक्टर/अपर जिलाधिकारी (भू.अ.), गाजियाबाद

प्रपत्र-18
[नियम-20 का उपनियम -(2)]
समुचित सरकार/कलेक्टर द्वारा प्रारम्भिक अधिसूचना
(अधिनियम की धारा–11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत)
उत्तर प्रदेश सरकार
(आवास एवं शहरी नियोजन विभाग)
अधिसूचना संख्या : 195/आठ-अ०जि०अ० (भू०अ०) / इन्टीग्रेटिड टाउनशिप / गाजियाबाद
दिनांक : 07 मार्च, 2025

1. भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 की धारा–11 की उपधारा (1) के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार/कलेक्टर (समुचित सरकार के उद्देश्य हेतु) राय है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद के माध्यम से इन्टीग्रेटिड टाउनशिप योजना अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद, तहसील गाजियाबाद, परगना डासना के ग्राम शाहपुर बम्हेटा में कुल 9.755022 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है।
2. राज्य सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन किया गया है तथा समुचित सरकार को अपनी अनुशंसा प्रस्तुत की गई है जिसे समुचित सरकार द्वारा दिनाक 23.03.2024 को अनुमोदित किया गया है।
3. सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश इस प्रकार है:-
i- अर्जित भूमि का प्रतिकर भूमि अर्जन अधिनियम, 2013 के प्राविधानों के अन्तर्गत निर्धारित किया जायेगा।
ii- विषयगत भूमि अर्जन में कुल 41 खसरा नम्बरान की कुल 9.755022 हेक्टेयर निजी भूमि का अर्जन किया जाना है।
iii- अर्जनाधीन भूमि पर स्थित वृक्षों के कटान की स्थिति में अर्जन निकाय द्वारा तीन गुना वृक्षों का रोपण किया जायेगा।
iv- अर्जनाधीन भूमि से प्रभावित संरचनाओं का सक्षम प्राविधिक विभाग से मूल्यांकन कराते हुए कार्यवाही की जायेगी।
v- अर्जनाधीन भूमि से लगभग 192 भू-स्वामी प्रभावित हैं।
vi अर्जनाधीन भूमि पर कोई जन सम्पत्ति/संसाधन प्रभावित नहीं है।
vii- अधिनियम की व्यवस्थान्तर्गत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम तैयार कराते हुए कार्यवाही की जायेगी।
4. भूमि अर्जन के कारण किसी परिवार के विस्थापित होने की सम्भावना नहीं है। उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या–414/एक–13–2014–7(क)(8)/2014 लखनऊ, दिनांक 6 अगस्त, 2014 के द्वारा सम्बन्धित तहसील के यथा स्थिति सहायक कलेक्टर या उप कलेक्टर को उनकी अपनी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर "पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक" नियुक्त किया गया है। पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के उद्देश्य से परियोजना से प्रभावित पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजना बनाये जाने हेतु उप जिलाधिकारी–सदर, गाजियाबाद को उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के उद्देश्य से प्रशासक नियुक्त किया जाता है।
5. अतः राज्यपाल सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को सामान्य सूचना हेतु अधिसूचित करने के लिये सहर्ष सहमति देते हैं :-

| जनपद | तहसील | परगना | ग्राम | भूखण्ड संख्या | अर्जित किये जाने वाला क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| गाजियाबाद | गाजियाबाद | डासना | शाहपुर बम्हेटा | 1494मि० | 0.0400 |
| | | | | 1495 मि० | 0.0630 |
| | | | | 1508 मि० | 0.4448 |
| | | | | 1541 | 0.5310 |
| | | | | 1543 | 0.4930 |
| | | | | 1544 | 0.5060 |
| | | | | 1547 मि० | 0.1850 |
| | | | | 1548 मि० | 0.5650 |
| | | | | 1549 | 0.4170 |
| | | | | 1550 | 0.4170 |
| | | | | 1551मि० | 0.7688 |
| | | | | 1552मि० | 0.1201 |
| | | | | 1558 | 0.5310 |
| | | | | 1559मि० | 0.3160 |
| | | | | 1560 मि० | 0.0090 |
| | | | | 1561 मि० | 0.2150 |
| | | | | 1562 | 0.1640 |
| | | | | 1571मि० | 0.2328 |
| | | | | 1576मि० | 0.0040 |
| | | | | 1577मि० | 0.1216 |
| | | | | 1583 मि० | 0.1313 |
| | | | | 1590 मि० | 0.3707 |
| | | | | 1595मि० | 0.1224 |
| | | | | 1596 मि० | 0.1560 |
| | | | | 1598 मि० | 0.064072 |
| | | | | 1602मि० | 0.0112 |
| | | | | 1625मि० | 0.1336 |
| | | | | 1626 | 0.5190 |
| | | | | 1633 मि० | 0.1136 |
| | | | | 1639 मि० | 0.1350 |
| | | | | 1652मि० | 0.0920 |
| | | | | 1653 मि० | 0.0107 |
| | | | | 1659 मि० | 0.1014 |
| | | | | 1660 मि० | 0.18355 |
| | | | | 1663 मि० | 0.1411 |
| | | | | 1664 मि० | 0.1581 |
| | | | | 1668 | 0.4680 |
| | | | | 1669 | 0.5440 |
| | | | | 1670मि० | 0.0089 |
| | | | | 1671मि० | 0.0712 |
| | | | | 1675मि० | 0.0751 |
| | | | | योग | 9.755022 |

6. अधिनियम की धारा–12 के अन्तर्गत निर्दिष्ट एवं प्राविधानित भूमि अधिग्रहण के प्रयोजन हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए तथा भूमि का सर्वेक्षण, किसी भूमि के लिये समतलीकरण, खुदाई करने तथा कार्य के समुचित क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक क्रियायें करने के लिये राज्यपाल कलेक्टर प्राधिकृत करने हेतु निदेश देते हैं।
7. अधिनियम की धारा–15 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जिसका हित भूमि में निहित हो अधिसूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर अपने क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के विरुद्ध लिखित रूप से कलेक्टर को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
8. अधिनियम की धारा–11 (4) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन तिथि से भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण होने तक कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रारम्भिक अधिसूचना मे निर्दिष्ट भूमि का संव्यवहार यथा विक्रय/क्रय या उस भूमि मे कोई भार उत्पन्न नहीं कर सकता है।

टिप्पणी :- उक्त भूमि का स्थल नक्शा कलेक्टर गाजियाबाद के कार्यालय में देखा जा सकता है।

आज्ञा से
(दीपक मीणा)
समुचित सरकार/कलेक्टर गाजियाबाद

FORM -18
[Sub-rule (2) of Rule 20]
**Preliminary Notification by Appropriate Government/Collector**
**[Under Sub-Section (1) of Section 11 of the Act]**
**GOVERENMENT OF UTTAR PRADESH**
**(HOUSING AND URBAN PLANNING DEPARTMENT)**
**Notification Number-**
**195 /8-ADM/LA/Integrated Township/Ghaziabad.**
**Date: 07 March, 2025**
**NOTIFICATION**

Under sub-section (1) of Section 11 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Rehabilitation and Resettlement Act, 2013. Whereas the Government of Uttar Pradesh/Collector (for the purpose of Appropriate Government) is satisfied that a total of 9.755022 hectares of land is required in the Village Shahpur Bamheta, Pargana Dasna, Tehsil Ghaziabad, District Ghaziabad, is required for public purpose, namely Integrated Township sanction by Ghaziabad Development Authority, Ghaziabad.
2- Social Impact Assessment study was carried out by the State Social Impact Assessment agency and submits its recommendations to the Appropriate Government which has approved its recommendation on dated 23.03.2024.
3- The summary of the Social Impact Assessment Report as follows:
i- The compensation will be determine as per the provisions of " The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013.
ii- Total 41 gata's and Total 9.755022 hectare land is proposed for acquisition.
iii- If trees are felled by acquiring body the 03 trees for 1 felled tree should be planted by acquiring body.
iv- The valuation of prevailing construction should be done by competent technical department.
v- About 192 persons are affected by land in question.
vi- There is no public property /resources are affected by land in question. Rehabilitation and Resettlement scheme will be prepared as per RFCTLARR Act 2013
4- No families are likely to be displaced due to the land acquisition. As per U.P.G.O No.414/Ek-13-2014-7(k)(8)/2014 Lucknow dated 06-08-2014, Deputy Collector or Assistant Collector of the concerned tehsil has been appointed as administrator for the purpose of Rehabilitation and Resettlement within their jurisdiction. For the purpose of finding out the beneficiaries under the Rehabilitation and Resettlement scheme Sub Divisional Magistrate Sadar, Ghaziabad has been appointed as Administrator for the purpose of Rehabilitation and Resettlement within their jurisdiction.
5- Therefore, the Governor is pleased to notify for general information that the land mentioned in the Schedule below is needed for public purpose.

**:SCHEDULE:**

| District | Tehsil | Pargana | Village | Plot No. | Area to be Acquired (in Hectares) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Ghaziabad | Ghaziabad | Dasana | Shahpur Bamheta | 1494M | 0.0400 |
| | | | | 1495 M | 0.0630 |
| | | | | 1508 M | 0.4448 |
| | | | | 1541 | 0.5310 |
| | | | | 1543 | 0.4930 |
| | | | | 1544 | 0.5060 |
| | | | | 1547 M | 0.1850 |
| | | | | 1548 M | 0.5650 |
| | | | | 1549 | 0.4170 |
| | | | | 1550 | 0.4170 |
| | | | | 1551 M | 0.7688 |
| | | | | 1552 M | 0.1201 |
| | | | | 1558 | 0.5310 |
| | | | | 1559 M | 0.3160 |
| | | | | 1560 M | 0.0090 |
| | | | | 1561 M | 0.2150 |
| | | | | 1562 | 0.1640 |
| | | | | 1571 M | 0.2328 |
| | | | | 1576 M | 0.0040 |
| | | | | 1577 M | 0.1216 |
| | | | | 1583 M | 0.1313 |
| | | | | 1590 M | 0.3707 |
| | | | | 1595 M | 0.1224 |
| | | | | 1596 M | 0.1560 |
| | | | | 1598 M | 0.064072 |
| | | | | 1602 M | 0.0112 |
| | | | | 1625 M | 0.1336 |
| | | | | 1626 | 0.5190 |
| | | | | 1633 M | 0.1136 |
| | | | | 1639 M | 0.1350 |
| | | | | 1652 M | 0.0920 |
| | | | | 1653 M | 0.0107 |
| | | | | 1659 M | 0.1014 |
| | | | | 1660 M | 0.18355 |
| | | | | 1663 M | 0.1411 |
| | | | | 1664 M | 0.1581 |
| | | | | 1668 | 0.4680 |
| | | | | 1669 | 0.5440 |
| | | | | 1670 M | 0.0089 |
| | | | | 1671 M | 0.0712 |
| | | | | 1675 M | 0.0751 |
| | | | | Total | 9.755022 |

6- The Governor is also pleased to authorize the Collector for the purpose of land acquisition to take necessary steps to enter upon and survey of land, take level of any land, dig or soil into the sub-oil and do all the acts required for the proper execution of work as provided and specified under Section 12 of the Act.
7- Under Section 15 of the Act, any person interested in the land may within 60 days after the publication of this notification, make an objection to the acquisition of land in the locality in writing to the Collector.
8- Under Section 11 (4) of the Act, no person shall make any transaction of land i.e. sale/purchase, specified in the preliminary notification or create any encumbrances on such land from the date of publication of such notification till such time as the proceedings of land acquisition is completed, without prior approval of the Collector.
**Note:-** A plan of land may be inspected in the office of the Collector Ghaziabad for the purpose of acquisition.

By order
(DEEPAK MEENA)
Appropriate Government/Collector, Ghaziabad

********

संपादकीय जागरण
बुधवार, 12 मार्च, 2025: फाल्गुन शुक्ल - 13 वि. 2081
आचरण व्यक्तित्व का प्रतिबिंब होता है

# व्यर्थ का शोर

**मतदाता सूची** में गड़बड़ी और मतदाता पहचान पत्रों के क्रमांक में दोहराव को लेकर संसद में हंगामा जारी है, लेकिन इससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इन मुद्दों पर हंगामा करने के बजाय इस पर गंभीरता के साथ विचार-विमर्श होना चाहिए कि मतदाता सूचियों की कथित गड़बड़ी कैसे रोकी जाए, लेकिन सबसे पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि मतदाता सूचियों में कैसी गड़बड़ी होती है और क्या विपक्षी दलों की ओर से जैसी गड़बड़ी की शिकायत की जा रही है, वैसी वास्तव में हो भी रही है? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि कुछ विपक्षी दल यह साबित करने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र सरकार के दबाव में चुनाव आयोग जानबूझकर त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची बना रहा है, ताकि भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी लाभ मिल सके। मतदाता सूची तैयार करने का काम चुनाव आयोग करता है और इसके लिए वह जिस सरकारी मशीनरी का सहारा लेता है, उस पर राज्य सरकारों का नियंत्रण होता है। यदि विपक्ष यह कहना चाहता है कि गैर भाजपा शासित राज्यों में भी सरकारी मशीनरी चुनाव आयोग के दबाव में गलत मतदाता सूचियां तैयार करती है तो इस पर यकीन नहीं किया जा सकता। मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का सवाल उठाकर विपक्ष लोगों का ध्यान खींचने में इसलिए नाकाम है, क्योंकि एक तो वह कोई पुष्ट प्रमाण सामने नहीं रख पा रहा और दूसरे, यह साबित करने की अतिरिक्त कोशिश कर रहा कि चुनावों में धांधली होती है। वह चुनावों में धांधली का शोर मचाते हुए हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों का तो उल्लेख कर रहा है, लेकिन जम्मू-कश्मीर और झारखंड का जिक्र करने से बच रहा है। क्या वह यह कहना चाहता है कि जहां-जहां उसे पराजय मिलती है, वहीं-वहीं धांधली होती है?

समस्या केवल यह नहीं है कि विपक्षी दल चुनाव आयोग को बदनाम करने में लगे हुए हैं, बल्कि यह भी है कि वे अपने मनगढ़ंत आरोपों के सहारे चुनाव प्रक्रिया को लेकर लोगों के मन में संदेह पैदा करने का काम कर रहे हैं। क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के लिए चुनाव प्रक्रिया को लेकर लोगों के मन में संदेह के बीज बोना लोकतंत्र विरोधी आचरण ही है। यह किसी से छिपा नहीं कि विपक्षी दल जब-तब ईवीएम का विरोध करने के लिए आगे आ जाते हैं और यह जानते हुए भी मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने की मांग करने लगते हैं कि उनसे कितने बड़े पैमाने पर धांधली होती थी। विपक्षी दल मतदाता पहचान पत्रों में एक जैसे नंबर का मामला भी इस तरह उठा रहे हैं जैसे इससे भी चुनावी धांधली होती हो। तथ्य यह है कि ऐसा संभव नहीं, क्योंकि मतदाता पहचान पत्र की क्रमांक संख्या में दोहराव के बावजूद कोई अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही मतदान कर सकता है।

# तय हो जवाबदेही

**दक्षिणी दिल्ली** में एमबी रोड पर सड़क में बने गड्ढे में मोटरसाइकिल का पहिया चले जाने के कारण गिरकर युवक की मौत की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मामला तब और भी गंभीर हो जाता है, जब यह सामने आता है कि पुलिस ने इस घटना में अज्ञात पर केस दर्ज कर इतिश्री कर ली है। हादसा सोमवार तड़के हुआ, जब बाइक सवार को अंधेरे में सड़क पर बना गड्ढा नहीं दिखाई दिया और मोटरसाइकिल का पहिया गड्ढे में जाने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़ा। गिरने से सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

> पुलिस को डीएमआरसी की परियोजना पर कार्य कर रहे संबंधित ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसपर कार्रवाई करनी चाहिए

राजधानी में किसी न किसी क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का निर्माण कार्य चलता रहता है, लेकिन यह निराशाजनक है कि निर्माण कार्य के कारण परियोजना के साथ लगती सड़कों के टूटने के बावजूद उनकी मरम्मत का कार्य नहीं होता। दिल्ली पुलिस को डीएमआरसी की परियोजना पर कार्य कर रहे संबंधित ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसपर कार्रवाई करनी चाहिए। दिल्ली सरकार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी विभाग की परियोजना के निर्माण कार्य के साथ लगती सड़क निर्माण कार्य करा रही संबंधित एजेंसी समय-समय पर बनाती रहे। इससे जहां एक ओर जानलेवा हादसों से बचा जा सकेगा, वहीं टूटी सड़क से उड़ने वाली धूल के कारण होने वाले वायु प्रदूषण को भी सीमित किया जा सकेगा।

## कह के रहेंगे

माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या रोहित शर्मा का वनडे मुकाबलों से रिटायर न होने का फैसला सही है?




### आज का सवाल

क्या मार्क कार्नी के पीएम बनने के बाद कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में सुधार की संभावना दिखती है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# सामूहिक प्रयासों का परिणाम



तरुण गुप्त

**क्रिकेट टीम खेल है, जिसमें व्यक्तिगत उत्कृष्टता गाहे-बगाहे तो सफलता दिला सकती है, मगर निरंतर सफलता के लिए एक मजबूत एवं संतुलित टीम अनिवार्य है**

यह एक मानवीय प्रवृत्ति है कि हम खुशनुमा तस्वीरों को बार-बार देखना चाहते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए मैं यह स्वतंत्रता ले रहा हूं कि प्रसन्नता के उन पलों को पुनः जीवंत करने का प्रयास करूं। इसमें कोई संदेह नहीं कि क्रिकेट एवं सिनेमा मनोरंजन के हमारे सबसे बड़े स्रोत और साधन रहे हैं। समय के साथ मनोरंजन के परिदृश्य पर तमाम माध्यमों के उभार के बावजूद किसी बड़ी क्रिकेट विजय की संभवतः आज भी कोई बराबरी नहीं। चैंपियंस ट्राफी की जीत ने हमें फिर से हर्ष की अनुभूति कराई है। दशकों से हमारी क्रिकेट टीम मजबूत बनी हुई है। अतीत में भी कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां हमारे नाम रही हैं। हर बड़ी सफलता की भांति इस विजय के साथ भी कुछ विशेष पहलू सामने उभरे हैं।

भारत ने विश्व क्रिकेट को अद्वितीय प्रतिभाएं दी हैं। सुनील गावस्कर और कपिल देव से लेकर सचिन तेंदुलकर के उभार तक हमारे पास खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। जहां सर्वकालिक महान बल्लेबाज गावस्कर एवं श्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आलराउंडर कपिल देव समकालीन थे, वहीं तेंदुलकर इतिहास के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी क्रम के अग्रदूत रहे। उनके दौर में भी हमारे लिए गौरव के कई क्षण आए, फिर भी उसमें कहीं न कहीं निरंतरता का अभाव रहा। इसका सबसे तार्किक कारण यही समझा जा सकता है कि क्रिकेट एक टीम खेल है, जिसमें व्यक्तिगत उत्कृष्टता गाहे-बगाहे तो सफलता दिला सकती है, लेकिन निरंतर सफलता के लिए एक मजबूत एवं संतुलित टीम अनिवार्य है।

चैंपियंस ट्राफी इस मामले में अलग दिखती है। यह जीत सामूहिक प्रयासों का परिणाम रही। हमने देखा कि पूरी स्पर्धा के दौरान अलग-अलग खिलाड़ियों ने आगे आकर मोर्चा संभाला और जीत में अपना योगदान दिया। आरंभ से ही टीम ने सही निर्णय लिए। परिस्थितियों को बेहतर तरीके से परखा और अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन मैदान पर उतारा। टीम प्रबंधन को इसका भी श्रेय जाता है कि उसने टेस्ट क्रिकेट में पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और फिर आस्ट्रेलिया में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सफेद गेंद वाले प्रारूप में समयानुकूल ढलने का बढ़िया काम किया। टीम की जीत में वरिष्ठ दिग्गजों से लेकर युवा बल्लेबाजों ने उपयुक्त समय पर अपना योगदान दिया। हमारे बल्लेबाजी क्रम की गहराई और दबाव झेलने की क्षमता ने हमें अलग स्तर पर पहुंचाया। सीमित ओवर क्रिकेट में चार स्पिनरों को खिलाने के लिए बहुत साहस चाहिए। यह सोचकर देखिए तो बहुत विचित्र लग सकता है कि हम शमी के रूप में मात्र एक विशुद्ध तेज गेंदबाज और विशेषज्ञ स्पिनर के रूप में केवल वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव के साथ उतरे, जबकि शेष गेंदबाज असल में आलराउंडर थे, जिन्होंने स्थितियों की मांग के अनुरूप शानदार प्रदर्शन दिखाया। यह एक रणनीतिक गलती भी साबित हो सकती थी, जो अंततः मास्टरस्ट्रोक बन गया। इससे जहां हमारे बल्लेबाजी क्रम को गहराई मिली तो छठे गेंदबाज का विकल्प भी मिल गया।

अवधेश राजपूत

पिछले कुछ वर्षों के दौरान सफेद गेंद वाले प्रारूप में हमारी टीम अद्भुत निरंतरता के साथ प्रदर्शन करने में सफल रही है। पिछले तीन आइसीसी टूर्नामेंट-2023 विश्व कप, 2024 टी-20 विश्व कप और हाल में संपन्न चैंपियंस ट्राफी तक हमने 24 में 23 मैच जीते हैं। एकमात्र हार 2023 के विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली थी। जीत का यह औसत एक विलक्षण उपलब्धि है। पिछले वर्षों में यही एक अफसोस रहा कि प्रबल दावेदार होने के बावजूद हम कोई आइसीसी ट्राफी नहीं जीत पा रहे थे और लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बावजूद नाकआउट दौर में हारकर बाहर हो जा रहे थे। गत वर्ष टी-20 विश्व कप में मिली जीत ने इस क्रम को तोड़ने का काम किया, जिसे इस जीत ने और आगे बढ़ाया। आज हमारी स्थिति अन्य टीमों के लिए ईर्ष्या का विषय हो सकती है। सीमित ओवर क्रिकेट में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ है। इसकी गहराई का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमारी दूसरे दर्जे की टीम भी तमाम देशों की मुख्य टीमों का सामना करने में सक्षम है।

वर्तमान में जश्न के साथ ही भविष्य पर दृष्टि भी आवश्यक है। हमारे दो सबसे बड़े दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में निःसंदेह वे इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में हैं और इस टूर्नामेंट ने यह भी दर्शाया कि इस प्रारूप में अगले कुछ वर्षों में उनकी महत्ता बनी रहेगी। इस प्रारूप से इतर टी-20 अंतरराष्ट्रीय से दोनों पहले ही संन्यास ले चुके हैं। जहां कोहली में अभी भी टेस्ट क्रिकेट शेष दिखती है, वहीं संभवतः सबसे लंबे प्रारूप में रोहित के भविष्य को लेकर विचार किया जाना चाहिए।

सफलता अपने साथ संतोष लाती है तो वह आकांक्षी भी बनाती है। हमारे पास जहां एक ओर उत्साह एवं प्रतिभा की भरमार है, वहीं उतनी ही लोकप्रियता और संसाधनों को देखते हुए यह अवश्य खटकता है कि अभी तक हमने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी नहीं जीती है। अतीत की महान टीमों का खेल के हर प्रारूप में वर्चस्व रहा है। यह खिताब दो बार हमारे हाथ से फिसल चुका है और इस बार तो हम फाइनल में भी नहीं पहुंच पाए। उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी के अगले चक्र में हम सफल होंगे। आगे की राह देखें तो हमारे लक्ष्य एकदम स्पष्ट होने चाहिए-2026 का टी-20 विश्व कप, डब्ल्यूटीसी 2025-27 और 2027 वनडे विश्व कप।

क्या हमारे अन्य खेल संघ क्रिकेट प्रशासकों से कुछ सीख सकते हैं? क्या हम 2028 ओलिंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की आस कर सकते हैं? हम 2036 ओलिंपिक मेजबानी की दावेदारी कर रहे हैं तो उस दिशा में हमारे लिए एक प्रमुख खेल राष्ट्र के रूप में उभरना भी उपयुक्त होगा।

चैंपियंस ट्राफी चैंपियन बनने में कुछ अंतर्निहित उपलब्धियां भी प्राप्त हुई हैं। 1989 में प्रथम प्रधानमंत्री की जन्मशती पर हमने नेहरू कप आयोजित किया था। तब कोलकाता में अपने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को टूर्नामेंट जीतता देख हमें बड़ी निराशा हुई थी। अब दुबई में हमारे खिलाड़ियों को विजेता बनने पर जो सफेद ब्लेजर मिला, उस पर मेजबान के रूप में पाकिस्तान का नाम अंकित था। वस्तुतः, खेल इतिहास खट्टी-मीठी यादों से भरा है। खेलप्रेमियों की एक पीढ़ी ने जिस प्रकार पाकिस्तान के प्रभुत्व को देखा है तो यकीनन उन्हें इससे बहुत आनंद मिला होगा।

response@jagran.com

# औरंगजेब से त्रस्त आइएनडीआइए



राजीव सचान

> विपक्षी गठबंधन जब तक छद्म सेक्युलरिज्म से चिपका रहेगा, तब तक अबू आजमी जैसे नेता उसके समक्ष संकट खड़ा करते रहेंगे

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने औरंगजेब का महिमामंडन करने वाले अपने बयान को वापस ले लिया, लेकिन वह राजनीतिक बहस और विवाद के केंद्र में बने हुए हैं। इसी बीच कुछ और लोगों को औरंगजेब दयालु दिख गया और उन्होंने भी उसकी प्रशंसा के पुल बांधने में संकोच नहीं किया। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता कि औरंगजेब एक कट्टर और क्रूर शासक था। आखिर जो अपने सगे भाई दारा शिकोह का सिर कलम करके उसका सिर तश्तरी में रखकर पिता शाहजहां को भेंट करने की हिमाकत करे, उससे निकृष्ट और कौन होगा? उसकी करतूतों का कच्चा-चिट्ठा खुद उसके दरबारी लेखक सकी मुस्तैद खान ने मआसिर-ए-आलमगिरी में लिखा है। वास्तव में इसी कारण करीब-करीब सभी इतिहासकार इस पर एकमत हैं कि औरंगजेब सबसे क्रूर शासक था और उसकी सनक भरी हरकतों की वजह से ही मुगल शासन का पतन हुआ। इसके बाद भी भारत और पाकिस्तान में उसका महिमामंडन करने वालों की कमी नहीं। पता नहीं क्यों, कुछ मुसलमानों को यह लगता है कि औरंगजेब चाहे लाख बुरा हो, लेकिन मुसलमान होने के नाते उसकी सराहना करना उनका मजहबी फर्ज है। कुछ लिबरल किस्म के बुद्धिजीवियों को भी यही लगता है कि वे जब तक औरंगजेब को महान और दयालु शासक नहीं कह देते, तब तक उनके लिए खुद को सेक्युलर साबित करना कठिन होगा। इस कारण वे भी औरंगजेब और ऐसे ही आक्रांताओं का गुणगान करना अपना सेक्युलर फर्ज समझते हैं।

यह तो गनीमत रही कि अबू आजमी औरंगजेब का महिमामंडन करने से पीछे हट गए, अन्यथा वह विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए के समक्ष बड़ा संकट खड़ा करने वाले थे। वैसे यह संकट अभी टला नहीं है। महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों के लिए यह संभव नहीं कि वे औरंगजेब का महिमामंडन सहन कर सकें। इनमें भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के दोनों घटक ही नहीं, कांग्रेस भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब सपा प्रमुख अखिलेश ने औरंगजेब की सराहना पर अबू आजमी के महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबन पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि 'उन्हें निलंबित कर सच की जुबान पर लगाम नहीं लगाई जा सकती' तो उद्धव ठाकरे ने उन्हें नसीहत देने में देर नहीं की।



अबू आजमी का पुतला जलाता सिखों का समूह • एएनआइ

जैसे अबू आजमी ने आइएनडीआइए नेताओं के समक्ष धर्मसंकट खड़ा कर दिया था, वैसे ही एक समय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया बताते हुए उसके खात्मे की जरूरत जताकर आइएनडीआइए को बगलें झांकने को मजबूर कर दिया था। उनसे उदयनिधि की बेहूदा टिप्पणी न तो निगलते बन रही थी और न ही उगलते। चूंकि सनातन धर्म के खात्मे की जरूरत जताने वाला बयान घोर आपत्तिजनक था, इसलिए आइएनडीआइए के कई घटकों के नेताओं को दबे-छिपे स्वरों में उदयनिधि को नसीहत देनी पड़ी। ऐसी ही नौबत तब आई थी, जब कुछ तथाकथित सेक्युलर और समाजवादी नेताओं ने रामचरितमानस के खिलाफ टिप्पणियां करनी शुरू कर दी थीं। अभी हाल में महाकुंभ को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी भी विपक्षी गठबंधन के नेताओं के लिए मुसीबत बन गई थी। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने तो खरगे की टिप्पणी की परवाह न करते हुए संगम में डुबकी लगाना भी पसंद किया। इनमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी थे।

भारत में सेक्युलरिज्म की जैसी विकृत अवधारणा अपना ली गई है, उसके चलते खुद को सेक्युलर कहने वाले लोगों की ओर से औरंगजेब सरीखे आक्रांताओं का महिमामंडन करना, सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को दकियानूसी बताना आवश्यक हो जाता है। इसी कारण कथित सेक्युलर दलों की ओर से अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध होता रहा। इस विरोध का नतीजा यह हुआ कि सेक्युलरिज्म की पोल खुल गई और यह प्रमाणित हो गया कि वह छद्म सेक्युलरिज्म है। यदि आज कोई नेता यह नहीं कहता कि वह सेक्युलरिज्म की रक्षा के प्रति समर्पित है तो इसी कारण की वह एक हेय शब्द बन गया है। इसी छद्म सेक्युलरिज्म के चलते तीन तलाक जैसी कुरीति को प्रतिबंधित करने की पहल का भी विरोध किया गया। यह किसी से छिपा नहीं कि आइएनडीआइए के समक्ष कई तरह के राजनीतिक संकट हैं और दिल्ली विधानसभा चुनावों के समय यह तब अच्छी तरह से उजागर भी हुआ था, जब सपा और तृणमूल कांग्रेस आप के समर्थन में उतर आई थीं। इससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ था तो यही कि आइएनडीआइए घटकों की दिली ख्वाहिश यही है कि गठबंधन की एकजुटता के नाम पर कांग्रेस उन राज्यों में भी कमजोर बनी रही, जो कभी उसके मजबूत गढ़ थे। कांग्रेस अपने इन गढ़ों में फिर से अपनी जड़ें जमाना चाहती है। यह उसके सहयोगी दलों को पसंद नहीं। कुल मिलाकर आइएनडीआइए के घटकों में आपसी विश्वास की कमी के चलते तो खटपट होती ही रहेगी, जब-जब कोई उदयनिधि सनातन धर्म को कोसेगा या फिर कोई अबू आजमी औरंगजेब का गुणगान करेगा तो भी उसका संकट बढ़ेगा, क्योंकि उसके नेता छद्म सेक्युलरिज्म को छोड़ने को तैयार नहीं।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### अहंकार से मुक्ति

आत्मशुद्धि अहंकार की भावना को त्यागे बिना संभव नहीं है, जबकि सत्य यह है कि अहंकार एक परछाई की भांति व्यक्ति के साथ लगा रहता है। एक हृदय से दूसरे हृदय तक जो राह जाती है, उसमें सबसे बड़ा रोड़ा है अहंकार। इसी से उपजा कथित श्रेष्ठता का बोध हमें परतंत्र बनाए रखता है। जब तक हम किसी से अपनी तुलना करने में उलझे हैं, तब तक हम स्वाधीन नहीं हैं। अनजाने ही हमने अपने लिए एक सापेक्षता गढ़ ली और हर क्षण स्वयं को श्रेष्ठ समझने या सिद्ध करने में जीवन के अमूल्य समय को नष्ट करने में लगे हैं।

अहंकार का त्याग कठिन है, किंतु यदि थोड़े से प्रयासों से कुछ सीमा तक चित्तशुद्धि संभव है। कुछ उपायों का निरंतर अभ्यास करना पड़ेगा जैसे कि प्रथमतः दूसरों के साथ सहानुभूति का व्यवहार करना, उनकी स्थिति को समझना। आज जिस भली स्थिति में आप हैं, कल दूसरा भी वहीं होगा। आप आगे नहीं हैं, बस आपने थोड़ा पहले यात्रा शुरू कर दी। अहंकार को तिरोहित करने के लिए दूसरा सबसे आवश्यक बिंदु है कृतज्ञता। ईश्वरप्रदत्त हर सुख के लिए आभारी रहें, कर्मों का सुफल अहंकार को पोषित करने के लिए नहीं दिया गया। हमें हर उस व्यक्ति के प्रति भी आभारी होना चाहिए जो हमारे जीवन में आया। अच्छी या बुरी जैसी भी सीख हमें मिली, हमारे व्यक्तित्व के विकास में सहायक बनी। तीसरा आवश्यक बिंदु है सेवा। सेवा न तो उपकार के भाव से हो, न ही दास भाव से। मात्र सखा भाव हृदय को आलोकित करे, यह समझकर कि मैं एक पायदान ऊंचे पर था, मैंने हाथ बढ़ाकर अपने एक मित्र को भी ऊपर बुला लिया।

मुक्ति के मार्ग पर हम सब सहयात्री ही तो हैं। कल किसी के हाथ और साथ की आवश्यकता हमें भी होगी। 'मुझमें अहंकार है' यह स्वीकार करना, फिर यह भाव लाना कि मैं इसे कम करने का प्रयास कर रहा हूं, यही प्रगति का सूचक है।

ट्विंकल तोमर सिंह

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### भाषा पर होती भड़काऊ राजनीति

कृपाशंकर चौबे ने अपने आलेख 'भाषा पर भड़काने वाली राजनीति' में सही उल्लेख किया गया है कि हिंदी का विरोध देश की एकता के लिए घातक है। दरअसल 1968 में बनी त्रिभाषा फार्मूला नीति को के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में गठित आयोग ने बरकरार रखते हुए हिंदी की अनिवार्यता समाप्त कर दी। इसमें मातृभाषा और अंग्रेजी के अतिरिक्त कोई भी एक भाषा हो सकती है। फिर ऐसी ओछी राजनीति की क्या जरूरत है? हिंदी के कारण इसकी अनेक बोलियां लुप्तप्राय हो गईं, क्या ऐसा संभव है? इन बोलियों के कारण हिंदी और अधिक समृद्धि हुई है। दरअसल नई शिक्षा नीति के विरोध के लिए भाषा को माध्यम बनाया जा रहा है। इससे हिंदी कमजोर नहीं होगी, अपितु तमिलनाडु की मातृभाषा कमजोर होगी। अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ेगा, जबकि विदेशी कंपनियां भारतीय बाजार के कारण हिंदी सीखने को बढ़ावा दे रही हैं। फिर चुनावी लाभ के लिए शिक्षा नीति और भाषा को आधार बनाकर भावनाओं की राजनीति के दिन अधिक दिनों तक नहीं चल सकते हैं। 21वीं सदी की तमिलनाडु की जनता ऐसी राजनीति के फेर में फंसने वाली नहीं है। एमके स्टालिन को यह बात समझ में आ जाएगी, क्योंकि गृह मंत्री अमित शाह मातृभाषा तमिल में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई पर जोर देने की बात कह चुके हैं।

मुकेश कुमार मनन, पटना

### हास्यास्पद बयान

तमिलनाडु में अगले वर्ष 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। कितना हास्यास्पद है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन परिसीमन के नाम पर जनसाधारण से ज्यादा बच्चे पैदा करने की बात कर रहे हैं। जिससे राज्य को अधिक प्रतिनिधित्व मिल सके। जबकि सत्य यह है कि बिना जनगणना के परिसीमन का कार्य असंभव है। जनगणना का कार्य अभी तक शुरू भी नहीं हुआ है। वैसे भी तमिलनाडु में आज कोई बच्चा जन्म लेता है तो उसका वोट का अधिकार आज से 18 साल के बाद आएगा। तब नेतागण परिसीमन के नाम पर अनर्गल और भड़काऊ राजनीति क्यों कर रहे हैं। ऐसे ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में तमिलनाडु सरकार त्रिभाषा फार्मूले के तहत हिंदी भाषा का विरोध जनसाधारण को दिग्भ्रमित कर स्तरहीन राजनीति और जनभावनाओं को उद्वेलित करने का सोच अधिक लगता है। तमिलनाडु में डीएमके के कुछ सांसदों के शैक्षणिक संस्थान हैं, क्या उन संस्थानों में हिंदी नहीं पढ़ाई जाती? निस्संदेह हिंदी और संस्कृत भाषा का देश के सभी राज्यों में सम्मान होना चाहिए। पुष्पा-2 का प्रसिद्ध डायलाग 'पुष्पा नाम समझकर फ्लावर समझे क्या, फायर है मैं' हिंदी भाषा में होने की वजह से ही जबरदस्त ख्याति प्राप्त की। निस्संदेह हिंदी भारत की राजभाषा (आधिकारिक भाषा) है, जिसे संविधान में देवनागरी लिपि में संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हिंदी विरोध पर कांग्रेस की चुप्पी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को उजागर करती है। कहीं डीएमके सत्ता विरोधी लहर का शिकार तो नहीं बनने जा रही?

दीपक गौतम, सोनीपत

### शिक्षा नीति पर रार

'शिक्षा नीति पर रार' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय आलेख पढ़ा। आज तमिलनाडु की सरकार तथा विपक्ष द्वारा दलगत राजनीति से प्रेरित होकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के क्रियान्वयन पर तथ्यहीन और बेतुका विरोध किया जा रहा है। एनईपी में त्रिभाषा सूत्र के माध्यम से दो भारतीय मूल भाषाओं को सीखने की अनिवार्यता से छात्रों को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा से और अधिक जोड़ने की कवायद है। भाषा के अध्ययन से ही आप अपने साहित्य, नैतिक शिक्षा, काव्य संकलनों को समझते हैं। जो आधुनिकता की दौड़ में भागते समाज को अपनी जड़ों से जुड़े रखने में सहायक सिद्ध हो सकता है। दूसरी भारतीय भाषा को चुनना सभी को है। चाहे वो उत्तर भारत के छात्र हों या दक्षिण भारत के और फिर विकसित भारत बनाने हेतु इन क्षेत्रवाद, भाषावाद और जातिवाद की जंजीरों को तो हमें काटना है। एनईपी में तो हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में चुनने की बाध्यता को समाप्त किया गया है ताकि किसी भी भारतीय भाषा का अध्ययन छात्र कर सकें। हां, केंद्र को भी नए पाठ्यक्रम में भारत की ''विविधता में एकता'' के अनुरूप क्षेत्रीय, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अंतरों का कुछ ध्यान रखते हुए राज्यों को उनकी स्वायत्तता को खोने की आशंका को निर्मूल करना चाहिए। राज्य के नेताओं को भी सोचना चाहिए कि समान पाठ्यक्रम से प्रतियोगी परीक्षाओं में सभी राज्यों के छात्रों को और अधिक समान अवसर मिलेंगे।

पीयूष शंकर गर्ग, गाजियाबाद

## पोस्ट

बात केवल भारत के आइसीसी ट्राफी जीतने की नहीं, बल्कि जीतने के अंदाज की भी है। हमने एक भी मैच गंवाए बिना खिताब अपने नाम किया। पिछले छह वर्षों में आइसीसी स्पर्धाओं में भारत का जबरदस्त रिकार्ड रहा है और वे सभी मैच दुबई में ही नहीं खेले गए।

संजय मांजरेकर@sanjaymanjrekar

भारत में सभी धर्मों के लोग त्योहार आपस में मिलजुल कर मनाते आए हैं। दीवाली, होली, ईद, बैसाखी, क्रिसमस आदि मनाते समय एक-दूसरे का धर्म नहीं देखा जाता। इनकी छुट्टियां धर्म देख कर नहीं दी जातीं, बल्कि सभी को मिलती हैं। ऐसे में होली को लेकर आए कुछ लोगों के बयान दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1



जिन पर्यटन स्थलों पर अधिक पर्यटक आते हों, वहां टूरिस्ट पुलिस की तैनाती होनी चाहिए जो सामान्य पुलिस से अलग हो। देश में टूरिस्ट पुलिस की संकल्पना को साकार किया जाना समय की मांग है। जब तक राज्य सरकारें इसका महत्व नहीं समझतीं, केवल पुलिस विभाग की पहल अस्थायी और अधूरी सिद्ध होगी।

आरके विज@ipsvijrk

## जनपथ

उन्नति कितनी कर रहा देखो पाकिस्तान,
ट्रेन हाइजैक हो रही जाय बलूचिस्तान।
जाय बलूचिस्तान दबाया है हक जिनका,
वे वसूल इक रोज करेंगे तिनका-तिनका।
बुरा किया है कर्म बुरी ही पाएगा गति,
बोया है आतंक इसी में होगी उन्नति!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक- संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 35 अंक 237

# संसद में मणिपुर पर सीतारमण और गोगोई के बीच चले सियासी तीर

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** लोकसभा में मंगलवार को मणिपुर के बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने वाली टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बीच बहस हुई।

राज्य में जारी हिंसा पर गंभीर चिंता जताते हुए, गोगोई ने आरोप लगाया कि बीते 21 महीने के दौरान केंद्र सरकार 'बंदूक की नोक पर शांति बहाल' करने में विफल रही है। इसके लिए, उन्होंने प्रधानमंत्री से मणिपुर का दौरा कर लोगों की आशंकाओं तथा चिंताओं को सुनने का आग्रह भी किया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार करते हुए, कांग्रेस पर पूर्व में कई बार पीएम मोदी का अपमान करने तथा सदन में बोलने नहीं देने का आरोप लगाया।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि मणिपुर के बजट पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। पीएम मोदी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने के औचित्य से अवगत कराना चाहिए। मणिपुर विधानसभा भंग या निलंबित अवस्था में है - इसकी तस्वीर भी केंद्र साफ करे। वित्तमंत्री ने गोगोई से सवाल किया कि क्या पिछले मौकों पर प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने के लिए, वे माफी मांगेंगे।


निर्मला सीतारमण और गौरव गोगोई ● फाइल फोटो

- गोगोई ने कहा, जब भी अहम मुद्दा उठता है तो पीएम 'गायब' होते हैं
- बंदूक से नहीं राजनीतिक रास्ते से ही वापस लौटेगी शांति

## 'कनाडा को सभी स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों पर दोगुने टैरिफ की धमकी'

**वाशिंगटन, रायटर:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कनाडा के साथ बढ़ते व्यापार युद्ध को और तेज कर दिया। उन्होंने कहा कि वह कनाडा से आयातित सभी स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर बुधवार से लागू होने वाले टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर देंगे। इस घोषणा से अमेरिकी शेयर बाजार में उथल-पुथल मच गई और उसमें गिरावट दर्ज की गई। हालांकि ट्रंप की ताजा धमकी के ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड झुके नहीं।

वहीं, कनाडा के भावी पीएम मार्क कार्नी ने कहा है कि उनकी सरकार तब तक टैरिफ लागू रखेगी जब तक अमेरिकी सम्मान नहीं दिखाते और मुक्त व्यापार के लिए प्रतिबद्ध नहीं होते। कार्नी ने कहा कि ट्रंप के नवीनतम टैरिफ कनाडाई श्रमिकों, और व्यवसायों पर हमला हैं।

# पूर्वोत्तर में एक दशक में शांति व रोजगार की नींव डाली : शाह

- एबीवीपी द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर छात्र संसद में बोले गृह मंत्री
- 10 साल बाद पूर्वोत्तर के युवा रोजगार को बाहर नहीं जाएंगे


नई दिल्ली में मंगलवार को युवा संसद कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के छात्रों से मिलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ● प्रेट्र

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2027 तक देश के पूर्वोत्तर के राज्यों की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क से जुड़ जाएगी। भाजपा सरकार ने एक दशक में पूर्वोत्तर में शांति व रोजगार की नींव डाली है। असम में 27 हजार करोड़ की लागत से सेमीकंडक्टर का कारखाना स्थापित किया जा रहा है। अगले 10 साल बाद पूर्वोत्तर के युवा को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शाह मंगलवार को नई दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन के कन्वेंशन सेंटर में एबीवीपी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय छात्र संसद के तहत पूर्वोत्तर छात्र संसद को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच हिंसक घटनाओं में काफी कमी आई है। यह 11,000 से 70 प्रतिशत घटकर 2014 से 2024 के बीच 3,428 हो गई हैं। पिछले एक दशक में सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में 70 प्रतिशत और नागरिकों की मौतों में 89 प्रतिशत की कमी आई है। भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में विभिन्न सशस्त्र समूहों के साथ 12 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। चाहे अरुणाचल हो, मेघालय, मिजोरम, असम या नगालैंड हो, सभी जगह सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए गए। इस दौरान 10,500 से अधिक उग्रवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए। 10 वर्षों में केवल मणिपुर को छोड़ पूर्वोत्तर पूरी शांति का अनुभव कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के बाद से सभी प्रधानमंत्रियों ने असम को छोड़कर पूर्वोत्तर के केवल 21 दौरे किए, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78 दौरे किए। उन्होंने तंज कसते कहा कि जब नेहरू जी ने 'बाय-बाय असम' कहा, तब एबीवीपी ने स्टूडेंट्स एक्सपीरियंस इन इंटर-स्टेट लिविंग (एसईआइएल) के माध्यम से उत्तर-पूर्व को पूरे देश के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ा।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास के लिए कई प्रयास किए। वर्ष 2014-15 की तुलना में 2024-25 के बजट में 153 प्रतिशत की वृद्धि की गई।

## एक नजर में

### लोकसभा में भाजपा सांसद ने आपा खोया

**नई दिल्ली :** भाजपा के एक सांसद मंगलवार को अपनी ही पार्टी के एक सदस्य पर आपा खो बैठे, हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने उन्हें शांत कराया। विपक्षी सांसदों ने इसे लेकर भाजपा पर निशाना साधा। अंडमान और निकोबार के सांसद विष्णु पद रे का गुस्सा मुख्य रूप से भाजपा के मुख्य सचेतक संजय जायसवाल पर फूटा, जिसके बाद रिजीजू उनके पास पहुंचे और उन्हें शांत करने की कोशिश की। विष्णु पद रे किसी मुद्दे पर अपनी बात कहना चाहते थे। जब उन मुद्दों पर विचार नहीं किया गया तो वह उत्तेजित दिखे। (प्रेट्र)

### लोकसभा और राज्यसभा की बैठकें स्थगित

**नई दिल्ली :** लोकसभा और राज्यसभा की बैठकें होली की पूर्व संध्या पर 13 मार्च को नहीं होंगी। दोनों सदनों ने 14 मार्च 2025 को होली के त्योहार को लेकर पहले ही अवकाश घोषित कर दिया है। राज्यसभा सचिवालय द्वारा इस संबंध में बुलेटिन जारी किया गया है। लोकसभा की बैठक शनिवार अर्थात 29 मार्च को कराने की सिफारिश की है। (प्रेट्र)

### सहारा सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं को 2,314 करोड़ रुपये किए गए जारी

**नई दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को कहा कि 28 फरवरी, 2025 तक सहारा सहकारी समितियों के 12,97,111 जमाकर्ताओं को 2,314.20 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। लोकसभा में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 29 मार्च, 2023 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में सहारा समूह की चार बहु-राज्य सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकर्ताओं द्वारा उनकी वैध जमा राशि की वापसी के दावे प्रस्तुत करने के लिए 18 जुलाई, 2023 को सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल शुरू किया गया था। (प्रेट्र)

### हथियारों के आयात में भारत को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंचा यूक्रेन

**नई दिल्ली :** रूस के साथ लंबे समय तक युद्ध में उलझा यूक्रेन वर्ष 2020-24 के दौरान हथियारों का आयात करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश था। वर्ष 2015-19 के आंकड़ों की तुलना में यूक्रेन के आयात लगभग 100 गुना बढ़ गए। इंडिपेंडेंट ग्लोबल थिंक-टैंक – स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की एक नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि (2020-24) के दौरान भारत हथियारों का आयात करने वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश था। बड़ी मात्रा में हथियारों का आयात 'चीन और पाकिस्तान दोनों से कथित खतरों' को दर्शाते हैं। हालांकि, वर्ष 2015-19 और वर्ष 2020-24 के बीच भारत के आयात में 9.3 प्रतिशत की कमी आई। (प्रेट्र)

### भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने पर चर्चा जारी : नायडू

**नई दिल्ली :** नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने पर द्विपक्षीय चर्चा चल रही है। कोरोना वायरस महामारी के कारण निलंबित होने से पहले 2020 की शुरुआत तक दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें चालू थीं। भारतीय और चीनी दोनों एयरलाइनों की सीधी सेवाएं थीं। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने के लिए सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की थी। (प्रेट्र)

# अवांछित विदेशियों को बिना वारंट गिरफ्तार कर सकेंगे आव्रजन अधिकारी, विधेयक पेश

## आव्रजन व विदेशी विधेयक-2025 में प्रविधान, भारत आने पर पंजीकरण अनिवार्य

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को विपक्षी दलों के विरोध के बीच लोकसभा में आव्रजन व विदेशी विधेयक-2025 पेश किया। इस विधेयक के जरिये, सरकार आव्रजन और विदेशियों से संबंधित विभिन्न सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के साथ देश में उनके प्रवेश, निकास और ठहरने की व्यवस्था से जुड़े नियमों का कठोरता से पालन कराना सुनिश्चित करेगी। यह विधेयक आव्रजन अधिकारियों को बिना वारंट के अवांछित विदेशियों को गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। विधेयक के मसौदे में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता या राष्ट्र की अखंडता के लिए, खतरा पैदा करने वाले किसी भी विदेशी को भारत में प्रवेश या रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें प्रविधान किया गया है कि भारत आने पर विदेशियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगी। साथ ही उनकी आवाजाही, नाम परिवर्तन और संरक्षित तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में उनके प्रवेश पर रोक रहेगा। शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम को अपने यहां पढ़ने या इलाज कराने आने वाले विदेशी नागरिकों की सूचना आव्रजन अधिकारियों को देनी होगी।

विपक्षी दलों ने विधेयक का यह कहते हुए विरोध किया कि वर्तमान सरकार असहमति के स्वरों और विचारों को बर्दाश्त नहीं करती। इसलिए, ऐसे लोगों के आने और जाने को रोकने के लिए यह बिल लेकर आयी है। विधेयक में कई विधायी खामियां बताते हुए विपक्ष ने इसे संसदीय समिति को भेजे जाने की मांग भी की। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह विधेयक संविधान के कई प्रविधानों और विभिन्न कानूनों का उल्लंघन करता है। यह विधेयक घातक और दमनकारी है। इसमें सबसे अहम संविधान प्रदत्त व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत राय ने भी तिवारी की चिंताओं से सहमति जताते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून विभिन्न क्षेत्रों में बाहर से आने वाली प्रतिभाओं को रोक सकता है।

नित्यानंद राय ने विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के पास इस विषय पर कानून लाने के लिए, संघ सूची के तहत सभी अधिकार हैं। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाना, आव्रजन प्रक्रियाओं को नियंत्रित करना और प्रवेश तथा ठहरने की शर्तों का उल्लंघन करने वाले विदेशियों पर सख्त दंड लगाना है।


बजट सत्र के दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ● वीडियोग्रैब/एएनआइ

**विधेयक की खास बातें...**

- विदेशियों का भारत में स्वागत, लेकिन शांति और संप्रभुता बरकरार रखना अपरिहार्य
- वैध दस्तावेजों के बगैर विदेशियों की भारत यात्रा कराने के लिए ट्रैवल एजेंट भी होंगे उत्तरदायी
- शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, नर्सिंग होम को अपने यहां विदेशी नागरिकों की सूचना देनी होगी

### नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माना का प्रविधान

बिना वैध पासपोर्ट या वीजा भारत आने पर पांच साल तक की सजा और पांच लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने वाले विदेशियों को दो से सात साल की जेल की और एक से लेकर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। वीजा शर्तों का उल्लंघन करने या प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध प्रवेश करने वाले विदेशियों को तीन साल जेल, तीन लाख आर्थिक दंड देना होगा। वैध दस्तावेजों के बगैर विदेशियों की भारत यात्रा कराने के लिए ट्रैवल एजेंटों को भी विधेयक के जरिये उत्तरदायी बनाते हुए ऐसा करने वालों को दंडित किया जाएगा तथा पांच लाख तक का जुर्माना लगाने का प्रविधान किया गया है।

# सदन में अवरोध की नई राजनीति, ईपिक पर एक दिन पूर्व खारिज प्रस्ताव फिर पेश

- कांग्रेस-तृणमूल कांग्रेस सदस्यों ने नियम-267 में दिया नोटिस
- उपसभापति बोले- सोमवार को ही स्थिति कर चुके हैं स्पष्ट

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** चुनाव आयोग की सफाई, पुराने आंकड़ों की सच्चाई के बावजूद विपक्ष ने तय कर लिया है कि मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपिक) को लेकर संसद में मामला गर्म ही रखा जाए। एक दिन पहले ही इस पर चर्चा की मांग खारिज की जा चुकी है, लेकिन मंगलवार को विपक्ष के कई सदस्यों की ओर से फिर वही प्रस्ताव पेश किया गया। राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने याद दिलाया कि जो प्रस्ताव एक बार खारिज हो चुका है, उसे दोबारा क्यों दिया जा रहा है। प्रस्ताव फिर खारिज हुआ और फिर हंगामा। इसे विपक्ष की कार्यवाही में अवरोध की नई राजनीति माना जा रहा है जिसे उसने पिछले सत्र में भी अपनाया था।

राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष की ओर ईपिक के मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए 21 सदस्यों ने नोटिस दिए थे। इनमें प्रमोद तिवारी, अजय माकन, डोला सेन, प्रियंका चतुर्वेदी आदि शामिल थीं। द्रमुक सदस्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को नहीं अपनाने पर समग्र शिक्षा के तहत तमिलनाडु को मिलने वाली राशि पर लगाई गई रोक के मुद्दे पर भी नियम-267 पर चर्चा की मांग की। वे काले कपड़े पहनकर सदन आए थे। एमडीएमके सदस्य वाइको ने परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा की मांग का नोटिस दिया था। विपक्षी सदस्यों ने सोमवार को भी ईपिक को लेकर नियम-267 के तहत रास में चर्चा की मांग की थी।

**मंत्री रवनीत की अनुपस्थिति पर असहज दिखा सत्ता पक्ष:** राज्यसभा में सत्ता पक्ष उस समय असहज दिखा, जब सदन में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का नाम उपसभापति पुकारते रहे, लेकिन वह सदन में नहीं थे। खरगे ने नड्डा को घेरा और कहा कि वह अपने मंत्री को प्रशिक्षण दिलाएं कि समय पर आएं।


राज्यसभा में मंगलवार को कार्यवाही के दौरान सदन के उपसभापति हरिवंश तथा नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ● वीडियोग्रैब/प्रेट्र

### खरगे को जब मांगनी पड़ी माफी

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को उस समय माफी मांगनी पड़ी, जब वह उपसभापति हरिवंश की ओर ही इशारा करते हुए यह कह गए कि हम आपको ठोकने की पूरी तैयारी से आए हैं। इसके बाद तो सदन के नेता जेपी नड्डा ने खरगे के इस रवैये पर आपत्ति जताई और कहा कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए। इसके बाद खरगे को भी अपनी गलती का अहसास हुआ और कहा कि उनका मकसद उपसभापति को ठोकने का नहीं था, बल्कि सरकार को ठोकने का था। वह माफी मांगते हैं।

# आयुष्मान में 643 करोड़ रुपये के क्लेम फर्जी मिले

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने राज्यसभा में निजी अस्पतालों के फर्जीवाड़े को उजागर कर कहा कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा के तहत इन अस्पतालों में 3.56 लाख क्लेम रद किए गए हैं। 1,114 अस्पतालों के 643 करोड़ के क्लेम फर्जी मिले हैं।

केंद्रीय मंत्री जाधव ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अनियमित 1504 अस्पतालों पर 122 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही 549 अस्पतालों को निलंबित किया गया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत राज्य स्वास्थ्य एजेंसियां (एसएचए) नियमित डेस्क मेडिकल आडिट के साथ-साथ फील्ड आडिट भी करती हैं। इसमें कुल 1114 अस्पतालों को पैनल से हटा दिया गया है।

**वहीं** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रास में कहा कि केंद्र सरकार 2025-26 में देश भर में 200 से अधिक कैंसर डे केयर सेंटर खोल रही है। पिछले वर्ष किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि नदी नालों के पास रहने वाले लोगों में कैंसर का खतरा बहुत अधिक है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के हवाले से राज्यसभा को यह जानकारी दी गई।


प्रताप राव जाधव ● फाइल फोटो

- केंद्रीय मंत्री ने कहा-निजी अस्पतालों में 3.56 लाख क्लेम रद किए गए

**1,504** अनियमित अस्पतालों पर 122 करोड़ का जुर्माना लगाया

**1,114** अस्पतालों को पैनल से हटा दिया गया

# ओडिशा विधानसभा में हंगामा, भाजपा और कांग्रेस विधायकों में हुई जमकर हाथापाई

- विधानसभा की कार्यवाही स्थगित, विधायकों ने एक-दूसरे पर लगाया उकसाने का आरोप
- कांग्रेस विधायक तारा प्रसाद वाहिनीपति एक सप्ताह तक के लिए सदन से निलंबित

**जासं, भुवनेश्वर :** मंगलवार को ओडिशा विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस विधायकों के बीच जमकर हाथापाई हुई। सरकार के कई मंत्री भी चपेट में आए। सदन की कार्यवाही काफी देर तक स्थगित रही। वहीं, घटना के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे तो बीजद विधायकों ने ओडिशा के शिल्पी कहे जाने वाले मधुसूदन दास उर्फ मधु बाबू की प्रतिमा के नीचे धरना दिया। दिन में ही बीजद विधायक लालटेन लेकर मुख्यमंत्री को परिसर में खोजते नजर आए। विस अध्यक्ष सूरमा पाढ़ी ने सदन की कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। कांग्रेस विधायक तारा प्रसाद वाहिनीपति को असंसदीय व्यवहार के कारण एक सप्ताह तक के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया।

बता दें कि कुछ दिन पहले भाजपा विधायक जयनारायण मिश्र ने एक सभा में कहा था कि ओडिशा में पश्चिम ओडिशा को मिलाना एक बड़ी ऐतिहासिक भूल थी। सदन में यह मामला उठाया गया।


भुवनेश्वर में मंगलवार को ओडिशा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा और कांग्रेस के सदस्य भिड़ गए ● प्रेट्र

महिला हिंसा को लेकर कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था का सवाल उठाया। पक्ष-विपक्ष में नोकझोंक चल रही थी। कांग्रेस व बीजद के विधायक भी सरकार के खिलाफ आसन के पास नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस विधायक तारा प्रसाद पोडियम पर चढ़कर विरोध करने लगे। बीजद विधायक ने काली पट्टी बांधकर जयनारायण प्रसंग पर जवाब मांगा। भाजपा और कांग्रेस के विधायकों के बीच हाथापाई हो गई।

विधायक तारा प्रसाद ने कहा कि जय नारायण मिश्र व भाजपा के विधायकों ने मेरा कालर पकड़ा, मुझे गाली दी। उधर, भाजपा विधायक महांति ने कहा कि विपक्षी विधायक सदन नहीं चलने दे रहे हैं।

# वैश्विक जरूरत को देख की गई त्रिभाषा फार्मूले की सिफारिश

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के त्रिभाषा फार्मूले और तमिल भाषा के मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को साफ किया कि केंद्र सरकार किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोप रही है। वह तो सभी राज्यों को पांचवीं कक्षा तक बच्चों को अनिवार्य रूप से मातृभाषा में ही शिक्षा देने की बात कह रही है।

प्रधान ने रास में शिक्षा के कामकाज के मुद्दे पर हुई चर्चा में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि त्रिभाषा फार्मूले को वैश्विक जरूरत को देखते हुए शामिल किया गया। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर उन्हें नौकरियों में ज्यादा महत्व दिया जाता है, जो लोग बहुभाषी होते हैं।

उन्होंने द्रमुक और स्टालिन सरकार को आईना दिखाया और कहा कि जो लोग द्विभाषा फार्मूले की बात कर रहे हैं, उन्हें शायद नहीं पता कि राज्य में तमिल भाषा में पढ़ाई करने वालों की संख्या लगातार कम हो रही है। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत कांग्रेस सदस्य दिग्विजय सिंह ने की। उन्होंने सरकार पर समग्र शिक्षा के तहत कुछ राज्यों को पैसा नहीं देने का आरोप लगाया। साथ ही स्कूलों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के पदों में भारी कमी का मुद्दा उठाया।

प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में भी कहा कि वह पीएम-श्री स्कूलों के मुद्दे पर तमिलनाडु के 'यू-टर्न' के बारे में अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि भाषा थोपने पर द्रमुक का ताजा शोर-शराबा और एनईपी के त्रिभाषा फार्मूले पर उसका रुख उसके पाखंड को उजागर करता है।


धर्मेंद्र प्रधान ● फाइल फोटो

- भाषा विवाद पर शिक्षा मंत्री ने द्रमुक को दिखाया आईना
- कहा, उनके द्विभाषा फार्मूले से तमिल में पढ़ाई में गिरावट

# पाकिस्तान की किरकिरी, राजदूत को अमेरिका में नहीं मिला प्रवेश

**इस्लामाबाद, प्रेट्र:** पाकिस्तान की अमेरिका में बड़ी किरकिरी हुई है। तुर्कमेनिस्तान के लिए उसके राजदूत को अमेरिका में प्रवेश नहीं मिला। लास एंजिलिस एयरपोर्ट से ही लौटा दिए गए। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगस्त 2021 में काबुल के एयरपोर्ट पर हुए हमले में लिप्त एक आतंकी की गिरफ्तारी में मदद के लिए पाकिस्तान के प्रति आभार जताया था। इससे पाकिस्तान फूले नहीं समा रहा था। हमले में 13 अमेरिकी सैनिक और 170 अफगान मारे गए थे।

स्थानीय मीडिया में मंगलवार को आई खबर के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने पाकिस्तान के राजदूत को प्रवेश देने से मना कर दिया और उन्हें लास एंजिलिस से ही निर्वासित कर दिया। राजनयिक सूत्रों के हवाले से बताया गया कि राजदूत केके वैगन को अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने लाए एंजिलिस एयरपोर्ट पर रोक लिया। उनके पास वैध अमेरिकी वीजा और सभी आवश्यक यात्रा दस्तावेज मौजूद थे। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, 'राजदूत केके वैगन को अमेरिका से निर्वासित कर दिया गया। उनको आव्रजन संबंधी आपत्ति थी।'


केके वैगन ● फाइल फोटो

- लास एंजिलिस एयरपोर्ट से ही लौटा दिए गए राजदूत
- अमेरिकी अधिकारियों को आव्रजन संबंधी आपत्ति थी

## वायुसेना को मिलेंगे नए लड़ाकू विमान, अमेरिकी एफ-15 भी आ सकता

**नई दिल्ली, एएनआइ:** भारतीय वायुसेना अपनी ताकत बढ़ाने के लिए 114 नए मध्यम श्रेणी के लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी कर रही है। वायुसेना अगले चार से पांच वर्षों में वैश्विक टेंडर के माध्यम से इन विमानों को अपने बेड़े में शामिल करना चाहती है। इस प्रतिस्पर्धा में बोइंग, लाक्हीड मार्टिन, दासौ और साब समेत कई बड़ी कंपनियां शामिल हो सकती हैं।

वैश्विक निविदा का हिस्सा बनने वाले विमानों में राफेल, ग्रिपेन, यूरोफाइटर टाइफून, मिग-31 और अमेरिकी एफ-16, एफ 15 विमान शामिल हैं। इनमें से एफ 15 को छोड़कर अन्य लड़ाकू विमान पहले ही 126 बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों के लिए पिछली निविदा में भाग ले चुके हैं और उनका मूल्यांकन भी हो चुका है। इस बार दौड़ में शामिल होने वाला एकमात्र नया विमान अमेरिकी कंपनी बोइंग का एफ-15 स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान है।

# अमेरिकी खुफिया प्रमुख गबार्ड आ रहीं भारत

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** अमेरिका के खुफिया विभाग डीएनआइ की प्रमुख तुलसी गबार्ड जल्द ही भारत का दौरा करेंगी। उन्होंने स्वयं मंगलवार को इंटरनेट मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा की। बाद में नई दिल्ली स्थिति अमेरिकी दूतावास ने भी उनकी यात्रा की पुष्टि की है। गबार्ड अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस की निदेशक हैं जो हिंदू धर्म की प्रवर्तक होने के साथ ही हमेशा से भारत से जुड़े हितों का समर्थन करती रही हैं। वह ट्रंप सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली उच्चपदस्थ अधिकारी हैं जो भारत के दौरे पर आ रही हैं।

गबार्ड हिंद प्रशांत क्षेत्र की यात्रा पर निकल रही हैं। भारत में गबार्ड की विदेश मंत्री एस.जयशंकर, एनएसए अजीत डोभाल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ भी मुलाकात होने की संभावना है। ट्रंप प्रशासन के अनुसार गबार्ड पीएम मोदी के आमंत्रण के बाद 18 मार्च को दिल्ली में सुरक्षा अधिकारियों और विभिन्न देशों के खुफिया प्रमुखों के होने वाले रायसीना सम्मेलन में शामिल होंगी।

जानकारों के मुताबिक, अमेरिका में गैरकानूनी तौर पर लोगों को भेजने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना भी विमर्श का एक अहम एजेंडा होगा। गबार्ड के समक्ष भारत खालिस्तानी समर्थकों की अमेरिका में चल रही गतिविधियों का मुद्दा भी उठाएगा।


तुलसी गबार्ड ● फाइल फोटो

- 18 मार्च को दिल्ली में सुरक्षा संबंधी रायसीना सम्मेलन में शामिल होंगी
- पीएम मोदी, जयशंकर व अजीत डोभाल से भी करेंगी द्विपक्षीय मुलाकात
- डीएनआइ निदेशक भारत के अलावा जापान, थाईलैंड व फ्रांस भी जाएंगी

### बाजार तक पहुंच बढ़ाएंगे व शुल्क घटाएंगे भारत-अमेरिका

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर वार्ता की योजना बना रहे हैं। साथ ही दोनों देश बाजार तक पहुंच बढ़ाने, आयात शुल्क व गैर-शुल्कीय बाधाओं को घटाने और आपूर्ति श्रृंखला का एकीकरण बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। लोकसभा में एक लिखित जवाब में वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ने अभी तक भारत पर पारस्परिक शुल्क लागू नहीं किए हैं। साथ ही कहा कि दोनों देशों की एक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता की योजना है। वहीं, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने बाहरी दबाव में भारत द्वारा शुल्कों में कथित कटौती पर चिंता व्यक्त की। कहा कि जो कुछ भी सामने आया है, वह बेहद अस्पष्ट है।

## एक साथ चुनाव कराने पर सुझाव को वेबसाइट शुरू करेगी समिति

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** एक देश-एक चुनाव संबंधी विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति जल्द ही इस मुद्दे पर देशभर से लोगों के सुझाव आमंत्रित करने के लिए वेबसाइट शुरू करेगी। संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, 2024 से संबंधित समिति अध्यक्ष भाजपा नेता पीपी चौधरी ने कहा कि समिति यह सुनिश्चित करना चाहती है कि इस मुद्दे पर सभी को विचार साझा करने का अवसर मिले।

वहीं मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने इस मामले को सुलझाने की मंगलवार को पहल की। चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से चुनावी पंजीकरण अधिकारियों, निर्वाचन अधिकारियों के स्तर पर 'किसी भी मुद्दे' को लेकर 30 अप्रैल तक सुझाव आमंत्रित किए हैं।

********

## एक नजर में

### दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 118.99 करोड़ पहुंची

**नई दिल्ली**: देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 में बढ़कर 118.99 करोड़ हो गई। जियो ने मोबाइल और फिक्स्ड लाइन दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक ग्राहक जोड़े। नवंबर में ग्राहकों की संख्या 118.72 करोड़ थी। जियो 47.66 करोड़ ब्राडबैंड ग्राहकों के साथ सबसे आगे रही। उसके बाद एयरटेल (28.93 करोड़) और वीआइ (12.64 करोड़) का स्थान था। (प्रेट्र)

### मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100, 200 के नोट आएंगे

**मुंबई**: आरबीआइ ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) सीरीज के 100 और 200 रुपये के बैंक नोटों के समान है। संजय मल्होत्रा दिसंबर 2024 में ही आरबीआइ के नए गवर्नर बने हैं। (प्रेट्र)

### आयात घटने से 42 हजार करोड़ की विदेशी मुद्रा बची

**नई दिल्ली**: चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में भारत का कोयला आयात 8.4 प्रतिशत घटकर 18.34 करोड़ टन रह गया। इससे 42,315 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में देश का कोयला आयात 20.09 करोड़ टन था। बिजली क्षेत्र को छोड़कर गैर-विनियमित क्षेत्र में आयात में साल-दर-साल 12.01 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। (प्रेट्र)

### जनवरी तक 1,61,150 स्टार्टअप को मिली मान्यता

**नई दिल्ली**: वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को संसद में बताया कि इस साल 31 जनवरी तक सरकार ने 1,61,150 संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी है। इनमें महाराष्ट्र के 28,511 और कर्नाटक के 16,954 स्टार्टअप को मान्यता दी गई है। मान्यता प्राप्त इकाइयां स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान के तहत कर प्रोत्साहन के लिए पात्र हैं। इन्हें स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत सहायता दी जाती है। (प्रेट्र)

# जीएसटी तर्कसंगत होने से सस्ती होंगी वस्तुएं

## वित्त मंत्री ने दरों में कटौती के दिए हैं संकेत, टैक्स घटने से खपत व रोजगार दोनों बढ़ेंगे

राजीव कुमार ● जागरण




- अप्रैल आखिर या मई शुरुआत में हो सकती है जीएसटी काउंसिल की बैठक
- हालांकि, दरों को कम करने के मसले पर राज्यों की सहमति को लेकर अभी संशय

जिन वस्तुओं पर दरें कम होंगी, वे सस्ती हो जाएंगी और उनकी खपत बढ़ जाएगी। खपत बढ़ने से उन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा और इससे रोजगार भी निकलेंगे। पहले की तुलना में अधिक खपत से टैक्स कलेक्शन भी बढ़ सकता है। मतलब जीएसटी दरें कम करने से टैक्स कलेक्शन भी प्रभावित नहीं होगा। - **एमएस मनी**, टैक्स पार्टनर, डेलाइट

**नई दिल्ली**: जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने की कवायद में अधिकतर वस्तुओं की दरें कम हो सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले सप्ताह एक कार्यक्रम में साफ संकेत दिया था कि अब अगली बारी जीएसटी दरों में कटौती की है। यह कटौती पूर्ण रूप से राज्यों की सहमति पर निर्भर करेगी। पिछले दो साल से मंत्रियों का समूह इस दिशा में काम कर रहा है, लेकिन जीएसटी काउंसिल की पिछली तीन बैठकों से इस मुद्दे पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक चालू संसद सत्र के समाप्त होने के बाद अप्रैल के आखिर या मई के पहले सप्ताह में जीएसटी काउंसिल की बैठक बुलाई जा सकती है। इसमें जीएसटी की दरों को कम करने को लेकर चर्चाएं होंगी। जीएसटी की दरों को कम करने के मसले पर राज्य कितने सहमत होंगे, इस बात को लेकर संशय है। काउंसिल की बैठक में राज्यों के विरोध की वजह से अब तक हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर जीएसटी दरें कम नहीं की जा सकी हैं।

जानकारों का कहना है कि वैश्विक चुनौतियों की वर्तमान परिस्थिति में जीएसटी की दरें कम करने से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने के दौरान कोई भी उद्यमी नहीं चाहेगा कि जिन वस्तुओं की वह बिक्री करता है, उन पर दरें बढ़ें। दरें बढ़ने पर वह वस्तु महंगी हो जाएगी और बिक्री प्रभावित होगी। हर उद्यमी चाहेगा कि उसके द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं की जीएसटी दरें कम हों। अभी कई ऐसी वस्तुएं हैं, जिनके कच्चे माल और तैयार उत्पाद पर जीएसटी की दरों में अंतर है। इससे तार्किक बनाया जा सकता है।

### 35 प्रतिशत का नया जीएसटी स्लैब संभावित

जानकारों के मुताबिक जीएसटी की दरों को कम करना अब इसलिए भी मुश्किल नहीं है क्योंकि कलेक्शन लगातार बढ़ रहा है। एक चर्चा यह भी चल रही है कि तंबाकू और अन्य उत्पादों के लिए 35 प्रतिशत का नया स्लैब लाया जाएगा। नए स्लैब के लिए जीएसटी कानून में संशोधन करना होगा और इसके लिए संसद की मंजूरी लेनी पड़ सकती है। तर्कसंगत बनाने के दौरान रोटी पर पांच प्रतिशत और पराठे पर 12 प्रतिशत जीएसटी जैसे विवादित मसलों का भी हल निकालना होगा।

# आज से स्टील और एल्युमिनियम पर अमेरिका में शुल्क बढ़ा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**: अमेरिका में सभी देशों से आने वाले स्टील और एल्युमिनियम पर 12 मार्च से 25 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। यह घोषणा अमेरिका पहले ही कर चुका है। इस शुल्क बढ़ोतरी से भारत के स्टील व एल्युमिनियम निर्यात पर कोई खास अंतर नहीं पड़ेगा। इन दोनों वस्तुओं का भारत अमेरिका में 1.5 अरब डालर से भी कम का निर्यात करता है।

इस बात की आशंका जरूर जाहिर की जा रही है कि अमेरिका की इस शुल्क बढ़ोतरी नीति से चीन व अन्य देश भारत में स्टील उत्पाद बड़ी मात्रा में भेज सकते हैं। इससे हमारे घरेलू उद्योग के प्रभावित होने की आशंका है। चीन के अलावा भारत में वियतनाम, दक्षिण कोरिया, जापान व सिंगापुर जैसे देशों से स्टील के विभिन्न उत्पादों का आयात होता है। भारत को ये देश बड़े बाजार के रूप में देख रहे हैं। सरकार कई स्टील उत्पादों पर 15 प्रतिशत एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

# वायदा व विकल्प में विसंगतियों से 27% टूटे इंडसइंड बैंक के शेयर




- बीएसई में 655.95 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए बैंक के शेयर
- विसंगतियों से बैंक को 2,100 करोड़ के नुकसान का अनुमान

**मुंबई, प्रेट्र**: डेरिवेटिव (वायदा एवं विकल्प) पोर्टफोलियो में विसंगतियों के कारण मंगलवार को निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक के शेयरों में 27 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई में बैंक के शेयर 655.95 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए। कारोबार के दौरान बैंक के शेयर 28 प्रतिशत गिरकर 52 सप्ताह के निचले स्तर 649 रुपये प्रति इकाई पर पहुंच गए थे।

बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों में दी जानकारी में कहा था कि आंतरिक समीक्षा में डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियां मिली हैं। इससे दिसंबर 2024 तक बैंक के कुल नेटवर्थ पर करीब 2.35 प्रतिशत का प्रतिकूल असर पड़ सकता है। विश्लेषकों का अनुमान है कि इन विसंगतियों से बैंक को 2,100 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। बैंक ने स्वतंत्र समीक्षा और आंतरिक समीक्षा के निष्कर्षों के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को भी नियुक्त किया है। वहीं, मंगलवार को बैंक के सीईओ और प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया ने कहा कि हमारे पास इस नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए पर्याप्त पूंजी भंडार है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास इस चूक का पता चला था और बैंक ने पिछले हफ्ते आरबीआइ को इस बारे में प्रारंभिक जानकारी दी थी। अंतिम संख्या तब पता चलेगी, जब बैंक द्वारा नियुक्त बाहरी एजेंसी अप्रैल की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी। बैंक एक अप्रैल 2024 से डेरिवेटिव में आंतरिक व्यापार बंद कर देगा।

# शीट्रेड्स हब से विदेशी व्यापार में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी

- इस पोर्टल पर निर्यात से जुड़ी सभी समस्या का समाधान और व्यापार से जुड़े संसाधन मिलेंगे
- महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के साथ निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**: फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने शीट्रेड्स इंडिया हब की शुरुआत की है। शीट्रेड्स इंडिया पोर्टल पर महिलाओं को निर्यात से जुड़ी सभी समस्या का समाधान एवं व्यापार से जुड़े संसाधन मिलेंगे। इससे महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के साथ भारत के निर्यात इकोसिस्टम को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आइटीसी) और ब्रिटेन सरकार के सहयोग से शीट्रेड्स की शुरुआत की गई है। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने इस मौके पर कहा कि यह प्लेटफार्म भारतीय महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सफल उद्यमी बनने के लिए हर संसाधन और नेटवर्क प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि शीट्रेड्स इंडिया हब की मदद से व्यापार से जुड़े अन्य प्लेटफार्म भी महिला उद्यमियों को निर्यात से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे और इससे निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा।

डीजीएफटी ने कहा कि इस पहल के माध्यम से तीन लाख महिला उद्यमियों को नामांकित करने पर विचार करना चाहिए। शीट्रेड्स इंडिया हब देश भर में महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों के लिए एक व्यापक संसाधन केंद्र के रूप में काम करेगा जो क्षमता निर्माण कार्यशालाओं, सलाह सत्र, व्यवसाय मिलान कार्यक्रम और नीति संबंधी जानकारी की पेशकश करेगा।

# खाद्य तेल आयात आठ प्रतिशत घटकर 8.85 लाख टन रहा

**नई दिल्ली, प्रेट्र**: इस वर्ष फरवरी के दौरान खाद्य तेल आयात 8,85,561 टन रहा है। उद्योग संगठन साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) के अनुसार, इसमें फरवरी 2024 के 9,59,852 टन के आयात के मुकाबले आठ प्रतिशत की गिरावट रही है।

एसईए के डाटा के अनुसार, पिछले महीने कुल वनस्पति तेल आयात सात प्रतिशत घटकर 8,99,565 टन रहा है। फरवरी 2024 में 9,65,852 टन वनस्पति तेल का आयात किया गया था। पिछले महीने कुल वनस्पति तेल आयात में 8,85,561 टन खाद्य तेल और 14,004 टन गैर-खाद्य तेल शामिल है। पिछले महीने वनस्पति तेल आयात मई 2020 के बाद सबसे कम रहा है। तब कोरोना महामारी के कारण भारत का वनस्पति तेल आयात घटकर 7,20,976 टन रहा था।

# भारत में सेटेलाइट से इंटरनेट देंगी एयरटेल-स्पेसएक्स

**नई दिल्ली**: देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने देश में सेटेलाइट के जरिये इंटरनेट सर्विस देने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ हाथ मिलाया है। यह साझेदारी स्पेसएक्स के सेटेलाइट इंटरनेट डिवीजन स्टारलिंक के माध्यम से भारत में ग्राहकों को हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है। देश में अब तक सेटेलाइट के जरिये इंटरनेट सेवा शुरू नहीं हुई है। हालांकि, भारती ग्रुप के निवेश वाले वनवेब और जियो-एसईएस के संयुक्त उद्यम जियो सेटेलाइट कम्युनिकेशंस को सैटकाम का लाइसेंस जरूर मिला है। स्टारलिंक के अलावा एमेजोन ने भी लाइसेंस के लिए आवेदन किया है।

भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा कि भारत में एयरटेल के ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह अगली पीढ़ी की उपग्रह कनेक्टिविटी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विट्टल ने कहा कि यह सहयोग भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी विश्वस्तरीय हाई-स्पीड ब्राडबैंड लाने की हमारी क्षमता को बढ़ाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक व्यक्ति, व्यवसाय और समुदाय के पास विश्वसनीय इंटरनेट हो।

समझौते के तहत, एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के रिटेल स्टोर पर स्टारलिंक उपकरण और एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं, समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के अवसर, भारत के दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी कई अन्य चीजों की पेशकश करने की संभावना तलाशेंगे।

airtel SPACEX STARLINK

- भारतीय दूरसंचार कंपनी ने एलन मस्क की इंटरनेट कंपनी के साथ की साझेदारी
- दूरदराज इलाकों में हाई-स्पीड ब्राडबैंड उपलब्ध कराने की क्षमता बढ़ेगी
- देश में अभी तक शुरू नहीं हो पाई है सेटेलाइट के जरिये इंटरनेट सेवा

### अब तक 100 देशों में अपनी सेवाएं शुरू कर चुकी है स्टारलिंक

स्टारलिंक अब तक करीब 100 देशों में अपनी सेवाएं शुरू कर चुकी है। हाल में उसने भूटान में सेटेलाइट के जरिये इंटरनेट सर्विस शुरू की थी और अब बांग्लादेश में भी इसकी तैयारी कर रही है। हालांकि भारत अब तक इससे अछूता रहा था। हाल ही में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद माना जा रहा था कि स्टारलिंक को भारत में पीछे के दरवाजे से प्रवेश मिल सकता है। इसकी वजह यह है कि मस्क को ट्रंप का करीबी माना जाता है। हालांकि दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने साफ किया था कि स्टारलिंक को भारत में लाइसेंस हासिल करने के लिए सभी नियमों का पालन करना होगा।



# भाजपा विधायक ने बिहार को बताया हिंदू राज्य

**राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना**: होली के मौके पर जुमे की नमाज का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा, इसी बीच भाजपा विधायक हरि भूषण ठाकुर बचौल ने मंगलवार को बिहार को हिंदू राज्य बता दिया। जिसके बाद भाजपा की सहयोगी से लेकर राजद व कांग्रेस तक इसके विरोध में खड़े हो गए। प्रदेश की राजनीति गर्म हो गई है। राजद ने कहा, विस चुनाव के पहले भाजपा धार्मिक उन्माद फैलाने की साजिश रच रही है।

विधानसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने के ठीक पहले विस परिसर में विपक्ष के प्रदर्शन के बीच भाजपा विधायक हरि भूषण ने कहा कि बिहार एक हिंदू राज्य है। बागेश्वरधाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने अपनी सभा के दौरान यह बात कही थी। उसी को आगे बढ़ाते हुए बचौल ने कहा, बिहार व बिहारवासी हिंदू हैं। बिहार के हिंदुओं से लेकर मंत्री तक हिंदू हैं इसलिए, बिहार एक हिंदू राज्य है। बचौल का बयान आने के बाद भाजपा की सहयोगी जदयू के नेता व मंत्री मदन सहनी ने कहा बिहार हिंदू राज्य नहीं है। हिंदू राज्य के लिए, तो संविधान संशोधन करना होगा। वहीं मंत्री जमा खान ने कहा कि बिहार में जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं, तब तक यहां धर्म निरपेक्षता को कोई खतरा नहीं है।

# बलूचिस्तान की आजादी को लड़ रही बीएलए


पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच विद्रोहियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक किए जाने के बाद एक रेलवे स्टेशन पर जुटे यात्रियों के चिंतित स्वजन ● एपी

**इस्लामाबाद, रायटर**: बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) इस क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय कई विद्रोही समूहों में सबसे मजबूत है। अफगानिस्तान व ईरान की सीमा से लगे हुए खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र बलूचिस्तान में बीजिंग ने ग्वादर बंदरगाह व अन्य परियोजनाओं में निवेश किया है। पहले यह कम विद्रोही था, लेकिन बीते कुछ माह में इन्होंने नई रणनीतियों के साथ हमले तेज कर दिए हैं, जिससे काफी लोगों की जानें गई हैं। यह समूह चीनियों को भी निशाना बनाता है।

**बीएलए का मकसद**: बीएलए पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम में स्थित प्रांत बलूचिस्तान की आजादी चाहता है, जो उत्तर में अफगानिस्तान व पश्चिम में ईरान से सटा हुआ है। यह कई जातीय विद्रोही समूहों में सबसे बड़ा है। ये दशकों से सरकार से लड़ रहे हैं। इनका दावा है कि सरकार बलूचिस्तान के गैस-खनिज संसाधनों का अनुचित शोषण करती है। ये स्थानीय संसाधनों पर दावा करते हैं। बलूचिस्तान का पहाड़ी सीमावर्ती क्षेत्र बलूच विद्रोहियों व इस्लामी आतंकवादियों के लिए सुरक्षित ठिकाना व प्रशिक्षण स्थल है। 2022 में सेना-नौसेना के ठिकानों पर हमले कर बीएलए ने सुरक्षा एजेंसियों को चौंका दिया था।

### बलूचिस्तान का महत्व

बलूचिस्तान चीन के 60 अरब डालर के निवेश (सीपीईसी) का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां रेको डिक जैसे खनन प्रोजेक्ट शामिल है, जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी स्वर्ण और तांबा खदान माना जाता है। यह प्रांत अस्थिरता और सुरक्षा चिंताओं से जूझ रहा है।

### बलूचिस्तान का इतिहास

भारत और पाकिस्तान के अलगाव के बाद 1948 से ही बलूचों के लिए अलग देश की मांग के साथ विद्रोह की शुरुआत हो गई थी। यह संघर्ष 1950 से 1970 के दशकों तक कई चरणों में चला। 2003 में परवेज मुशर्रफ के कार्यकाल के दौरान विद्रोही गतिविधियां काफी बढ़ गईं और उन्होंने बलूची विद्रोहियों के विरुद्ध कई अभियान चलाए। बलूचों द्वारा उनके शोषण और मानवाधिकारों के हनन की शिकायत की जाती रही है।

इसने महिला फियादीनों को तैयार किया और कराची विश्वविद्यालय में चीनी नागरिकों पर हमला और दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान में बमबारी की। इसका एक निष्क्रिय समूह बीएलए (आजाद) भी हाल के हफ्तों में सक्रिय हुआ है।

बीएलए अक्सर बलूचिस्तान में बुनियादी ढांचे और सुरक्षा बलों को निशाना बनाता है। यह पाकिस्तान की सेना और चीनी लोगों को निशाना बनाता है।

# शाह रुख के बंगले मन्नत को आठ मंजिला करने पर विवाद

**जासं, नई दिल्ली**: फिल्म अभिनेता शाह रुख खान मुंबई में बांद्रा स्थित छह मंजिला बंगले 'मन्नत' को आठ मंजिला करना चाहते हैं। इसी के विरोध नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता संतोष दौंडकर का आरोप है कि इस कार्य के लिए नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके लिए मंजूरी भी नहीं ली गई है। इस पर एनजीटी ने याचिकाकर्ता से अपने आरोपों के संबंध में आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है।

याचिकाकर्ता संतोष दौंडकर ने तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) में आने वाले मन्नत में दो और मंजिलें बढ़ाने के लिए दी गई मंजूरी की वैधता को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि परियोजना प्रस्तावक ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनिवार्य मंजूरी लिए बिना ही दो संरचनाओं को तोड़ दिया था। संपूर्ण भूखंड सरकारी विकास योजना में एक आर्ट गैलरी के लिए आरक्षित था और इसे महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथारिटी (एमसीजेडएमए) की अनिवार्य अनुमति के बिना हटा दिया गया है।

# म्यांमार में नौकरी के झांसे में फंसे 530 भारतीयों की हुई सुरक्षित वतन वापसी


वतन वापसी करने वालों से लखनऊ पुलिस लाइन में पूछताछ की गई ● सौजन्य: पुलिस

- पीड़ितों ने जांच एजेंसियों को बताई आपबीती- कहा- कराई जाती थी साइबर ठगी
- कहा- शिकार नहीं फंसा तो होती थी पिटाई, दो दिन में लाए गए ये पीड़ित

**जागरण संवाददाता, गाजियाबाद**: म्यांमार में फर्जी नौकरी के जाल में फंसे 530 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रूप से देश वापस लाया गया है। भारतीय दूतावास ने म्यांमार व थाइलैंड के स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इन नागरिकों की वापसी सुनिश्चित की। इनमें से 283 पीड़ित सोमवार को लाए गए थे, जबकि मंगलवार रात को 247 को हिंडन एयरबेस पर विशेष विमान से लाया गया। इनमें से कुछ को गाजियाबाद सीबीआइ अकादमी और 21 को लखनऊ ले जाया गया, जहां उनसे पूछताछ की गई। जांच एजेंसियां रिपोर्ट बनाकर गृह मंत्रालय को भेजेंगी।

वहीं, प्रेट्र के अनुसार विदेश मंत्रालय ने कहा, सोमवार को भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा थाइलैंड के माए साट से इनकी वापसी कराई गई। म्यांमार से मुक्त कराए गए युवा इंजीनियरों ने जांच एजेंसियों को बताया है कि उनसे जबरन भारतीयों को फोन कर साइबर ठगी कराई जाती थी। दिनभर में यदि एक भी शिकार नहीं फंसा तो उनकी पिटाई की जाती थी। मंत्रालय ने कहा, भारत लगातार प्रयासरत है कि वह म्यांमार सहित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में फर्जी नौकरी के झांसे में फंसे अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी कराए।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन नागरिकों को डिजिटल सेल्स और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव जैसे आकर्षक पदों के लिए नौकरी का लालच दिया गया था। ये आफर फर्जी साबित हुए और पीड़ितों को अवैध रूप से सीमा पार कर म्यांमार ले जाया गया।

मंत्रालय ने बताया, ऐसे फर्जी नौकरी रैकेट सक्रिय हैं, जो युवाओं को जाल में फंसाते हैं। मंत्रालय ने कहा, हमारे म्यांमार व बैंकाक में स्थित भारतीय मिशनों को हाल ही में थाइलैंड और म्यांमार में काल सेंटर घोटालों, क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी से जुड़े फर्जी नौकरी आफरों की जानकारी मिली है। मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे लुभावने प्रस्तावों से सावधान रहें और किसी भी नौकरी को स्वीकार करने से पहले उसकी जांच-पड़ताल करें। पीड़ितों ने जांच एजेंसियों को बताया, उन्हें अच्छे वेतन पर नौकरी का झांसा देकर म्यांमार के म्यावाडी शहर में बंधक बनाया गया था। कई दिनों तक भूखे-प्यासे रहने पर वह साइबर ठगी करने को तैयार हुए। उन्हें 40 दिनों तक साइबर ठगी की ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद उनसे डिजिटल अरेस्ट, फोन हैक, कस्टमर केयर फ्राड, शेयर ट्रेडिंग और टेलीग्राम टास्क फ्राड करने का काम दिया जाने लगा।

# खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के छह आतंकियों को उम्रकैद की सजा

चंडीगढ़ में एनआइए की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला, पाक से ड्रोन से मंगवाते थे हथियार व नशा

**जागरण संवाददाता, मोहाली**: पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से पंजाब में हथियार व नशा मंगवाने के मामले में मोहाली में विशेष एनआइए अदालन ने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के छह आतंकियों को उम्रकैद व तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। इन दोषियों के संबंध जर्मनी स्थित गुरमीत सिंह उर्फ बग्गा तथा पाकिस्तान स्थित रंजीत सिंह उर्फ नीटा जैसे नामित आतंकियों से हैं।

2019 में ड्रोन से विस्फोटक व हथियारों की तस्करी करने के दोष में आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश संधू, बलवंत सिंह, हरभजन सिंह, बलबीर सिंह बिंदा, मानसिंह व गुरदेव सिंह को आजीवन कारावास तथा शुभदीप सिंह, साजनप्रीत सिंह व रोमनदीप सिंह उर्फ रोमन को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई गई। एनआइए ने मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। 22 सितंबर 2019 को पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीम अमृतसर के इंस्पेक्टर इंद्रदीप सिंह को सूचना मिली थी कि गुरमीत सिंह उर्फ बागा उर्फ डाक्टर निवासी झज, जिला होशियारपुर खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के सदस्य रणजीत सिंह उर्फ नीटा व मान सिंह के संपर्क में है। सभी दोषी इंटरनेट मीडिया व मोबाइल फोन के जरिये एक-दूसरे से जुड़े थे। पंजाब व भारत में आतंकवादी गतिविधियों को फिर सक्रिय करने की योजना बना रहे थे। एनआइए ने अक्टूबर 2019 में अमृतसर पुलिस से इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

# उत्तराखंड में स्वावलंबन की सारथी बनीं वाइब्रेंट विलेज की दस 'देवियां'

## उत्तरकाशी में हर्षिल घाटी के सीमांत ग्रामों में सहकार से आ रहा बदलाव

जागरण विशेष

शैलेंद्र गोदियाल ● जागरण

**हरिद्वार**: केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल उत्तराखंड के चार सीमांत गांवों की दस महिलाएं स्वावलंबन की मिसाल बनी हैं। इनमें से नौ महिलाएं आमील (सीबकथोर्न) फल और हर्षिल के प्रसिद्ध सेब से जैम, चटनी, जूस, सिरका व पहाड़ी सरसों का नमक बना रही हैं। जबकि, एक महिला हर्षिल के प्रसिद्ध राजमा, सब्जी व सेब का उत्पादन कर रही है। इन महिलाओं का यह प्रयास सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों की आर्थिकी बदलने में अहम भूमिका निभा रहा है।

उत्तरकाशी जिले में स्थित हर्षिल घाटी में महिलाओं के स्वावलंबन की यह यात्रा वर्ष 2022 में शुरू हुई। ग्रामीण वेग वृद्धि परियोजना (रिप) के तहत उत्तरकाशी में हर्षिल घाटी के झाला, जसपुर, धराली व सुक्की में 150 से महिलाओं को आमील व सेब उत्पादन, प्रोसेसिंग और विपणन का प्रशिक्षण दिया। फिर हर्षिल घाटी के आठ गांवों की महिलाओं को "उपला टकनौर कृषक उत्पादक संगठन" से जोड़कर ग्राम झाला में फल प्रसंस्करण इकाई स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त आमील के फल को पेड़ों से निकालने से लेकर उत्पाद तैयार करने की प्रोसेसिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया। इसकी ब्रांडिंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी मदद की जा रही है। अभी इन महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों को 'हिलांस' और 'हाउस आफ हिमालयाज' नाम बाजार में उतारा गया है। इसकी मांग भी लगातार बढ़ी है। उत्पादन के साथ ही ये महिलाएं इनकी प्रोसेसिंग, विपणन और उत्पादों की ब्रांडिंग पर भी काम करती हैं। इनके द्वारा तैयार सेब की चटनी व जैम को दो वर्ष पहले जसपुर के प्रधान हरीश राणा ने पीएमओ को भेजा था। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।

विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।


वाइब्रेंट विलेज झाला, जसपुर और सुक्की गांव की महिलाएं आमील व सेब से कई उत्पाद तैयार कर रही हैं ● जागरण

### संतरे से 12 गुना ज्यादा विटामिन सी

झाला गांव निवासी प्रभा रौतेला कहती हैं कि आमील की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है। इसमें ओमेगा-3, ओमेगा-6 और ओमेगा-9 प्रचुर मात्रा में है। विटामिन-सी की मात्रा संतरे से 12 गुना अधिक है। अन्य कई औषधीय गुण भी इसमें हैं। झाला निवासी सुधा रौतेला कहती हैं कि हर्षिल घाटी में गांव के आसपास आमील के पेड़ बड़ी संख्या में हैं। हर्षिल घाटी में आमील को बढ़ावा देने के लिए 5,500 पौधे तैयार किए गए, जो झाला, सुक्की और जसपुर गांव के काश्तकारों को दिए जाएंगे। ताकि वे हर्षिल घाटी में सीबकथोर्न का उत्पादन बढ़ा सकें।

### अलग-अलग उत्पादों पर ध्यान, 150 महिलाएं और जुड़ीं


सुनीता पंवार

हर्षिल घाटी के धराली गांव निवासी सुनीता पंवार राजमा, सेब और सब्जियों का उत्पादन कर रही हैं। इस सीजन में उन्होंने 10 क्विंटल राजमा बेचा है। बाजार में इसकी कीमत 350 रुपये प्रति किलो है। झाला निवासी प्रभा रौतेला, सुधा रौतेला, सुक्की निवासी शीतल रावत, रेखा, मंजू राणा, बबीता, जसपुर निवासी सुनीता राणा व निर्मला राणा आमील, हर्षिल के सेब उत्पाद और पहाड़ी सरसों के नमक बनाती हैं। इन्होंने हर्षिल की करीब 150 अन्य महिलाओं को भी अपने समूह में जोड़ा है। समूह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 12.50 लाख के आमील उत्पाद बेचे, जिससे हर महिला को 40 हजार रुपये की आय हुई।

आमील की उपलब्धता को देखते हुए इसके व्यावसायिक उत्पादन, प्रोसेसिंग, विपणन और ब्रांडिंग के साथ अनुसंधान की योजना का एक्शन प्लान पर काम हो रहा है। वाइब्रेंट विलेज के तहत हर्षिल घाटी के सभी परिवारों को जोड़ने की योजना है। अभी झाला, जसपुर और सुक्की की महिलाएं इस पर काम कर रही हैं। **कपिल उपाध्याय**, परियोजना प्रबंधक, ग्रामीण वेग वृद्धि परियोजना, उत्तरकाशी

********


रजत कपूर से अचीवर्स अवार्ड लेते विनीत कुमार सिंह

जागरण फिल्म फेस्टिवल को विश्व के सबसे बड़े घुमंतू फिल्म फेस्टिवल का गौरव प्राप्त है। देश की राजधानी दिल्ली से शुरू होकर 18 प्रमुख शहरों से होता हुआ ये फिल्म फेस्टिवल पहुंचा ग्लैमर की राजधानी मुंबई। इसके समापन में फिल्म जगत की कई प्रसिद्ध हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से दर्शकों का न केवल ज्ञानवर्धन, बल्कि मनोरंजन भी किया। इस फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशिष्टता वाली फिल्मों से लेकर लघु फिल्मों की विस्तृत श्रंखला दर्शकों को देखने को मिली। जागरण फिल्म फेस्टिवल सम्मान समारोह की कुछ खास झलकियां...


विलेज राकस्टार 2 के लिए ओनिर व मधुरिता आनंद से सर्वश्रेष्ठ एडिटिंग का पुरस्कार प्राप्त किया रीमा दास ने


फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों को संबोधित करते अभिनेता पंकज कपूर, इस अवसर पर उनका सम्मान भी किया गया


सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री 6 ए आकाशगंगा हेतु एलजांड्रो कोर्ट्स व डा. रजनी आचार्य से पुरस्कार लेते निर्देशक निर्मल चंदर डंडरियाल


जयप्रद देसाई से सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड स्कोर का पुरस्कार लेते राय मेनजेस


आइकन आफ इंडियन सिनेमा के लिए मधुरिता आनंद, जयप्रद देसाई, अनिल शर्मा, रजत कपूर, उषा जाधव और एलजांड्रो कोर्ट्स से पुरस्कार लेतेहुए समीर अनजान


सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी (द स्पार्क- चिंगारी) हेतु मधुरिमा तुली व उषा जाधव से पुरस्कार लेते राजेश एस जाला


एलजांड्रो कोर्ट्स–सौरभ सचदेवा से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (लापता लेडीज) का पुरस्कार लेती स्पर्श श्रीवास्तव की मां रागिनी


जयप्रद देसाई–रसूल पुकुट्टी से सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार लेते वृशाल चव्हाण


सिनेमाई उत्कृष्टता में विशेष योगदान के लिए पुरस्कार लेते छबू तुकाराम नागरे


फेस्टिवल में श्वेता बासु प्रसाद


अनिल शर्मा से फिल्म जिप्सी के लिए सर्वश्रेष्ठ डेब्यू डायरेक्टर का पुरस्कार लेते शशि चंद्रकांत कंधारे


मधुरिमा तुली व उषा जाधव से सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले (विलेज राकस्टार 2) का पुरस्कार लेती रीमा दास


श्वेता बासु प्रसाद व अमित साध से सर्वश्रेष्ठ शार्ट फिल्म भारतीय का पुरस्कार लेते दीपक लोहाना व पीयूष ठाकुर


फेस्टिवल प्रशंसित फिल्म नमस्ते सर के लिए सामंथा कोचर व रजत कपूर से पुरस्कार प्राप्त करते निर्देशक गौरव आसरी


विलेज राकस्टार 2 के लिए अनिल शर्मा से सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार लेती रीमा दास


सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ओटीटी सान्या मल्होत्रा के लिए एलजांड्रो कोर्ट्स–सौरभ सचदेवा से पुरस्कार लेती आरती कदव



## एक नजर में

### कस्टडी पैरोल की मांग पर कोर्ट पहुंचे इंजीनियर रशीद

**नई दिल्ली :** यूएपीए के मामले में गिरफ्तार जम्मू-कश्मीर के बारामूला के सांसद इंजीनियर रशीद ने कस्टडी पैरोल देने से इन्कार करने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका पर बुधवार को न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह व रजनीश कुमार गुप्ता की पीठ सुनवाई करेगी। ट्रायल कोर्ट ने 10 मार्च को रशीद को राहत देने से इन्कार कर दिया था। (जासं)

### दिहुली नरसंहार में तीन आरोपित दोषी करार

**मैनपुरी :** फिरोजाबाद के दिहुली में 43 साल पहले हुए सामूहिक नरसंहार में न्यायालय ने तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। सजा सुनाने के लिए 18 मार्च की तारीख नियत की है। रंजिश और मुखबिरी के शक में हत्याकांड में हथियारबंद 17 लोगों ने 24 दलितों की हत्या की थी। सुनवाई के दौरान 13 आरोपितों की मृत्यु हो चुकी है। (जासं)

### लीलावती अस्पताल के पूर्व ट्रस्टियों पर 1,500 करोड़ की हेराफेरी का आरोप

**मुंबई, प्रेट्र:** मुंबई के लीलावती अस्पताल के पूर्व ट्रस्टियों पर 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की हेराफेरी का आरोप लगा है। अस्पताल का संचालन करने वाले लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट (एलकेएमएमटी) ने मंगलवार को बताया कि इस संबंध में ईडी और बांद्रा पुलिस स्टेशन में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।

लंबी कानूनी लड़ाई के बाद ट्रस्ट पर नियंत्रण हासिल करने के बाद वर्तमान ट्रस्टियों ने अपने पूर्ववर्तियों द्वारा अस्पताल प्रबंधन के मामलों में बड़े पैमाने पर कथित अनियमितताओं की पहचान कर फोरेंसिक आडिट कराने का निर्णय लिया। आडिटरों को पूर्व ट्रस्टियों द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितताएं, हेराफेरी का पता चला। वर्तमान ट्रस्टी ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में तीन शिकायतें दर्ज कराईं। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामला आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दिया गया जो मामले की जांच कर रही है।

# जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या के मामले में छह अन्य हिरासत में

**जागरण संवाददाता, सीतापुर :** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड के मामले को लेकर पुलिस टीमें तेजी से काम कर रही हैं। मंगलवार को भी छह संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इसमें पूर्व में गंभीर वारदात कर चुके तीन अपराधी भी शामिल हैं। राघवेंद्र के मोबाइल सहित घटनास्थल के आसपास सक्रिय मिले मोबाइलों की काल डिटेल, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ 35 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस टीमें पूछताछ कर रही हैं।

हिरासत में लिए गए लोगों से धान खरीद, जमीन खरीद सहित कई अन्य बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है। एसटीएफ की टीम भी जांच कर रही है। राघवेंद्र की आठ मार्च को लखनऊ-बरेली हाईवे के हेमपुर ओवरब्रिज पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बाइक सवार दो युवक पीछा करते दिख रहे हैं। ये युवक मुंह पर कपड़ा लपेटे थे।


राघवेंद्र बाजपेयी ● फाइल फोटो

फुटेज के आधार पर संदिग्ध वाहन भी रडार पर हैं। घटना के पहले और बाद में गुजरने वाले वाहनों की फुटेज लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। घटना के समय गुजरे कुछ वाहनों की पुलिस ने फुटेज भी हासिल की है। वाहनों के नंबर ट्रेस कर वाहन स्वामियों की प्रोफाइल खंगाली जा रही है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई भी की है। इसमें उन्होंने महोली थानाध्यक्ष विनोद मिश्र को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही इमलिया सुलतानपुर थाने की पड़रखा चौकी प्रभारी सतीश चंद्र और सिपाही राजकुमार व नरेंद्र मोहन को निलंबित कर दिया है। राघवेंद्र को इसी चौकी क्षेत्र के हेमपुर ओवरब्रिज पर गोली मारी गई थी। हालांकि, अभी तक इन पुलिसकर्मियों के स्थान पर किसी की तैनाती नहीं की गई है। एसपी ने बताया कि महोली में अतिरिक्त निरीक्षक अमर सिंह को प्रभार सौंपा गया है।

### 50 संदिग्ध से की जा चुकी पूछताछ

पुलिस की 15 टीमों ने अब तक 50 संदिग्धों से पूछताछ की है। इनमें महोली तहसील के चार लेखपाल, धान खरीद से जुड़े ठेकेदार व राजस्वकर्मी समेत 25 लोग अभी हिरासत में हैं। घटनास्थल पर सक्रिय मिले 18 हजार मोबाइल नंबरों की जांच कर ली गई है। इसमें संदिग्ध मिले करीब 12 नंबर भी पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि संदिग्धों को हिरासत में लेकर विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस टीमें तेजी से जांच कर रही हैं।

### जमीन के बदले नौकरी मामले में तेज प्रताप व हेमा यादव को जमानत

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** जमीन के बदले नौकरी से जुड़े मामले में सीबीआइ की विशेष अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को जमानत दे दी। राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष अदालत ने दोनों भाई-बहन को 50-50 हजार के निजी मुचलके व इतनी ही राशि के एक जमानती पर जमानत दी है। तेज प्रताप व हेमा यादव मंगलवार को पेश हुए।

सीबीआइ ने दावा किया है कि नियुक्तियां भारतीय रेलवे द्वारा स्थापित भर्ती मानकों-निर्देशों के अनुरूप नहीं थीं। अक्टूबर 2024 में अदालत ने घोटाले के सिलसिले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में लालू व उनके बेटों को जमानत दी थी। मामले में सीबीआइ ने लालू समेत 78 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप लगाया गया है कि 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री के रूप में कार्यरत लालू यादव ने रेलवे की ग्रुप-डी की नौकरियों के बदले उम्मीदवारों से जमीन और संपत्ति हथियाई थी।

# कार के विंडो में गर्दन फंसने से मासूम की मौत

**जागरण संवाददाता, बलिया :** एक दिल दहला देने वाले हादसे में डेढ़ साल के मासूम की कार के विंडो में गर्दन फंसने से मौत हो गई। वह अपनी मां की गोद में बैठ कर खिड़की (विंडो) के बाहर देख रहा था। कार स्टार्ट करते ही खिड़की का शीशा ऊपर की ओर चढ़ा और बच्चे की गर्दन फंस गई। बेल्थरारोड के चकिया गांव निवासी रवि ठाकुर ने बलेनो कार खरीदी थी और मंदिर में पूजा के लिए गए थे। उनके साथ भतीजे रोशन ठाकुर भी परिवार के साथ गए थे। घर लौटने के लिए वे लोग कार में बैठे।

उस समय कार का विंडो खुला था और पीछे की सीट पर मां की गोद में बैठा रोशन का डेढ़ साल का बेटा रेयांश खिड़की के बाहर देख रहा था। ड्राइवर ने जैसे ही कार स्टार्ट की, खिड़की का शीशा ऊपर उठा और बच्चे की गर्दन उसमें फंस गई। मां जब तक खिड़की का शीशा नीचे करती, बच्चा अचेत हो चुका था। अस्पताल में डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। माता-पिता को बच्चों को कार में अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। आटोमैटिक सिस्टम को लेकर विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसी गाड़ी लें जिसमें चाइल्ड सेफ्टी फीचर्स हों। ड्राइविंग के समय बच्चों को सिर या हाथ खिड़की से बाहर निकालने न दें।


भगवान भोलेनाथ की नगरी काशी में मंगलवार को अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मणिकर्णिका घाट पर श्रद्धालुओं ने पूरे उल्लास के साथ चिता भस्म की होली खेली ● प्रेट्र

# एक्स पर हुए साइबर हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ : मस्क

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** अरबपति एलन मस्क ने संकेत दिया कि एक्स पर हुए साइबर हमले में यूक्रेन का हाथ है। हमले के कारण उनके इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर समस्या उत्पन्न हुई। भारत सहित यूरोप, उत्तरी अमेरिका और एशिया के लाखों यूजर्स सोमवार को लंबे समय तक माइक्रोब्लागिंग प्लेटफार्म तक पहुंचने में असमर्थ रहे।

फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में मस्क ने साइबर हमले की अपनी बात को फिर से दोहराया, जिसमें उन्होंने कहा, इसके पीछे के अपराधी यूक्रेन से हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार के रूप में एलन मस्क यूक्रेनी सरकार की आलोचना करते रहे हैं। हाल ही में मस्क ने चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने अपना स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सिस्टम बंद कर दिया, तो कीव के डिफेंस सिस्टम की पूरी फ्रंटलाइन ध्वस्त हो जाएगी।


एलन मस्क ● फाइल फोटो

**एलन मस्क ने किया दावा, एक्स डाउन होने से भारत सहित यूरोप, उत्तरी अमेरिका और एशिया के लाखों यूजर्स हुए परेशान**

एक्स पर हुए साइबर हमले की जांच कर रहे अमेरिकी अधिकारियों ने पता नहीं लगाया कि हमले के पीछे कौन था। अधिकारी ने कहा कि रिपब्लिकन प्रशासन अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ सभी साइबर हमलों को गंभीरता से लेता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी सरकार ने इस बारे में कोई खुफिया जानकारी नहीं जुटाई है।

### मीरवाइज की एएसी और जेकेआइएम पर प्रतिबंध पांच वर्ष बढ़ा

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● जम्मू :** केंद्र सरकार ने हुर्रियत कान्फ्रेंस के चेयरमैन मीरवाइज मौलवी उमर फारूक के संगठन अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) और शिया अलगाववादी संगठन जम्मू कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (जेकेआइएम) पर प्रतिबंध पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में दोनों संगठनों को राष्ट्रीय संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। केंद्र ने यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत की है।

यह आदेश उस समय आया है जब हुर्रियत प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक व उनके समर्थक कुछ अन्य अलगाववादी गुट मुख्यधारा की सियासत की ओर बढ़ने के संकेत दे रहे थे। गृह मंत्रालय ने दो अलग-अलग अधिसूचना जारी कर दोनों संगठनों पर प्रतिबंध को बढ़ाया है।

# क्लाउड सीडिंग से वर्षा की कमी होगी पूरी

संजीव गुप्ता ● जागरण

**नई दिल्ली :** जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव मौसम चक्र को प्रभावित करने के साथ वर्षा पैटर्न को भी बदल रहा है। मात्रा के लिहाज से भले ही अब भी साल भर में और मानसून के दौरान सामान्य वर्षा हो रही हो, लेकिन उसका वितरण असमान हो गया है। कहीं वर्षा अधिक होती है, तो कहीं हल्की रह जाती है। कहीं भूजल के स्तर में कोई सुधार नहीं होता और कहीं यह पानी व्यर्थ बह जाता है। कृषि जगत के लिए भी समस्या उत्पन्न हो गई है। भविष्य में इस समस्या के गंभीर होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए ही मौसम विभाग क्लाउड सीडिंग तकनीक पर काम करने की तैयारी कर रहा है।

मौसम विभाग का लक्ष्य अत्याधुनिक निगरानी तकनीक एवं सिस्टम विकसित करके हाइ रिजोल्यूशन वायुमंडलीय निगरानी, रडार और उपग्रहों के साथ उच्च क्षमता वाले कंप्यूटरों के जरिये उच्चस्तरीय क्षमताओं को हासिल करना है। इस माध्यम से मौसमी घटनाओं को प्रबंधित करने का भी प्रयास रहेगा, जैसे मांग के अनुसार वर्षा, ओले, कोहरा बढ़ाना या घटाना और बिजली गिरने की घटनाओं को नियंत्रित करना। इसके लिए क्लाउड फिजिक्स में अनुसंधान को मजबूत करना सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए मौसम विभाग की रिसर्च विंग पुणे में स्थित आइआइटीएम में एक क्लाउड चैंबर स्थापित किया जा रहा है। चैंबर में बादलों पर शोध होगा।

- आइआइटीएम पुणे में विभाग स्थापित कर रहा क्लाउड चैंबर
- बादलों पर होगी रिसर्च, नमी, हवा की गति का होगा आकलन

> क्लाउड सीडिंग तकनीक पर आइआइटीएम पुणे काम कर रहा है। फिलहाल उपकरणों की खरीद प्रक्रिया चल रही है।
> –डा मृत्युंजय महापात्र, महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बादल का बेस आमतौर पर धरती की सतह से एक से डेढ़ किमी दूर तक होता है, लेकिन इनकी ऊंचाई 12 से 13 किमी तक हो सकती है। अब देश को बादलों की ऊंचाई पर हो रहे बदलावों के लिए तैयार किया जाएगा। इसमें नमी, हवाओं की गति व तापमान का आकलन होगा। बादलों के घनत्व को कम करने के लिए अधिक वर्षा वाले बादलों को ऐसे इलाकों की ओर भेजने की कोशिश होगी, जहां वर्षा कम हो रही है। विज्ञानियों ने बताया कि साल दर साल वर्षा के पैटर्न में बदलाव आया है। इससे निपटने की तैयारी है। दूसरे चरण में बिजली गिरने की समस्या से निपटने पर काम होगा। इसमें बादलों से जमीन में गिरने वाली बिजली को बादल से बादल पर शिफ्ट करने पर शोध होंगे। दूसरे चरण में फाग की समस्या से निपटने पर भी शोध होगा।

### जर्मन नागरिक को मनी लांड्रिंग में नाम आने का झांसा दे 30 लाख ठगे

**जासं, उत्तरकाशी :** डुंडा के कुंसी गांव स्थित एक आश्रम में ठहरे जर्मन नागरिक से मनी लांड्रिंग में नाम आने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 30 लाख रुपये ठग लिए। जर्मन नागरिक ने उत्तरकाशी कोतवाली में इसकी शिकायत की। ठगी की रकम अधिक होने के चलते उनको देहरादून साइबर थाने भेजा गया है।

उत्तरकाशी कोतवाली की प्रभारी इंस्पेक्टर भावना कैंथोला के अनुसार, जर्मनी निवासी डा. हरमन हेनरिक करीब एक सप्ताह पहले उत्तरकाशी पहुंचे। चार मार्च को उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने कहा कि उनके डाक्यूमेंट चेक करने पर पता चला कि उनका नाम मनी लांड्रिंग में आया है। विदेशी नागरिक ने बैंक जाकर 30 लाख रुपये आरोपित के बताए बैंक खाते में जमा करा दिए। इसके बाद उन्होंने आरोपित से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका नंबर बंद है।

********

बचपन से मेरा एक ही सपना था, भारत की तरफ से खेलना। अगर आपका लक्ष्य देश की तरफ से खेलना है तो चीजें अनुकूल होती जाएंगी और इनमें आइपीएल भी शामिल है। -**ऋषभ पंत**, भारतीय क्रिकेटर

# 15 महीने बाद डब्ल्यूएफआइ का निलंबन हटा

## खेल मंत्रालय ने बहाल किया राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा टूर्नामेंट के आयोजन का रास्ता हुआ साफ

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** खेल मंत्रालय ने करीब 15 महीने बाद भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) पर लगाया गया निलंबन हटा दिया है, जिससे खेल में बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है और विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का रास्ता भी साफ हो गया है। इसमें 25 मार्च से अम्मान में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी शामिल हैं। मंत्रालय ने संचालन संबंधी गतिविधियों में खामियों के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआइ को निलंबित कर दिया था। नई संस्था का गठन इससे तीन दिन पहले 21 दिसंबर को हुआ था। मंत्रालय ने तब भारतीय ओलिंपिक संघ (आइओए) को कुश्ती महासंघ का कामकाज देखने के लिए तदर्थ पैनल गठित करने का निर्देश दिया था।

संजय सिंह के नेतृत्व वाली नई संस्था ने डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ नंदिनी नगर, गोंडा में अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी, जिससे सरकार नाराज थी क्योंकि पूर्व भाजपा सांसद यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे थे। खेल मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआइ ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं और इसलिए खेल और खिलाड़ियों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने निलंबन हटाने का फैसला किया है। इस तरह की शिकायतें मिली थी कि डब्ल्यूएफआइ अब भी बृजभूषण के आवास से काम कर रहा है। इसे देखते हुए मंत्रालय ने सत्यापन समिति गठित की जिसने पाया कि महासंघ ने अपना कार्यालय दिल्ली के पूर्वी विनोद नगर में स्थानांतरित कर दिया है। कुश्ती महासंघ ने सुधार के लिए जो आवश्यक उपाय किए उससे मंत्रालय संतुष्ट था। उसके अलावा उसने इस पर भी गौर किया कि एक अदद संस्था नहीं होने के कारण 2026 में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलिंपिक खेलों में भारतीय पहलवानों की पदक की संभावना प्रभावित हो सकती है। इन्हें ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने निलंबन वापस लेकर डब्ल्यूएफआइ का एनएसएफ का दर्जा बहाल कर दिया।

### मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआइ को दिए ये निर्देश

- डब्ल्यूएफआइ को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे तथा वह स्वयं को निलंबित या बर्खास्त किए गए अधिकारियों से अलग रखे। नए महासचिव प्रेम चंद लोचब विरोधी खेमे से चुने गए थे और मंत्रालय के निर्देश को उसी संदर्भ में समझा जा सकता है।
- डब्ल्यूएफआइ की कार्यकारी परिषद को इस संबंध में चार सप्ताह के अंदर हलफनामा देना होगा। किसी भी तरह का कोई भी उल्लंघन उचित कानूनी कार्रवाई को आमंत्रित करेगा, जिसमें खेल संहिता के तहत कार्रवाई भी शामिल है।
- महासंघ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन खेल संहिता के मौजूदा प्रावधानों और यूडब्ल्यूडब्ल्यू (कुश्ती की वैश्विक संस्था) द्वारा समय-समय पर जारी नियमों के साथ इस संबंध में जारी अन्य नवीनतम निर्देशों के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए।

### निलंबन नहीं हटाना पहलवानों से अन्याय होता : मांडविया



**नई दिल्ली:** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि भारतीय पहलवानों को आगामी टूर्नामेंटों में भाग लेने की अनुमति देने के लिए डब्ल्यूएफआइ का निलंबन रद करना आवश्यक था और ऐसा नहीं करना खिलाड़ियों के साथ अन्याय होता। मांडविया ने कहा, उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार डब्ल्यूएफआइ को मान्यता देना आवश्यक था ताकि हम अपने पहलवानों को एशियाई चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप के लिए भेज सकें। वर्ना यह हमारे देश के पहलवानों के भविष्य के साथ अन्याय होता।

### यह कुश्ती से जुड़े लोगों के लिए उपहार : बृजभूषण



**गोंडा, प्रेट्र:** डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने 26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले मकसद में कामयाब नहीं हो सके। होली से पहले यह कुश्ती से जुड़े सभी लोगों के लिए एक उपहार है।



मैं इस निर्णय के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं। अब हम सुचारू रूप से काम कर सकेंगे। खेल के लिए यह बेहद जरूरी था। खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाने के कारण परेशान थे। हम जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक बुलाएंगे और चयन ट्रायल्स के लिए एक परिपत्र भी जारी करेंगे। हमें खेल मंत्रालय के निर्देशों का पालन करने में कोई समस्या नहीं है।

**- संजय सिंह**, अध्यक्ष, डब्ल्यूएफआइ

### निर्णय को चुनौती दे सकते हैं पहलवान : हाई कोर्ट

**जासं, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को यह कहते हुए एकल पीठ के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा कर दिया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) का निलंबन रद करने के केंद्र सरकार के हालिया निर्णय को पहलवान चुनौती दे सकते हैं। अदालत ने यह टिप्पणी आइओए की तदर्थ समिति को उसके कामकाज को चलाने के लिए बहाल करने के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ डब्ल्यूएफआइ की अपील याचिका पर की। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने साथ ही एकल पीठ से कार्यवाही में तेजी लाने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि यह कहने की जरूरत नहीं है कि अगर कोई पक्ष खेल मंत्रालय द्वारा पारित 10 मार्च के आदेश से असंतुष्ट है, तो वह इसे चुनौती दे सकता है। सुनवाई के दौरान पहलवानों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने देश में खिलाड़ियों के साथ किए गए व्यवहार पर आश्चर्य व्यक्त किया और डब्ल्यूएफआइ के इस दावे पर आपत्ति जताई कि इसकी गैर-मान्यता के कारण खिलाड़ी लगभग छह टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले पाए थे इस पर पीठ ने दोहराया कि वह जार्डन में होने वाली आगामी एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहती है।

## अगले दो वर्षों में भारत को खेलने हैं टी-20 और वनडे विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट

# इंग्लैंड दौरे से शुरू होगी गंभीर की नई चुनौती

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** जुलाई में टी-20 विश्व कप जीत के साथ राहुल द्रविड़ के कार्यकाल का अंत होने के बाद बतौर कोच गौतम गंभीर को राष्ट्रीय टीम की कमान संभाले हुए आठ महीने हो चुके हैं। इस दौरान गंभीर ने सफलता के साथ-साथ कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी देखी हैं। चैंपियंस ट्राफी की जीत ताजी हवा के झोंके की तरह आई है और 'गुरु गंभीर' को बड़ी तस्वीर का विश्लेषण करने का मौका मिलेगा क्योंकि अगले दो वर्षों में भारतीय क्रिकेट में बदलाव की उम्मीद है।



गौतम गंभीर • एक्स

गंभीर अब ऐसे दौर में पहुंचेंगे जहां उनके सामने तीन अलग-अलग चुनौतियां होंगी जिसकी शुरुआत इंग्लैंड के टेस्ट दौरे से होगी। यह आइपीएल के बाद होगा, जिसकी तैयारी के लिए बिल्कुल भी समय नहीं होगा। गंभीर की दूसरी बड़ी चुनौती भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाला टी-20 विश्व कप होगा, जहां टीम खिताब बचाने उतरेगी। और अंतिम लेकिन सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण अफ्रीका में होने वाला 2027 का वनडे विश्व कप होगा। अगर गंभीर की कोचिंग को अलग-अलग प्रारूप में देखा जाए तो उन्होंने सूर्या की अगुआई में टी-20 टीम के लिए कोर खिलाड़ियों के समूह को तैयार कर लिया है। गंभीर ने अभिषेक शर्मा के रूप में एक प्रभावशाली खिलाड़ी की खोज की है। जब वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह टी-20 विश्व कप में गेंदबाजी करेंगे तो ये आठ ओवर बल्लेबाजों के लिए बुरे सपने की तरह होंगे। हार्दिक पंड्या, नीतीश रेड्डी और शिवम दुबे के रूप में कम से कम तीन तेज गेंदबाजी आलराउंडर हैं।

लेकिन अन्य दो प्रारूप हैं जहां गंभीर को नतीजों के लिए रणनीतिकार, अनुशासित करने वाले और प्रबंधक के रूप में एक साथ काम करना होगा। 2027 विश्व कप के दौरान गंभीर के पास चार विशेषज्ञ स्पिनरों का उपयोग करने और 240-250 के स्कोर के साथ जादू पैदा करने का विकल्प नहीं होगा। बड़े स्कोर बनेंगे और सवाल यह है कि क्या रोहित अपनी छोटी और आक्रामक पारियों से कोहली के साथ मिलकर योगदान दे पाएंगे। कोहली अब एक छोर संभालने वाले बल्लेबाज की भूमिका में होंगे। रोहित ने कहा है कि वह संन्यास नहीं लेंगे लेकिन 2027 विश्व कप में अपनी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चित हैं। यहां गंभीर को आगे आना होगा और टीम को शीर्ष पर रखने की नीति नहीं बदलेगी। उनके मन में प्रदर्शन करने वालों के लिए बहुत सम्मान है जो वरिष्ठता से परे है। यह आश्चर्य की बात नहीं होगी अगर वह बोर्ड और चयन समिति दोनों से थोड़ी स्पष्टता की मांग करते हैं कि वे रोहित को वनडे विश्व कप की योजनाओं में कैसे देखते हैं। एक और मुद्दा जिस पर विचार किया जाएगा वह यह है कि अगला कप्तान कौन होगा? शुभमन गिल एक शानदार वनडे खिलाड़ी हैं और उपकप्तान की भूमिका निभा चुके हैं लेकिन हार्दिक भी एक अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं। निकट भविष्य में गंभीर को टेस्ट टीम पर भी ध्यान देना होगा जहां उन्हें सबसे ज्यादा चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अगर रोहित खेलते हैं और यशस्वी व केएल राहुल शीर्ष तीन में हैं तो गिल का क्या होगा? क्या वह बुमराह, शमी और सिराज तीनों को इंग्लैंड के विरुद्ध सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ फार्म में ला पाएंगे, जहां स्विंग और सीम गेंदबाजों को मदद मिलेगी। 'गुरु गंभीर' के पास कुछ कठिन विकल्प हैं, लेकिन वह कभी भी साहसिक निर्णय लेने से नहीं डरते।

## एक नजर में

### मैनी अल्पाइन एफ-1 टीम के रिजर्व ड्राइवरों के पूल में

**लंदन:** भारत के कुश मैनी को 16 मार्च से मेलबर्न में शुरू होने वाले एफ-1 (फार्मूला वन) नए सत्र से पहले मंगलवार को अल्पाइन टीम ने अपने रिजर्व ड्राइवर की सूची में शामिल किया। मैनी फार्मूला-2 में प्रतिस्पर्धा करते हैं, जो फार्मूला वन की एक फीडर सीरीज है। बेंगलुरु के रहने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को अक्टूबर 2023 में अल्पाइन ने अपने जूनियर ड्राइवर कार्यक्रम में शामिल किया था। अल्पाइन ने मैनी के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को अपने रिजर्व ड्राइवरों के पूल में रखा है उनमें फ्रेंको कोलापिंटो, पाल एरोन और रियो हिराकावा शामिल हैं। (प्रेट्र)

### दीप्ति शर्मा आलराउंडर रैंकिंग में पांचवें स्थान पर

**दुबई :** भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की वनडे की नवीनतम महिला आलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय आलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी-20 आलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। (प्रेट्र)

### टेस्ट के 150 वर्ष होने पर खेलेंगे आस्ट्रेलिया-इंग्लैंड

**मेलबर्न :** आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ पर 11 से 15 मार्च 2027 तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में दिन-रात्रि टेस्ट मैच खेलेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि यह ऐतिहासिक मैच एमसीजी में पुरुष टीमों के बीच होने वाला पहला दिन रात्रि मैच होगा। इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही 1877 में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था। (प्रेट्र)

# प्रतिनिधि नहीं बुलाने पर पीसीबी को स्पष्टीकरण नहीं देगा आइसीसी

**दुबई/कराची, प्रेट्र :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को दुबई में चैंपियंस ट्राफी के समापन समारोह के दौरान कथित उपेक्षा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) से कोई 'आधिकारिक स्पष्टीकरण' मिलने की संभावना नहीं है। भारत ने रविवार को खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्राफी खिताब जीता था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और चैंपियंस ट्राफी के टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद को फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह के लिए मंच पर नहीं बुलाया गया।

पीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा, हमने आइसीसी के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि जो कुछ हुआ

### चैंपियंस ट्राफी समापन समारोह में उपेक्षा पर पीसीबी ने दर्ज कराया था विरोध

वह हमें स्वीकार्य नहीं है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि पीसीबी को कोई औपचारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा। सूत्र ने कहा, अगर पीसीबी के अधिकारी देखें तो आइसीसी सीईओ ज्योफ अलार्डिस भी मंच पर मौजूद नहीं थे। सुमैर अहमद पीसीबी के कर्मचारी हैं, पदाधिकारी नहीं। कृपया यह भी देखें कि टूर्नामेंट निदेशक प्रस्तुति के लिए कब मंच पर थे? ' हम एक उदाहरण दे सकते हैं। आइसीसी के संचालन और वित्त के नए प्रमुख गौरव सक्सेना एक समय दुबई में एशिया कप के टूर्नामेंट निदेशक थे। क्या वह मंच पर मौजूद थे।

# द फ्लाइंग कीवी 'फिलिप्स'

- ग्लेन ने विशिष्ट क्षेत्ररक्षण क्षमता से जीता सभी का दिल
- चैंपियंस ट्राफी में विराट, गिल और रिजवान के लिए कैच

सुकांत सौरभ • जागरण

**नई दिल्ली:** कीवी, यानी न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय पक्षी। यही कारण है न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को भी हम 'कीवी' कहकर संबोधित कर लेते हैं। कमाल की बात यह है कि पक्षी होने के बावजूद कीवी उड़ नहीं सकते, परंतु आइसीसी चैंपियंस ट्राफी के शुरुआती मुकाबले से लेकर अंतिम मैच तक हमने देखा है एक कीवी को, जो गुरुत्वाकर्षण के नियमों को धता बताते हुए उड़ सकता है। जी हां, मैं ग्लेन फिलिप्स की बात कर रहा हूं। न्यूजीलैंड के इस आलराउंडर ने टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में मोहम्मद रिजवान, भारत के विरुद्ध ग्रुप चरण मैच में विराट कोहली और फाइनल में शुभमन गिल को अद्भुत उड्डयन क्षमता से शिकार बनाया।

एक सेकेंड से भी कम रिएक्शन समय में 100 किमी प्रति घंटा से अधिक तेजी से निकल रही गेंद को लपकने वाले न्यूजीलैंड के आलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ने अपनी इस विशिष्ट क्षेत्ररक्षण क्षमता से सबको दीवाना बना दिया है। जब भी इस चैंपियंस ट्राफी के विशेष क्षणों की चर्चा होगी, इनमें फिलिप्स के ये तीन कैच हमेशा याद किए जाएंगे। फिलिप्स बचपन से ही जिम्नास्ट हैं, परंतु सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वह बचपन से अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसआर्डर (एडीएचडी) से ग्रसित हैं। यह एक मानसिक बीमारी है जिससे ग्रसित व्यक्ति कभी शांत होकर नहीं रह सकता। अपनी इसी बीमारी को अपना हथियार बना चुके फिलिप्स, इसी कारण अब एक सेकेंड से भी कम समय में ऐसे चौंकाने वाले कैच पकड़ लेते हैं।



रिजवान का कैच लेते फिलिप्स • एक्स



गिल का कैच लपकते ग्लेन • एक्स



विराट का कैच पकड़ते फिलिप्स • एक्स

चैंपियंस ट्राफी में सर्वप्रथम हमने उनकी इस अद्भुत क्षमता का दृश्य पाकिस्तान के विरुद्ध उनकी बल्लेबाजी के दौरान रिजवान के कैच के रूप में देखा था। रिजवान ने ओरूरके की गेंद पर प्वाइंट की दिशा में शानदार शाट लगाया, जिसे वह चौका मान चुके थे। हालांकि, प्वाइंट पर खड़े फिलिप्स ने अपनी बाईं ओर अद्भुत छलांग लगाई और केवल एक हाथ से 100 किमी प्रति घंटे से भी अधिक गति की गेंद को थाम लिया। इस कैच के बाद रिजवान को कुछ सेकेंड विश्वास ही नहीं हुआ कि वह आउट हो चुके हैं।

यही हाल विराट कोहली का भी था। जब भारत के विरुद्ध ग्रुप चरण के अंतिम मैच में उन्होंने इसी दिशा में विराट का अद्भुत कैच अपनी दाईं ओर छलांग लगाकर लपका। मैट हेनरी की गेंद पर विराट ने प्वाइंट और कवर्स के बीच से चौका लगाने का प्रयास किया, लेकिन एक बार फिर बीच में फिलिप्स आ गए। उन्होंने केवल 0.62 सेकेंड में न केवल रिएक्ट किया, बल्कि एक और अद्भुत कैच पकड़कर विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में शुमार विराट को पवेलियन की राह दिखा दी। हालांकि, इन सभी में सबसे विशेष कैच शुभमन गिल का रहा। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सैंटनर की गेंद पर शुभमन ने दमदार शाट लगाया पर शार्ट मिडआफ पर खड़े फिलिप्स ने इस बार सीधा ऊपर उछलकर एक हाथ से कैच लपक लिया। 0.78 सेकेंड में लिया गया यह कैच सबसे विशेष इसलिए भी था क्योंकि इस कैच ने कीवियों की मैच में वापसी की कोई उम्मीद भी जगाई।

# आरसीबी ने मुंबई की आशाओं पर फेरा पानी

### अंतिम ग्रुप मैच में आरसीबी ने मुंबई को 11 रन से हराया, मुंबई को गुजरात से खेलना होगा एलिमिनेटर



स्नेह राणा • प्रेट्र

**मुंबई, प्रेट्र :** प्लेआफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी गत चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 11 रन से हराकर उसके सीधे फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को तोड़ दिया। मुंबई की इस हार के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स को सीधे 15 मार्च को होने वाले फाइनल में जगह मिली, जबकि अब मुंबई को गुजरात जायंट्स के साथ 13 मार्च को एलिमिनेटर खेलना होगा। अगर मुंबई यह मैच जीत लेती तो उसके 12 अंक हो जाते और वह सीधे फाइनल में प्रवेश कर जाती। दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीसरे साल अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची है।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान स्मृति मंधाना की 37 गेंद में 53 रनों की पारी की मदद से तीन विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। मंधाना के अलावा एलिसा पैरी (49), रिचा घोष (36) और जार्जिया वैरहेम (31) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम नौ विकेट पर 188 रन ही बना पाई। उसके लिए नैट स्किवर ब्रंट ने सर्वाधिक 69 रन की पारी खेली। संजीव संजना (23) ने अंतिम ओवर में अच्छे शाट लगाते हुए टीम को लक्ष्य के नजदीक पहुंचाया, लेकिन जीत नहीं दिला पाईं। आरसीबी के लिए स्नेह राणा ने तीन विकेट लिए।

# अक्षर बन सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान

## आइपीएल डायरी

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** अपने आलराउंड खेल से चैंपियंस ट्राफी जीत में अहम भूमिका वाले अक्षर पटेल को अब आइपीएल के 2025 सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को टीम का कप्तान बनाने के लिए कहा था, लेकिन वह आगामी टूर्नामेंट में एक खिलाड़ी के रूप में टीम के लिए योगदान देना चाहते हैं। ऐसे में अक्षर को कप्तान बनाया जा सकता है। अक्षर पिछले सत्र में टीम के उपकप्तान थे। वह 2019 से दिल्ली कैपिटल्स के साथ हैं और टीम ने उन्हें सर्वाधिक 18 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर रिटेन किया गया था।

पिछले साल मेगा नीलामी में 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने के बाद राहुल भी नेतृत्व के दावेदार थे। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने इससे पहले पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के लिए दो-दो सीजन खेले थे। सूत्रों के अनुसार, अब वह नेतृत्व की भूमिका के बिना दिल्ली कैपिटल्स के लिए आगामी सीजन में खेलना चाहते हैं।

### मुंबई इंडियंस की टीम से जुड़े हार्दिक

**मुंबई :** भारतीय आलराउंडर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या आइपीएल 2025 से पहले फ्रेंचाइजी टीम में मंगलवार को शामिल हो गए। पांड्या दुबई में चैंपियंस ट्राफी में भारत के खिताब जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे। मुंबई इंडियंस ने एक्स पर अपने कप्तान की एक तस्वीर साझा की और पोस्ट पर कैप्शन दिया, 'द गन हैज अराइव'। आइपीएल 2024 सीजन मुंबई के कप्तान के रूप में उनका पहला सीजन था, लेकिन यह अच्छा नहीं रहा था।



अक्षर पटेल • एपी

### आइपीएल का पहला हाफ नहीं खेल पाएंगे मयंक यादव

**नई दिल्ली :** लखनऊ सुपरजायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव आइपीएल 2025 के पहले हाफ से बाहर रहेंगे। मयंक पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने अभी हाल ही में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआइ के सेंटर आफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी करना फिर से शुरू किया है। मयंक पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के विरुद्ध पदार्पण करने के बाद चोटिल हो गए थे। बीसीसीआइ ने मयंक की वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन यदि वे सभी फिटनेस मानकों को पूरा करते हैं और अपनी गेंदबाजी के कार्यभार को बढ़ाते हैं, तो वह आइपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं।

# लक्ष्य आगे बढ़े, प्रणय पहले दौर में बाहर

## आल इंग्लैंड चैंपियनशिप

**बर्मिंघम, प्रेट्र :** भारत के लक्ष्य सेन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एचएस प्रणय सीधे गेम में पराजय के साथ से बाहर हो गए।

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने चीनी ताइपे के दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यैंग को इस सुपर 1000 प्रतियोगिता के पहले दौर में 13-21, 21-17, 21-15 से हराया। अल्मोड़ा के 23 वर्षीय लक्ष्य दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने पिछले साल पेरिस ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रहने के दौरान क्रिस्टी को हराया था। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 32 वर्षीय प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिक्स्ड डबल्स में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियथ की जोड़ी को गुओ शिन वा और चेन फेंग हुइ की चीन की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 51 मिनट में 6-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी।



एचएस प्रणय

### सात्विक-चिराग और लक्ष्य शीर्ष 10 से बाहर

**नई दिल्ली :** स्टार शटलर लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को बीडब्ल्यूएफ की ताजा विश्व रैंकिंग में पांच पायदान का नुकसान हुआ है, जिसके बाद शीर्ष 10 में अब कोई भी भारतीय पुरुष शटलर नहीं है। इस सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद लक्ष्य सिंगल्स रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक और चिराग अब सातवें से 12वें स्थान पर खिसक गई है। नवंबर 2011 के बाद यह पहला मौका है, जब सात्विक और चिराग शीर्ष-10 से बाहर हुए हैं। महिला डबल्स में त्रीसा जाली और गायत्री गोपीचंद नौवें स्थान पर हैं।

# ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग की शुरुआत 18 अप्रैल से होगी

**नई दिल्ली, जेएनएन :** बहुप्रतीक्षित ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआइपीकेएल) के पहले सत्र का शुभारंभ 18 अप्रैल से गुरुग्राम में होगा। इसमें मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड, नार्वे, पोलैंड जैसे दुनियाभर के तमाम देशों के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। लीग के पहले सीजन में कुल 12 टीमें भाग लेंगी, जिसमें छह महिला तथा छह पुरुष टीमें होंगी। मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा।

लीग प्रबंधक होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) की अध्यक्ष कांति डी. सुरेश ने कहा कि जीआइपीकेएल का पहला सत्र एक साल से किए गए प्रयासों का परिणाम है, जिसका उद्देश्य कबड्डी को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने और ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है। हमारा लक्ष्य इस लीग को विश्व के प्रमुख कबड्डी टूर्नामेंट्स में से एक बनाकर अगले 10 वर्षों तक हर सीजन में खिलाड़ियों की भागीदारी को बढ़ाना है।

### आइपीकेएल की टीमें व उनके कप्तान

| पुरुष टीमें |
| --- |
| मराठी वल्चर – कपिल नरवाल |
| भोजपुरी लेपर्ड्स – शिव प्रसाद |
| तेलुगु पैंथर्स – संदीप कंडोला |
| तमिल लायंस – सुनील नरवाल |
| पंजाबी टाइगर्स – साविन नरवाल |
| हरियाणवी शार्क्स – विकाश दहिया |

| महिला टीमें |
| --- |
| मराठी फाल्कन्स – तनु शर्मा |
| भोजपुरी लेपर्ड्स – मीना कादयान |
| तेलुगु चीतास– जूली भाटी |
| तमिल लायंस – सुमन |
| पंजाबी टाइग्रेस – मीरा |
| हरियाणवी ईगल्स – पुष्पा राणा |

# अलकराज इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में



कार्लोस अलकराज • प्रेट्र

**इंडियन वेल्स, आइएएनएस:** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। अलकराज ने सोमवार देर रात खेले गए मुकाबले में शापोवालोव को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता में लगातार 14वां मैच जीता।

दो बार के गत विजेता अलकराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पाइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया। शापोवालोव ने इस सत्र में 10-4 के प्रभावशाली रिकार्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। इसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब भी शामिल था। फिर भी अलकराज ने दबदबा बनाते हुए सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को पराजित किया। अलकराज का अगला मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा, जिन्होंने गाइल्स मोनफिल्स को 7-6, 4-6, 7-6 से पराजित किया।

**14** वां लगातार मैच जीता अलकराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता में

महिला सिंगल्स में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने लूसिया ब्रोनजेटी को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गफ भी मारिया सक्कारी को 7-6 (7), 6-2 से हराया। जैस्मीन पाओलिनी ने जैकलिन क्रिस्टियन को 6-4, 3-6, 6-4 से हराया।

********

www.jagran.com
दैनिक जागरण
# जोश
आगे बढ़ने का
बुधवार, 12 मार्च, 2025

नीट यूजी-2025

देश भर के मेडिकल, डेंटल, आयुष और नर्सिंग कालेजों में संचालित होने वाले बैचलर डिग्री कोर्सेस में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी-2025) आगामी चार मई को आयोजित होने जा रहा है। इस परीक्षा के लिए अब करीब डेढ़ माह का ही समय बचा हुआ है। ऐसे में इस समय आपकी तैयारी की क्या रणनीति होनी चाहिए, ताकि इस परीक्षा में आल इंडिया लेवल पर आपका एक अच्छा स्कोर आ सके, जानें नीट एक्सपर्ट से...



**650** से अधिक स्कोर होने चाहिए नीट में दिल्ली के मेडिकल कालेजों में एडमिशन पाने के लिए और आपका रैंक भी पांच हजार के अंदर ही होना चाहिए।

**630** से ऊपर स्कोर होना चाहिए राष्ट्रीय स्तर पर देश के अच्छे मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए।

फोटो : फ्रीजेज बाजार

# स्मार्ट तैयारी की रणनीति

पिछले साल नीट यूजी-2024 में करीब 24.6 लाख छात्रों ने यह परीक्षा दी थी, जिसमें 13.16 लाख छात्र इस परीक्षा को क्वालिफाई कर सके यानी 56.4 प्रतिशत छात्र इसमें उत्तीर्ण हुए। ऐसे में इस परीक्षा में स्पर्धा का क्या स्तर होता है, यह आसानी से समझा जा सकता है। इस परीक्षा के एक्सपर्ट की मानें, तो दिल्ली के मेडिकल कालेजों में एडमिशन पाने के लिए नीट में कम से कम 650 से अधिक स्कोर होना चाहिए और आपका रैंक भी पांच हजार के अंदर होना चाहिए। वहीं, नेशनल स्तर पर भी अच्छे कालेजों में प्रवेश के लिए करीब 630 से ऊपर ही स्कोर होना चाहिए। ऐसे में अभी आपके पास इस बचे हुए 40 से 45 दिनों में अपनी तैयारी के लिए क्या रणनीति अपनानी चाहिए, रोजाना का क्या शेड्यूल होना चाहिए, इसके लिए यहां नीचे बताई गई चीजें फालो कर सकते हैं।



राहुल सिंह
विषय विशेषज्ञ

अभी 12वीं बोर्ड परीक्षा खत्म होने वाली है। सभी छात्रों का सिलेबस भी अब तक पूरा हो चुका होगा। बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्रों के पास भी 27 मार्च के बाद परीक्षा का कोई दबाव नहीं होगा। इससे उनके पास भी दो मई तक करीब 40 दिन का समय होगा नीट की विशेष तैयारी के लिए। इस दौरान सभी छात्रों को, चाहे वे पहली बार इस परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं या पहले शामिल हो चुके हैं, उन्हें इस बचे हुए समय में 11वीं और 12वीं के सिलेबस को सात से आठ भाग में बांटकर उसकी तैयारी करने की जरूरत है। इसे पार्ट वाइज रिवाइज करने पर ध्यान देना चाहिए। मान लीजिए आपने केमिस्ट्री का दो चैप्टर लिया या फिजिक्स का आपने दो चैप्टर लिया या फिर बायो, बाटनी या जूलाजी में दो चैप्टर लिया। इन चैप्टर के अनुसार ही टेस्ट सीरीज ट्राई करें। दो-दो दिन के गैप पर इस टेस्ट सीरीज को अटेंप्ट करें। इस दो दिन के दौरान संबंधित चैप्टर को अच्छी तरह रिवाइज करें। यदि कोई चीज समझ में नहीं आ रही है, तो उसे अपने टीचर से पूछें। इस तरह पूरा चैप्टर अच्छे से रिवाइज हो सकेगा। मेरा छात्रों को सुझाव है कि वे इस बचे हुए समय में अपना टेस्ट दो से पांच बजे के बीच ही दें। इस समय विशेष में उनका शरीर टेस्ट देने का अभ्यस्त होगा, क्योंकि यह परीक्षा दो से पांच बजे के बीच ही आयोजित होती है, जो कि बहुत उबाऊ और नीरस समय होता है। टेस्ट बिल्कुल परीक्षा जैसे माहौल में ही दें। इसके लिए भी टाइम मैनेजमेंट का पूरा ख्याल रखें।

**अच्छे स्कोर के लिए माक टेस्ट जरूरी:** नीट में अच्छा स्कोर लाने के लिए माक टेस्ट देना बहुत जरूरी है। इससे प्रश्नों के जरिए कांसेप्ट में स्पष्टता आ जाती है। वास्तविक परीक्षा जैसे माहौल में परीक्षा देने के अभ्यस्त हो जाते हैं। आपका बायोलाजिकल क्लाक सेट हो जाता है। टाइम मैनेजमेंट भी ठीक हो जाता है। परीक्षा में किस-किस तरह के प्रश्न आते हैं, इसका अंदाजा भी माक टेस्ट से लग जाता है। इसलिए आप भी इस बचे हुए समय में माक टेस्ट जरूर दें। कोशिश करें कि परीक्षा से पहले ज्यादा से ज्यादा माक टेस्ट दें। कम से कम 10 से 12 माक टेस्ट तो जरूर दें। इससे आपका प्रश्नों का एक पूल तैयार हो जाएगा। चूंकि नीट में पिछले वर्षों के प्रश्न अक्सर आते हैं। करीब 50 से 60 प्रतिशत प्रश्न पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों से ही होते हैं, बस वे थोड़ा संशोधित स्वरूप में होते हैं। ऐसे में पुराने क्वेश्चन बैंक भी आपके लिए बहुत काम के हो सकते हैं। विषयवार ये माक टेस्ट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। प्रमुख कोचिंग संस्थानों से भी ये आपको मिल सकते हैं। सप्ताह में कम से कम दो से तीन माक टेस्ट दें। माक टेस्ट देने से आपको रिवीजन का भी लाभ मिलेगा। इस दौरान अपने उन शार्ट नोट्स को भी पढ़ें, जो पिछले दो साल में आपने तैयार किए हैं। जो बच्चे सेल्फ स्टडी कर रहे हैं, उन्हें भी अभी एनसीईआरटी बुक्स पढ़ने के अलावा माक टेस्ट देना चाहिए।

**महत्वपूर्ण चैप्टर्स पर ज्यादा फोकस:** यदि केमिस्ट्री के नजरिए से देखा जाए तो स्ट्रक्चर आफ एटम, केमिकल बांडिंग, इक्विलिब्रियम टापिक, इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री, जीओसी, इनआर्गेनिक केमिस्ट्री जैसे चैप्टर इस परीक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। मेरा सुझाव है कि इनआर्गेनिक के चैप्टर पूरी तरह से एनसीईआरटी से ही पढ़ें, क्योंकि इस चैप्टर के सभी प्रश्न इसी से आते हैं। आर्गेनिक केमिस्ट्री के लिए ज्यादा किताबों की जरूरत नहीं है। इसके लिए, बस माइंड मैप बनाएं, उसे याद करें और एनसीईआरटी पढ़ें। इस परीक्षा में आर्गेनिक केमिस्ट्री से करीब 18 से 20 प्रश्न और इनआर्गेनिक से 16 से 18 प्रश्न आते हैं। फिजिकल केमिस्ट्री के लिए प्रैक्टिस बहुत जरूरी है। विषयों के नोट्स व पीवाईक्यूज को भी देखें।

**सिलेबस के अनुसार पढ़ाई:** अभी सबसे जरूरी यह है कि नीट के सिलेबस के अनुसार ही आप अपनी पढ़ाई करें। पिछले पांच वर्षों में यह देखा गया है कि नीट में ज्यादातर प्रश्न एनसीईआरटी से ही पूछे गए हैं। इसलिए आप साइड बुक कम से कम इस्तेमाल करें। यदि और गहरी जानकारी चाहते हैं तो एनसीईआरटी के फिंगर टिप्स या मास्टर द एनसीईआरटी बुक से मदद ले सकते हैं। अपने कांसेप्ट को क्लियर करने के लिए पीवाईक्यूज भी यह देखें कि पीछे के वर्षों में किस-किस तरह के प्रश्न संबंधित चैप्टर से पूछे गए हैं। फिर उसी अनुसार अपनी आगे की रणनीति बनाएं।

प्रस्तुति : धीरेंद्र पाठक

### नीट के पैटर्न में नया बदलाव

नीट में अब सभी प्रश्न करने अनिवार्य होंगे। पहले की तरह अब इस परीक्षा में अतिरिक्त प्रश्न नहीं आएंगे। पहले प्रत्येक विषय के सेक्शन बी में 15 में से 10 प्रश्न ही करने होते थे और पांच प्रश्न अपनी मर्जी से छोड़ने होते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अर्थात प्रत्येक विषय में अब कुल 45 प्रश्न आएंगे और इन सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य होगा। समय भी अब इस परीक्षा में 20 मिनट कम मिलेगा। इस तरह इस साल नीट में कुल 180 प्रश्न आएंगे। यह 720 अंकों की होगी। परीक्षा की अवधि तीन घंटे होगी। इसके लिए अब टाइम मैनेजमेंट ठीक रखने की ज्यादा जरूरत है, क्योंकि अब इस परीक्षा के लिए 20 मिनट समय कम हो गया है, लेकिन प्रश्न उतने ही हल करने होंगे, जितना पहले हल करना होता था। परीक्षा से एक दिन पहले पूरी तरह आराम करें।

# सिविल सेवा परीक्षा में कामयाबी नहीं मिल रही है, क्या करूं



काउंसलर
प. पृथ्वीनाथ पाण्डेय
counselor@nda.jagran.com

**मैंने मास्टर डिग्री एमए (एग्रीकल्चर) में पूरी की है और पिछले दो वर्ष से सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा हूं, लेकिन कामयाबी नहीं मिल रही। अब क्या करूं? सिविल सर्विसेस के अलावा मेरे योग्यतानुसार किस क्षेत्र में सरकारी नौकरी के अवसर हैं? कृपया मार्गदर्शन करें।**
शुभ्र अली

आप सिविल सर्विसेस की दो वर्ष से तैयारी कर रहे हैं और अभी आपको लाभ नहीं मिल रहा है, तो आपको समझना होगा कि तैयारी करते रहना और तैयारी करके परीक्षा देना, दो अलग-अलग विषय हैं, फिर तैयारी करते ही रहना और परीक्षा न देना, सफलता-विफलता का मानदंड नहीं कहलाता। आपने यह तो बताया ही नहीं कि आपने दो वर्ष की तैयारी के बाद भी परीक्षा दी या नहीं। आप यदि एक या अनेक बार परीक्षाएं देने के बाद भी सफल नहीं हो पा रहे हैं तो आपको अपनी तत्परता-नीति का परीक्षण करना होगा। आपके जो कमजोर विषय हों, उन पर अधिक ध्यान देना होगा। आप कृषि-विभाग में सरकारी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) में विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपके लिए, राज्य कृषि विभाग, भारतीय वन सेवा, पर्यावरण-विभाग, कृषि बैंकिंग आदि में भी आपकी एग्रीकल्चर की शिक्षा उपयोगी हो सकती है।

**मैं नीट की तैयारी कर रही हूं। अब मेरा मेडिकल की पढ़ाई करने का मन कम है। क्या मैं इकोनामिक्स आनर्स (बीएससी) या बीए इकोनामिक्स आनर्स को चुन सकती हूं? मेडिकल स्टडी से दूसरे कोर्स में जाना उचित होगा? मेरी बायोलाजी और केमिस्ट्री बहुत अच्छी है; फिजिक्स औसत है। कृपया मार्गदर्शन करें।**
ईशिता, हिसार

आप इकोनामिक्स आनर्स का चयन कर सकती हैं, जिसमें आपको माइक्रो-इकोनामिक्स (सूक्ष्म अर्थशास्त्र) मैक्रो-इकोनामिक्स (बृहद् अर्थशास्त्र), स्टेटिस्टिक्स (सांख्यिकी) इत्यादि का शिक्षण प्राप्त होगा। इकोनामिक्स आनर्स में आपको अर्थशास्त्री, वित्त-विश्लेषक, शोधकर्ता आदि का अनुभव प्राप्त होगा। निस्संदेह, आपको मेडिकल स्टडी से दूसरे कोर्स में जाने पर कुछ तो कठिनाई होगी ही; परंतु चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। दूसरे कोर्स में आपको नए विषयों का अनुभव मिलेगा, जो आपके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आपकी बायोलाजी और केमिस्ट्री एवं फिजिक्स अच्छी है, तो आप किसी निजी शिक्षण-केंद्र (कोचिंग) से जुड़ सकती हैं; स्वयं का घरेलू शिक्षण केंद्र आरंभ कर सकती हैं तथा आनलाइन शिक्षण शुरू कर सकती हैं।

**Jamia Hamdard**
(Deemed to be University)
ACCREDITED BY NAAC IN 'A+' CATEGORY
Among the Top 50 Universities in India ranked by NIRF, Government of India
Hamdard Nagar, New Delhi - 110062

**Admissions Open for the Session 2025-2026**

**School of Engineering Sciences and Technology**
B.Tech. (Computer Science & Engineering); B.Tech. (Electronics & Communication Engineering); B.Tech. (CSE) Artificial Intelligence; BCA; B.Sc. (Hons.) Computer Science; M.Tech. (Computer Science & Engineering); M.Tech. (CSE) with Specialization in Data Science; M.Tech. (CSE) with Specialization in Cyber Forensics & Information Security; MCA; M.Sc. (Computational Biology and System Biology and Bioinformatics).

**School of Chemical and Life Sciences**
B.Sc. (Hons.) in Biochemistry; Biotechnology; Botany; Chemistry; Clinical Research; Toxicology; Forestry; Material Science & Nanotechnology; M.Sc. in Biochemistry; Biotechnology; Botany; Chemistry; Clinical Research; Forensic Science; Pharmacovigilance; Toxicology; Microbiology; M.Tech. in Biotechnology.

**School of Interdisciplinary Sciences and Technology**
B.Sc. (Hons.) in Biomedical Science; B.Tech. Food Technology; M.Sc. in Biomedical Science; Medical Virology; Nutrition and Dietetics; Food Science; Environmental Sciences; M.Tech. Food Technology.

**School of Unani Medical Education and Research**
Diploma in Unani Pharmacy; Pre-Tib; B.U.M.S. (General); B.U.M.S. (SFS); MD (Unani).

**School of Humanities and Social Sciences**
B.A. (Hons.) in Islamic Studies; Politics and Governance; Public Policy; International Studies & Global Politics; M.A. in Politics and Governance; Public Policy; Federal Studies; International Studies; Islamic Studies; Human Rights; Political Science.

**Hamdard Institute of Legal Studies and Research**
B.A. LL.B. Integrated Course; LL.M.; LL.M. (Weekend Programme).

**School of Management and Business Studies**
BBA (Hons.); BMS (Hons.); B.A. (Hons.) in Hotel Management & Catering Technology; B.Com. (Hons.); MBA; MBA (Healthcare and Hospital Management); MBA (Pharmaceutical Management).

**School of Pharmaceutical Education and Research**
D. Pharm.; B.Pharm.; M.Pharm. in Pharmaceutical Chemistry; Pharmaceutics; Pharmacognosy; Pharmacology; Pharmacy Practice; Pharmaceutical Quality Assurance; Pharmaceutical Analysis; Pharmaceutical Biotechnology.

**School of Nursing Sciences and Allied Health**
Diploma in General Nursing & Midwifery (DGNM); B.Sc. (Hons.) Nursing; Post Basic B.Sc. Nursing; BPT; BOT; B.Sc. Medical Laboratory Technology (BMLT); B.Sc. Medical Imaging Technology (BMIT); B.Sc. (Anesthesia & Operation Theatre Technology) (BAOTT); Bachelor of Optometry (BOPT); B.Sc. in Cardiology Laboratory Technology (BCLT); Dialysis Technology (BDT); Emergency & Trauma Care Technology (BETCT); M.Sc. Nursing; Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS); Medical Imaging Technology (MMIT); Optometry (MOPT); Anesthesia and Operation Theatre Technology (MAOTT); Dialysis Technology (MDT); MOT; MPT.

**Centre for Media and Mass Communication Studies**
B.A. (Hons.) in Journalism and Mass Communication; Film Making; M.A. in Journalism and Mass Communication.

**Centre for Performing and Fine Arts**
B.A. (Hons.) in Hindustani Music.

**Institute of Skills Development**
B.Voc. (Hons.) in Retail Management; Financial Analytics / BFSI; Automotive Manufacturing Technology; Patient Care Management.

Undergraduate (Hons./Hons. with Research) are of FYUP as per NEP-2020
For further details refer Admission Prospectus 2025-26

For MBA Last date to apply: April 11, 2025 ; Last Date for all other courses: May 30, 2025
Apply now at ums.jamiahamdard.ac.in
For any queries related to admissions, kindly contact: 7042519957, 9205774417
Website: www.jamiahamdard.ac.in ; Email: admissions@jamiahamdard.ac.in
Advertisement for admission to Ph.D. programmes will be released separately.

### इंटर्नशिप अलर्ट

**पीएम इंटर्नशिप योजना**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच हजार कंपनियों से इंटर्नशिप करने का आपके पास शानदार मौका है। इसके लिए आवेदन करने की आज अंतिम तिथि है।

**योग्यता:** 21 से 24 वर्ष की उम्र के युवा इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

**अवधि:** यह इंटर्नशिप एक वर्ष की अवधि के लिए प्रदान की जाएगी।

**मानदेय:** इंटर्नशिप के दौरान प्रतिमाह युवा को मानदेय के रूप में पांच हजार रुपये प्रतिमाह तथा छह हजार रुपये एकमुश्त प्रदान किए जाएंगे।

**कैसे करें आवेदन:** इसके लिए आनलाइन आवेदन वेबसाइट www.pminternship.mca.gov.in पर जाकर सकते हैं। यहीं पर संबंधित कंपनियों की पूरी डिटेल भी दी गई है।

### स्कालरशिप एलर्ट

**एसबीआइएफ आशा स्कालरशिप प्रोग्राम फार ओवरसीज एजुकेशन 2024-25**

इस स्कालरशिप के तहत देशभर के कम आय वाले परिवारों से आने वाले मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

**योग्यता:** भारत के बाहर किसी प्रमुख विश्वविद्यालय या कालेज में मास्टर डिग्री या उससे ऊपर के पाठ्यक्रम (किसी भी वर्ष) में अध्ययनरत एससी और एसटी श्रेणी के भारतीय छात्र आवेदन के पात्र हैं। उनके द्वारा पिछले शैक्षणिक वर्ष में कम से कम 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है, साथ ही उनकी कुल वार्षिक पारिवारिक आय छह लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**सहायता:** 20 लाख रुपये तक या पाठ्यक्रम से संबंधित खर्च का 50 प्रतिशत भाग प्रदान किया जाएगा।

**अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2025
www.b4s.in/dj/SBIFS12

इस पेज के बारे में अपनी राय व सुझाव भेजें- feature@jagran.com

## राष्ट्रीय जागरण

### 25 कालोनियों में सरकारी इंजीनियर के 50 से अधिक प्लाट

**जासं, जयपुर :** आय से अधिक संपत्ति के मामले में राजस्थान एसीबी की पांच टीमों ने जयपुर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा के कार्यालय, आवास सहित अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने राजकीय सेवा में नियुक्त होने के बाद अब तक करीब 6.25 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है, जो उसकी कुल आय से 253 फीसद अधिक है।

कार्रवाई के दौरान सामने आया है कि शर्मा ने जयपुर के प्रमुख इलाकों के आसपास 25 से अधिक कालोनियों में 50 से अधिक प्लाट खरीदे और निर्माण कार्यों में करोड़ों खर्च किए हैं। एसीबी की टीम शर्मा की संपत्तियों व लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।

## राजनीतिक रंजिश में हुई थी भाजपा नेता गुलफाम की हत्या

**जागरण संवाददाता, संभल :** भाजपा नेता गुलफाम सिंह यादव की जहरीला इंजेक्शन घोंपकर की गई सनसनीखेज हत्या राजनीतिक रंजिश के चलते हुई। इस मामले में भाजपा नेता के बेटे पूर्व ब्लाक प्रमुख दिव्य प्रकाश की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें ब्लाक प्रमुख रवि यादव, उनके ग्राम प्रधान पिता महेश कुमार, डा. मुकेश यादव, हिस्ट्रीशीटर धर्मवीर को नामजद और दो अन्य को आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार कुछ दिनों में ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने वाला था, इसलिए हिस्ट्रीशीटर धर्मवीर उर्फ धर्मा और उसके दो साथियों से हत्या कराई गई। हालांकि, पुलिस अन्य एंगल पर भी जांच कर रही है। इसके लिए आठ टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज के साथ ही भाजपा नेता की पुरानी रंजिश के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। 10 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के अनुसार पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। विसरा और सिरिंज जांच के लिए दिल्ली स्थित सीबीआइ लैब भेजा जा रहा है। जल्द ही घटना का राजफाश करेंगे। मंगलवार को राजघाट पर गंगा किनारे भारी भीड़ के बीच भाजपा नेता का अंतिम संस्कार किया गया।

**भाजपा नेता के बेटे के अनुसार ब्लाक प्रमुख रवि के खिलाफ आने वाला था अविश्वास प्रस्ताव, इसी वजह से की गई पिता की हत्या**



गुलफाम सिंह • फाइल फोटो

संभल जिले के ग्राम दवथरा हिमांचल में सोमवार की दोपहर भाजपा नेता गुलफाम सिंह यादव जब अपने घेर (पशुओं का स्थान) में कुछ काम करवा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल से पहुंचे तीन लोगों में से दो ने उन्हें जहरीला इंजेक्शन घोंप दिया था और भाग निकले थे। अलीगढ़ ले जाते वक्त भाजपा नेता की मृत्यु हो गई। गुलफाम के बेटे दिव्य प्रकाश के अनुसार, उनके पिता ने अलीगढ़ ले जाते वक्त फोन पर बताया था कि धर्मा ने अपने साथी से पकड़वाकर मुझे इंजेक्शन घोंप दिया है। हत्यारोपित गाली गलौज करते हुए कह रहे थे कि यह ब्लाक प्रमुख रवि यादव, डा. मुकेश यादव और महेश यादव को परेशान करने का परिणाम है।

फोरेंसिक विशेषज्ञों के अनुसार, जहर के मामले में टीम नाखून, आंख व झाग के साथ ही पूरे शरीर की फोटोग्राफी करती है। शरीर के रंग से जहर की प्राथमिक जानकारी के इनपुट मिल जाते हैं हालांकि विसरा रिपोर्ट ही प्रामाणिक होगी। बरामद सिरिंज व विसरा रिपोर्ट लैब में मैच कराई जाएगी, इसके बाद जहर के बारे में पता चलेगा। चूंकि इंजेक्शन लगने के करीब आधे घंटे बाद गुलफाम सिंह यादव की मृत्यु हो गई थी, इससे अनुमान है कि उन्हें तीव्र जहर दिया गया। इससे पहले बरेली में सिपाही ने पत्नी को तीन दवाओं का मिश्रण तैयार कर जहरीला इंजेक्शन दिया था।

### सैफ के घर की तर्ज पर मुंबई हाईराइज बिल्डिंग में हीरों की चोरी

**मिड डे, मुंबई :** बांद्रा की हाईराइज बिल्डिंग के एक फ्लैट में स्थित ब्रांडेड ज्वेलरी स्टोर के प्रशासनिक कार्यालय से 1.90 करोड़ रुपये के हीरे और करीब 2.786 ग्राम के जेवर चुरा लिए गए। बांद्रा पुलिस ने एफआइआर दर्ज करके मामले की जांच शुरू की है।

पुलिस का कहना है कि चोर कंपनी के आफिस के अंदर के नक्शे से पूरी तरह से वाकिफ था, इसीलिए पहले चोर सीढ़ी के रास्ते छठी मंजिल तक चलकर गया। बिल्डिंग के सीसीटीवी कैमरों को बंद करके बालकनी में कूदा और खिड़की का कांच तोड़ते हुए ज्वेलरी शाप के दफ्तर में घुस गया। शोरूम के मालिक 37 वर्षीय समर्थ बजाज ने बताया कि वह हीरे व गहने अपने शोरूम और आफिस से बेचते हैं।

## बरेली में निर्दोषों के घर दबिश देने में घिरी उत्तराखंड पुलिस

- हिरासत से छूटे ग्रामीण थाने पहुंचे, कहा- दरवाजे तोड़ डाले, महिलाओं से की अभद्रता
- बिना सूचना दूसरे राज्य की पुलिस की दबिश पर उप्र शासन को भेजी गई जानकारी

**जासं, बरेली :** बिना सूचना-समन्वय दूसरे राज्य में दबिश देने वाली उत्तराखंड पुलिस अब उत्पीड़न के आरोप में घिरती नजर आ रही है। उत्तराखंड पुलिस की हिरासत से निर्दोष बताकर छोड़े गए बरेली के 15 में से 14 ग्रामीणों के स्वजन ने थाने पहुंचकर आठ तहरीरें दीं। उनका कहना था कि उत्तराखंड के पुलिसकर्मियों ने बेवजह उनके घरों के दरवाजे तोड़े और महिलाओं से अभद्रता की, इसलिए कार्रवाई हो।

बिना सूचना उत्तराखंड पुलिस की दबिश की जानकारी उप्र शासन को भेज दी गई। दूसरी ओर, मंगलवार को एसटीएफ ने मादक पदार्थों की तस्करी में पांच आरोपितों को पकड़ा, इनमें एक उत्तराखंड का रहने वाला है। रविवार रात बरात वाले स्टीकर लगी बसों-कारों से उत्तराखंड के 300 अधिकारी-पुलिसकर्मी बरेली के फतेहगंज पश्चिमी व अगरास के कई घरों में घुसे थे। इस दबिश को 'स्ट्राइक' बताकर वहां के अधिकारियों ने प्रेस नोट व कई वीडियो-फोटो जारी किए थे। बरेली के आइजी डा. राकेश सिंह ने कुमाऊं के आइजी योगेंद्र सिंह रावत से फोन पर बात की। डा. सिंह ने बताया, इस बात पर सहमति बनी कि दोनों ओर से सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा।

### 'बंगाल में 13 लाख से अधिक फर्जी मतदाता'

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भाजपा, तृणमूल कांग्रेस और बीजद के प्रतिनिधिमंडलों ने मंगलवार को चुनाव आयोग से अलग-अलग मुलाकात कर मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया और चुनाव आयोग से इन्हें दूर करने के लिए कदम उठाने की मांग की।

भाजपा ने चुनाव आयोग से बंगाल में मतदाता सूचियों का आडिट और संशोधन करने का आग्रह करते हुए दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन के दौरान मतदाता सूची में 13 लाख से अधिक फर्जी मतदाता जोड़े गए हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने फर्जी मतदाता पंजीकरण के लिए आधार कार्ड की क्लोनिंग का आरोप लगाया। बीजद ने चुनाव प्रक्रिया की स्वतंत्र आडिट और निगरानी का सुझाव दिया। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट किया, आयोग ने भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

## उप्र के जेएस विश्वविद्यालय ने बेचीं एक सत्र की 1200 फर्जी डिग्रियां

नरेन्द्र शर्मा • जागरण

- लेखाधिकारी से जब्त पेन ड्राइव की जांच में हुआ पर्दाफाश
- नियमों के तहत एक सत्र में आवंटित थीं 150 सीटें

**जयपुर :** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के शिकोहाबाद स्थित निजी जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सुकेश कुमार और रजिस्ट्रार नंदन मिश्रा ने दलालों के साथ मिलकर एक ही शिक्षा सत्र के बैचलर आफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) की 1200 डिग्रियां बेच दीं। नियमों के तहत विश्वविद्यालय को एक सत्र में अधिकतम 150 सीटें आवंटित थीं। जिन युवाओं को डिग्रियां दी गईं, उनका सत्र 2016-2018 बताया गया, जबकि फीस जमा करने का वर्ष 2021 दर्शाया गया।

फर्जीवाड़े की जांच कर रही राजस्थान एसओजी ने विश्वविद्यालय के लेखाधिकारी सुमित के पास से पेन ड्राइव जब्त की है, जिसमें डिग्रियों को बांटने का दस्तावेज संलग्न है। जिन युवकों को डिग्री दी गई, उनमें 90% कभी विश्वविद्यालय पहुंचे नहीं। दलाल से पैसे लेकर कुलाधिपति व रजिस्ट्रार ने डिग्रियां दीं। फर्जी डिग्री लेने वाले अधिकतर युवक राजस्थान के हैं।

एसओजी के अधिकारी गिरफ्तार कुलाधिपति, रजिस्ट्रार, दलाल व लेखाधिकारी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ कर रहे हैं। यह सामने आया है कि राजस्थान में शारीरिक शिक्षकों की भर्ती की विज्ञप्ति जारी होने के बाद से ही फर्जी डिग्री का खेल शुरू हो गया था।

### मप्र में जीत के जश्न में उपद्रव को लेकर अब तक आठ एफआइआर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** मध्य प्रदेश में इंदौर के महू में चैंपियंस ट्राफी में भारत की जीत के बाद निकले जुलूस में जामा मस्जिद के सामने हुए विवाद और उपद्रव के बाद पुलिस लगातार एफआइआर दर्ज कर रही है। मंगलवार तक आठ एफआइआर दर्ज हो चुकी हैं। 50 लोगों को सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर नामजद किया गया है। इसमें से 10 लोगों को जेल भेजा गया है।

उधर, महू में उपद्रव की घटना के पहले का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। पांच मिनट 40 सेकंड के वीडियो में जामा मस्जिद के सामने से क्रिकेट प्रेमियों का जुलूस निकलते नजर आ रहा है। आधे से ज्यादा जुलूस निकल गया, इसके बाद मस्जिद से एक साथ लोग बाहर आते नजर आ रहे हैं और मारपीट कर रहे हैं।

## झारखंड में मुठभेड़ में मारा गया कुख्यात अपराधी



दहशत फैलाने के लिए इंटरनेट मीडिया पर इस तरह अपनी तस्वीरें पोस्ट करता था अमन साहू • स्रोत: इंटरनेट मीडिया

- रास्ते में गिरोह के लोगों ने पुलिस टीम पर किया था हमला
- झारखंड पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंगस्टर ढेर

**जागरण टीम, रांची/पलामू:** झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़ तक कोयला कारोबारियों और बिल्डरों से रंगदारी वसूली व हत्याओं के लिए कुख्यात गैंग्स्टर अमन साव उर्फ अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। रांची में कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर पिछले दिनों हुई फायरिंग को लेकर झारखंड पुलिस के एटीएस के अधिकारी अमन को रायपुर से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची आ रहे थे।

इसी क्रम में रास्ते में यह घटना हुई। मुठभेड़ में झारखंड एटीएस के हवलदार राकेश कुमार गोली लगने से जख्मी हो गए हैं। टीम का नेतृत्व एटीएस के डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार, झारखंड की सीमा में घुसने के बाद पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढ़ा के पास अमन साव के आधा दर्जन गुर्गों ने गैंग्स्टर को छुड़ाकर ले जाने के उद्देश्य से पुलिस टीम पर बम से हमला कर दिया। दस्ते में शामिल एटीएस की तीनों गाड़ियां रुक गईं। एटीएस के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की।

इसमें गिरोह के एक सदस्य को गोली लगी। फिर सभी बदमाश जंगल की ओर भाग गए। अमन एटीएस के एक जवान की इंसास राइफल छीनकर भागने लगा। जवानों ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा, उसने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक गोली एटीएस के हवलदार राकेश कुमार की दाहिनी जांघ को छूते हुए निकल गई। जवाबी फायरिंग में अमन मारा गया।

अमन का अंतरराष्ट्रीय गैंग्स्टर लारेंस बिश्नोई से भी संबंध का राजफाश हो चुका है। लारेंस गैंग अमन को हथियार की आपूर्ति करता था। अमन पिछले तीन महीने से रायपुर जेल में बंद था। छत्तीसगढ़ में अमन साहू के विरुद्ध पांच मामले दर्ज हैं।

### सोना तस्करी मामले में रान्या के सौतेले पिता के खिलाफ जांच

**बेंगलुरु, प्रेट्र :** सोना तस्करी की आरोपित कन्नड़ फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव के सौतेले पिता और डीजीपी रैंक के अधिकारी के रामचंद्र राव के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। कर्नाटक सरकार ने कथित सोना तस्करी गतिविधि में रामचंद्र की भूमिका की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को नियुक्त किया है। जांच अधिकारी को जांच शुरू कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है। रामचंद्र कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं।

आरोप है कि रान्या ने एयरपोर्ट पर उच्च पदस्थ अधिकारियों को दिए जाने वाले प्रोटोकाल विशेषाधिकारों का लाभ उठाने के लिए अपने पिता रामचंद्र के नाम का दुरुपयोग किया।

********

### पहली बार बोतल बंद पेय के रूप में बाजार में आया कोका-कोला

1894 में आज ही पहली बार अमेरिका में कोका-कोला बोतल बंद पेय के रूप में बेचा गया था। 1886 में फार्मासिस्ट डा. जान पेंबर्टन ने एक टानिक के रूप में इसे बनाया था। उन्होंने घर के बगीचे में नींबू, दालचीनी, कोका की पत्तियों और ब्राजील की एक झाड़ी के बीजों को मिलाकर इस पेय को बनाया था।




### नमक कानून के विरोध में गांधीजी ने निकाला दांडी मार्च

अंग्रेज सरकार के सख्त नमक कानून के विरुद्ध 1930 में आज ही गांधीजी के नेतृत्व में गुजरात के साबरमती आश्रम से दांडी तक मार्च शुरू हुआ था। छह अप्रैल को गांधीजी ने दांडी तट पर पहुंचकर नमक कानून तोड़ा। इससे सविनय अवज्ञा आंदोलन की नींव रखी।



### आधुनिक महाराष्ट्र को आकार देने में यशवंतराव ने निभाई थी भूमिका

प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी यशवंतराव बलवंतराव चव्हाण का जन्म 1913 में आज ही बांबे प्रेसीडेंसी के सतारा जिले (अब महाराष्ट्र में) में हुआ था। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया था। 1932 में सतारा में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए गिरफ्तार होने के बाद उन्हें 18 महीने की जेल की सजा मिली थी। एक भूमिगत कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भी भाग लिया था। देश की स्वतंत्रता के बाद महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री बने। बाद में देश के रक्षामंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री और विदेश मंत्री के पद भी संभाले।



## इधर-उधर की

### 19 लाख रुपये खर्च कर बनवा दिया कुत्ते का क्लोन



पालतू कुत्ते जोकर की मौत से सदमे में चली गई थीं जू • इंटरनेट मीडिया

**बीजिंग, एजेंसी:** कुत्ते के प्रति प्रेम को लेकर चीन की एक महिला सुर्खियों में है। उसने अपने पालतू कुत्ते की मौत के बाद 19 लाख रुपये (1,60,000 युआन) खर्च कर उसका क्लोन बनवा दिया। जू नाम की महिला ने 2011 में डाबरमैन नस्ल का कुत्ता खरीदा था, जिसे वह प्यार से जोकर कहती थीं। 2022 में दिल का दौरा पड़ने से जोकर की मृत्यु हो गई। जोकर की मौत से जू टूट गईं। इससे उबरने के लिए उन्होंने जोकर का क्लोन बनाने का फैसला किया। इसके बाद जू ने पेट क्लोनिंग केंद्र से संपर्क किया। क्लोनिंग कंपनी ने प्रक्रिया के लिए जोकर की त्वचा के कुछ हिस्से लिए। एक साल बाद, जू को जोकर का क्लोन मिल गया। जू ने उसका नाम लिटिल जोकर रखा। जू ने बताया कि अब उन्हें ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जोकर उन्हें वापस मिल गया।

### बांग्लादेश में छह बच्चों से दुष्कर्म, विरोध प्रदर्शन जारी

**ढाका, आइएएनएस:** बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। इस बीच मंगलवार को छह जिलों में छह बच्चों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं सामने आई हैं। इन मामलों में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिन बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न हुआ, वे सभी छह से चौदह साल की उम्र के हैं। इन घटनाओं में से एक में यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली।

# पीएम मोदी को मारीशस का सर्वोच्च सम्मान

## किसी राष्ट्र की ओर से यह 21वां सम्मान, दो दिवसीय मारीशस यात्रा पर हैं प्रधानमंत्री मोदी

**पोर्ट लुई, प्रेट्र :** मारीशस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर आफ द आर्डर आफ द स्टार एंड की आफ द इंडियन ओशन' देने का एलान किया है। मारीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने इसकी घोषणा की। पीएम मोदी ने विशेष सम्मान के रूप में मारीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखुल व उनकी पत्नी वृंदा गोखुल और मारीशस के पीएम व उनकी पत्नी वीणा रामगुलाम को 'ओसीआइ कार्ड' (ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया कार्ड) सौंपे। पीएम रामगुलाम ने कहा, "यह मेरे और मेरी पत्नी के लिए सुखद आश्चर्य है।"

पीएम मोदी मारीशस का सर्वोच्च सम्मान पाने वाले पहले भारतीय होंगे। यह किसी विदेशी राष्ट्र द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी यह सम्मान पाने वाले पांचवें विदेशी नागरिक हैं। इससे पहले मोदी ने 'स्टेट हाउस' में मारीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखुल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने खास एवं घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'मारीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखुल के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। वह भारत और भारतीय संस्कृति से अच्छी तरह परिचित हैं। मारीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह (12 मार्च) का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने के वास्ते मैंने आभार व्यक्त किया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।' मोदी ने कहा कि मारीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में दूसरी बार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले 2015 में मारीशस की यात्रा की थी।

मोदी ने 'स्टेट हाउस' में आयुर्वेद उद्यान का भी दौरा किया, जिसे भारत सरकार के सहयोग से स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति गोखुल से मुलाकात करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी और मारीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत 'सर शिवसागर रामगुलाम बाटनिकल गार्डन' में बेल का एक पौधा लगाया।

**रामगुलाम समेत 200 गणमान्य लोगों ने किया स्वागत:** मारीशस पहुंचने पर पीएम मोदी का स्वागत करने पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम समेत 200 गणमान्य उपस्थित थे। इनमें मारीशस के उपप्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, विपक्ष के नेता, विदेश मंत्री, कैबिनेट सचिव, ग्रैंड पोर्ट जिला परिषद के अध्यक्ष और कई अन्य लोग शामिल थे। भारतीय समुदाय की महिलाओं ने 'गीत गवई' नामक पारंपरिक बिहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। 'गीत गवई' पारंपरिक भोजपुरी संगीत है जो भोजपुरी क्षेत्र की महिलाओं द्वारा मारीशस लाई गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

### महाकुंभ का पवित्र जल और मखाना किया भेंट

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति गोखुल को पीतल व तांबे के बर्तन में महाकुंभ से संगम का पवित्र जल एवं बिहार का सुपरफूड मखाना भी भेंट किया। राष्ट्रपति गोखुल की पत्नी को उन्होंने सादेली शिल्पकला युक्त बक्से में बनारसी रेशमी साड़ी भेंट की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति गोखुल की धर्मपत्नी को सादेली शिल्पकला युक्त बक्से में बनारसी रेशमी साड़ी भेंट की। बनारसी साड़ी अपने बेहतरीन रेशम, खूबसूरत जरी और कसीदाकारी के काम के लिए जानी जाती है, जबकि गुजरात की सादेली शिल्प कला में सागौन की उम्दा लकड़ी पर पच्चीकारी की जाती है।



पोर्ट लुई में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मारीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखुल को एक पात्र में संगम का पवित्र जल भेंट किया। धरमबीर गोखुल की पत्नी वृंदा गोखुल भी इस दौरान उपस्थित रहीं • एएनआइ

## 'भारत और 'ग्लोबल साउथ' के बीच सेतु है मारीशस'

- पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधन में मारीशस को बताया परिवार का हिस्सा
- कार्यक्रम में पीएम रामगुलाम ने भारतीयों से किया मारीशस में निवेश का आह्वान

**पोर्ट लुई, प्रेट्र:** पीएम मोदी ने मंगलवार को मारीशस को भारत और 'ग्लोबल साउथ' के बीच एक सेतु करार दिया। कहा कि मारीशस सिर्फ साझीदार देशभर नहीं है, बल्कि भारत के परिवार का हिस्सा है। मारीशस मिनी इंडिया है।

मोदी ने एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, 'यह बंधन इतिहास, विरासत और मानवीय भावनाओं में गहराई और मजबूती से निहित है। मारीशस भारत को व्यापक ग्लोबल साउथ से जोड़ने वाला एक सेतु भी है। एक दशक पहले 2015 में प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल में मैंने भारत के सागर विजन की घोषणा की थी। सागर का मतलब क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करना है। आज भी मारीशस इस विजन के केंद्र में है।' कार्यक्रम में मारीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, उनकी पत्नी और कैबिनेट मंत्री भी शामिल हुए। इस दौरान मोदी ने मारीशस को नए संसद भवन के निर्माण सहित विकास में हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया।

मोदी ने अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान बार-बार भोजपुरी का इस्तेमाल किया, क्योंकि इस द्वीपीय राष्ट्र की 70 प्रतिशत आबादी भोजपुरी बोलने वाली भारतीय मूल की है। उन्होंने कहा कि अगर मारीशस में किसी भारतीय फिल्म शूटिंग होती है, तो उसके हिट होने की संभावना बढ़ जाती है। मोदी ने कहा, "जब भी मैं मारीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है कि मैं अपने ही लोगों के बीच हूं।" भारत में होली में अब केवल तीन दिन बचे हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह होली के रंगों को अपने साथ भारत लेकर जाएंगे। मोदी ने बताया कि भारत में आयोजित महाकुंभ का पवित्र जल मारीशस के गंगा तालाब में डाला जाएगा, जो भारतीय प्रवासियों द्वारा पूजित एक पवित्र झील है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने मारीशस के विकास के लिए देश में की जा रही व्यापक गतिविधियों के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों के ऐतिहासिक महत्व को दोहराया और मारीशस के नागरिकों को ओसीआइ कार्ड प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने भारत के अधिकाधिक लोगों से मारीशस में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने जय हिंद जय मारीशस कहकर अपना संबोधन समाप्त किया।

# महाकुंभ ने सनातन भाव से दीप्त किया विश्व : योगी



योगी आदित्यनाथ

- पीएम मोदी ने मारीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया संगम का जल तो योगी ने जताया आभार

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। मारीशस दौरे पर गए प्रधानमंत्री ने वहां के राष्ट्रपति को संगम के पवित्र जल सहित अनेक उपहार भेंट किए हैं।

मंगलवार को सीएम योगी ने एक्स पर लिखा कि 'प्रधानमंत्री जी! मानवता के महायज्ञ, महाकुंभ-2025 प्रयागराज ने संपूर्ण विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम्' के सनातन भाव से दीप्त कर दिया है।' उन्होंने आगे लिखा कि 'विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मारीशस के राष्ट्रपति को मां गंगा, मां यमुना एवं मां सरस्वती के आशीर्वाद स्वरूप पावन त्रिवेणी संगम का पवित्र जल व उनकी पत्नी को बनारसी साड़ी जैसे अनेक अद्वितीय उपहार भेंट किए हैं। भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।'

# भारत सहित सभी के साझा हितों में चागोस पर ब्रिटेन से नए समझौते के इच्छुक : रामफल



धनंजय रामफल

- इस द्वीपसमूह को लेकर मारीशस की आजादी के बाद से है विवाद

**पोर्ट लुई, प्रेट्र:** मारीशस और ब्रिटेन के बीच लंबे समय से विवादित चागोस द्वीपसमूह पर वार्ता जारी है। मारीशस की नई सरकार इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता बहाल करने के लिए समझौते की शर्तों पर पुनर्विचार करने पर जोर दे रही है। मारीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने कहा कि सरकार ब्रिटेन के साथ एक निर्णायक समझौता चाहती है जो भारत और अमेरिका सहित सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में हो।

रामफल ने एक साक्षात्कार में कहा, "यह सभी देशों के हित में है कि हम चागोस के स्थायी समाधान के लिए एक समझौते पर पहुंचें।" इस समझौते पर शुरुआती बातचीत नवंबर 2024 में मारीशस के आम चुनावों से पहले हुई थी। अब नई सरकार के सत्ता में आने के बाद, रामफल ने कहा कि प्रशासन शर्तों पर नए सिरे से विचार करने को इच्छुक है। रामफल के अनुसार, चागोस के मुद्दे पर समझौते में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, 'हमें यह ध्यान में रखना होगा कि हिंद महासागर में सुरक्षा के मामले में हमारे हित समान हैं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को मारीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिसमें चागोस का मुद्दा भी उठेगा।

गौरतलब है कि चागोस द्वीपसमूह 1968 में मारीशस की आजादी के बाद से विवाद का विषय बना हुआ है। ब्रिटेन ने इसके सबसे बड़े द्वीप डिएगो गार्सिया को अमेरिका को पट्टे पर दे दिया था, जहां एक रणनीतिक सैन्य अड्डा स्थापित है। पिछले महीने ट्रंप ने इस समझौते को समर्थन दिया था।




with you hamesha 1800-209-6006 | Xmart | UDAY दस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा

*श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ CNG रेंज. सुपीरियर लोड बॉडी, पेलोड, प्रोफिटेबिलिटी के दावे एम एंड एम इंटरनल CV पोर्टफोलियो सेगमेंटेशन पर आधारित हैं. *माइलेज ARAI सर्टिफिकेट के अनुसार. स्टैंडर्ड ड्राइविंग की स्थितियों में. दिखाई गई एक्सेसरीज़ स्टैण्डर्ड उपकरण का हिस्सा नहीं हैं. **नियम तथा शर्तें लागू.

DELHI - INDRAPRASTHA MOTORS: MUNDKA, DWARKA, BRIJPURI, SIRASPUR, RAMA ROAD - 7290055448, SKYLINE AUTOMOBILES: JHANDELWALAN, OKHLA - 7290055634, GURGAON - SANJAY AUTOMOTIVE: NARSINGHPUR, SOHNA ROAD, FARRUKH NAGAR, PATAUDI - 7290055633, ARAV MOTORS: MANESAR - 9289220862, FARIDABAD - PRIME AUTOMOBILES: FARIDABAD, PALWAL, HODAL - 7290055626, SANJAY AUTOMOTIVE: FARIDABAD - 9015130686, GHAZIABAD, HAPUR - SHIVA AUTOCAR (INDIA) PVT. LTD.: GHAZIABAD, HAPUR - 7290055613, LONI: 7290055612, VIGSONS - GHAZIABAD - 9971960433, 8800640335, NOIDA - KONCEPT AUTOMOBILES: SEC – 2 / SEC – 63 - 7290055646, GREATER NOIDA, JEWAR - 7290055646, LOHCHAB MOTORS: ROHTAK, MEHAM - 8059888800, JHAJJAR, BAHADURGARH - 8059888899, PP AUTOMOTIVE: SONIPAT, PANIPAT, KARNAL - 7574808719, DEWAN FOURWHEELS: REWARI, NARNAUL, MAHENDRAGARH - 7574808712, SONIPAT DRIVE: SONIPAT - 8696900758, 7082911252, SHIVA AUTOCORP: BULANDSHAHR - 7617595010.

*********

जागरण सिटी

दैनिक जागरण

दिल्ली/दक्षिणी दिल्ली

www.jagran.com

## प्रणाम

### नाट्य उत्सव
- साहित्य नाटक उत्सव के चार रंग का आयोजन। श्री राम सभागार में। सुबह 5 बजे से।

### कला और संस्कृति
- प्रसिद्ध फाउंडेशन की ओर से दक्षिण भारत की कला और संस्कृति समारोह रमायणा चित्रावली का आयोजन। हेबिटेट सभागार। शाम 7.30 बजे

### प्रदर्शनी
- वर्तमान भविष्य से संबंधित प्रदर्शनी कला का आयोजन। सीसीए बीकानेर हाउस। सुबह 11 बजे.



### लक्ष्मण के चरित्र की गहराइयों को बेहद खूबसूरती से उकेरा

"सौमित्री – अटूट वफादारी का प्रतीक" में कलाकार पी. प्रवीण कुमार ने लक्ष्मण के चरित्र की गहराइयों को बेहद खूबसूरती से उकेरा और निस्वार्थ भक्ति, भ्रातृ-प्रेम और त्याग को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। अंत में, निधगा करुनाड ने "वायुपुत्र – भक्ति पुनर्परिभाषित" की प्रस्तुति से दर्शकों को हनुमान की अटूट शक्ति व समर्पण से परिचित कराया। इस मंचन ने बजरंग बली की भक्ति को एक नए दृष्टिकोण से पेश कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

कथक के माध्यम से नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देतीं रचना कार्णिक ● जागरण

# नृत्य से दिया प्रेम और सद्भाव का संदेश

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** भारत की खूबसूरती उसकी विविधता में एकता है। यहां अनेक धर्म, संस्कृतियां और परंपराएं होने के बावजूद, सबका मूल संदेश एक ही है—मानवता, प्रेम और सद्भाव। इसी सार्वभौमिक आध्यात्मिकता और सर्वधर्म समभाव का संदेश कलाकारों ने नृत्य-नाटिका से दिया। मौका था प्रसिद्धा फाउंडेशन की ओर से इंडियन हैबिटेट सेंटर के स्टीन आडिटोरियम में आयोजित ''रामायण चैत्रावली '' उत्सव का। दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत ''एकम सत – एक सत्य, अनेक मार्ग'' नृत्य-नाटिका से हुई। यह प्रस्तुति संस्कृत श्लोक ''एकं सत विप्रा बहुधा वदन्ति'' से प्रेरित थी, जिसका अर्थ है—सत्य एक है, लेकिन विद्वान उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। इस भाव को नृत्य से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस बेहतरीन प्रस्तुति को पद्मश्री प्रतिभा प्रह्लाद ने डिजाइन और कोरियोग्राफ किया। मंच पर मिथुन श्याम, रेखा राजू, निधगा करुनाड और काव्या काशीनाथ जैसे कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद एकल प्रस्तुतियां हुईं। इनमें कलाकार सूर्या एन. राव ने ''रावण – 11वें सर की अनकही कहानी'' का मंचन किया। यह नाटक संस्कृत, तमिल, अंग्रेजी और तेलुगु भाषाओं के साथ-साथ कुचिपुड़ी, छऊ जैसी विविध नृत्य शैलियों का अनूठा संगम था, जिसमें रावण की अपार शक्ति, भक्ति और बुद्धि को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए दिखाया गया कि स्वयं राम के हाथों मारे जाने का पूर्वज्ञान होने के बावजूद, रावण ने युद्ध का मार्ग चुना।



इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भरतनाट्यम से नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देतीं काव्या काशीनाथ ● विपिन शर्मा

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**स्थानीय ब्यूरो**
प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**दक्षिणी दिल्ली**
50, ओखला इंडस्ट्रीयल एस्टेट, फेज-3, नई दिल्ली-20

**प्रिय पाठकगण,**
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

संपर्क करें : 9811696820 9873737460
ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9773644277
8076941298

**जनमत**

**मुद्दा**

**क्या दिल्ली समेत एनसीआर में बीते कुछ वर्षों में पानी की उपलब्धता बढ़ाने को लेकर कोई काम नहीं हुआ?**

अपनी राय और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने मोबाइल के मैसेज बॉक्स में जाकर MUDDAD लिखें, स्पेस देकर YES या NO लिखकर 57272 पर भेजें
muddad@jagran.com

## एक नजर में

### फर्जी वीजा से विदेश भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** : फर्जी वीजा की मदद से विदेश भेजने वाले एक एजेंट को आइजीआइ एयरपोर्ट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान बंगाल के हुगली के उत्तरपारा के संजीव कुमार राउत के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिछले महीने पंजाब के होशियारपुर का शरणजीत सिंह ग्रीस जाने के लिए आइजीआइ एयरपोर्ट पर पहुंचा था। जब उ दस्तावेजों की जांच की गई तो पासपोर्ट पर ग्रीस का फर्जी वीजा चिपका मिला। आरोपित को गिरफ्तार कर जांच शुरू की गई। (जासं)

### घोषित अपराधी गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली :** सरोजनी नगर थाना पुलिस ने भगोड़ा घोषित अपराधी संजय कालोनी, भाटी माइंस निवासी सुखवंत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपित थाना साउथ कैंपस के एक मामले में वांछित था। सुखवंत एनआइ एक्ट के एक मामले अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे दिसंबर 2024 में भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

### लापता चार साल के बच्चे को स्वजन से मिलवाया

**दक्षिणी दिल्ली :** परिवार से बिछड़े चार साल के एक बच्चे को लोधी कालोनी थाना पुलिस ने स्वजन से मिलवा दिया। सोमवार शाम को लोधी कालोनी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि दयाल सिंह कालेज की लालबत्ती के पास चार साल का एक बच्चा परिवार से बिछड़ गया है और रो रहा है। पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने बच्चे का विवरण जिपनेट पर डाला। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। (जासं)

# दिल्ली रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था चाक-चौबंद, यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनाया गया चक्रव्यूह

## पिछले माह स्टेशन पर भगदड़ के बाद किए गए इंतजाम भीड़ प्रबंधन में दे रहे योगदान

**15** फरवरी के बाद अनारक्षित टिकट की बिक्री बंद की गई थी

**16** अनारक्षित टिकट केंद्र बनाए गए हैं स्टेशन परिसर में

**11** टिकट वेंडिंग मशीन भी इस स्टेशन पर लगाई गई हैं

अनूप कुमार सिंह ● जागरण

**नई दिल्ली** : पिछले महीने भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत के बाद रेलवे प्रशासन ने नई दिल्ली स्टेशन पर यात्री सुरक्षा को कई कदम उठाए थे, मंगलवार को वह सभी स्टेशन पर नजर आए। अभी होली को लेकर स्टेशन पर भारी भीड़ जुट रही है। इसे देखते हुए रेलवे की ओर से ऐसा सुरक्षा चक्रव्यूह तैयार किया गया है, जिसे पार करने के बाद ही यात्रियों का सफर शुरू हो रहा है। रेलवे फुट ओवर ब्रिज (आरएफओबी) और सीढ़ियों पर यात्रियों को न तो रुकने दिया जा रहा और न ही उन्हें वहां बैठने की इजाजत है।

ट्रेन के प्लेटफार्म पर आने से पहले तक यात्रियों को प्लेटफार्म के किनारों से 10 फीट दूर रस्सा लगा कर रोके रखा जा रहा है। ट्रेन के ठहरने के बाद ही यात्रियों को इससे बाहर जाने की अनुमति है। ट्रेन के आने-जाने के समय प्लेटफार्म पर अनावश्यक भीड़ न बढ़े आरपीएफ ने इसके लिए प्लेटफार्म नंबर 16 पर अनारक्षित टिकट धारकों के लिए यह विशेष व्यवस्था बनाई हुई है। इसके चलते होली पर विशेष ट्रेन से यूपी-बिहार की ओर जाने वाले अनारक्षित श्रेणी के सैकड़ों यात्री मंगलवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के बनाए सुरक्षा चक्रव्यूह में घंटों फंसे रहे। भूखे-प्यासे यात्रियों का आरोप था कि इस कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ी।

**जांच में लग रहे 40 से 50 मिनट** : भगदड़ के बाद यात्री सुरक्षा को फूंक-फूंक कदम उठा रहा नई दिल्ली रेलवे प्रशासन की व्यवस्था कहीं-कहीं यात्रियों के लिए परेशानी का भी सबब बनती जा रही है। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर से प्लेटफार्म पर आने के लिए यात्रियों को लाइन लगाकर टिकट जांच करने की व्यवस्था की हुई है। यात्रियों को पहले यहां लाइन लगाकर टिकट चेक कराने के बाद ही स्टेशन इमारत में प्रवेश की अनुमति है। इसके लिए आरक्षित और अनारक्षित टिकट धारकों के लिए अलग-अलग व्यवस्था है। इसके बाद उन्हें अपने सामान की जांच को अलग लाइन लगानी पड़ रही है। इन दोनों जांच में यात्रियों की 40 से 50 मिनट लग रहे हैं। प्लेटफार्म पर पहुंचने के बाद उन्हें पैसेंजर होल्डिंग एरिया में खड़ा कर दिया जा रहा है। यहां से उन्हें ट्रेन आने पर ही आगे जाने की अनुमित है। इसके चलते ट्रेन आने पर यात्रियों की भारी एक साथ एकाएक डिब्बे चढ़ने को धक्का-मुक्की करने लगती है। यह स्थिति कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। मंगलवार को प्लेटफार्म नंबर 15 पर डिब्रूगढ़ राजधानी के आने पर नजर आई, जबकि इसमें सभी आरक्षित टिकट धारक सफर कर रहे थे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेन में आरक्षित के साथ-साथ अनारक्षित टिकट धारक भी यात्रा करते हैं, ऐसे में उनका क्या हाल होता होगा।



आरपीएफ के सुरक्षा चक्रव्यूह में मंगलवार को फंसे होली पर ट्रेन पकड़ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे अनारक्षित श्रेणी के यात्री ● जागरण





नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित श्रेणी के यात्रियों के लिए बनाया गया अलग गेट ● जागरण

### अनारक्षित टिकट को बनाया अस्थायी टिकट घर

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ से चिंतित रेलवे प्रशासन ने होली के मौके पर स्टेशन इमारत में बनी अनारक्षित टिकट बिक्री की खिड़कियों को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है। इसकी जगह स्टेशन परिसर में टेंट लगाकर उसमें अस्थाई तौर पर 16 अनारक्षित टिकट बिक्री केंद्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही 11 टिकट वेंडिंग मशीन भी यहां लगाई गई हैं।

### होली तक लगा दी गई है प्लेटफार्म टिकट पर पाबंदी

रेल प्रशासन ने होली तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर होली तक प्लेटफार्म टिकट पर पाबंदी लगा दी है। टिकट खिड़की से प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद है, आन लाइन टिकट को मान्य नहीं किया जा रहा था। केवल आरक्षित और अनारक्षित टिकट धारकों को ही थी प्रवेश की अनुमति।

### बिना अनुमति मीडिया के प्रवेश पर पाबंदी

महाकुंभ के समय प्लेटफार्म पर भगदड़ मचने से 18 यात्रियों की हुई मौत से घबराए रेल प्रशासन ने होली के मौके पर रेलवे स्टेशन परिसर को छोड़ प्लेटफार्म सिहत अन्य सभी जगह पर जाने और फोटो खींचने पर पाबंदी लगा दी है। प्लेटफार्म प्रवेश द्वार पर ही उन्हें रोक दिया जा रहा था।

### दिल्ली पुलिस और आरएएफ की जगह नजर आई आरपीएफ

नई दिल्ली: भगदड़ के समय प्रयागराज कुंभ के लिए ड्यूटी पर जाने के कारण रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की कमी को पूरा करने के लिए दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आपीएफ) ने व्यवस्था संभाली थी। होली पर महाकुंभ से लौटी आरपीएफ ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुरक्षा का जिम्मा संभाला हुआ था। दिल्ली पुलिस और आरएएफ मंगलवार को स्टेशन के भीतर और बाहर दोनों ही जगह नजर नहीं आई।

# होली को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

- बाजार में आई नेताओं की तस्वीर वाली पिचकारियां
- मुख्यमंत्री की तस्वीर वाली पिचकारी की मांग बढ़ी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** होली पर हर बार बाजार में नए-नए प्रयोग किए जाते हैं, ताकि बच्चे रंगों और पिचकारियों की तरफ आकर्षित हो सकें। इसको देखते हुए इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ ही रेखा गुप्ता समेत अन्य नेताओं की तस्वीरों वाली पिचकारियों की मांग तो है ही, साथ ही ग्राहकों को इलेक्ट्रानिक पिचकारी भी लोगों को खूब भा रही हैं।

मार्केट में 300-2000 रुपये की अलग-अलग पानी की क्षमता वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। इसमें 200 एमएल से लेकर 800 एमएस तक वाली पिचकारी बाजार में धूम मचा रही है।

सदर बाजार में डालिंग पिचकारी के थोक विक्रेता विक्की गुप्ता ने बताया कि इस बार पिचकारी की मांग ज्यादा है। दूर-दूर से दुकानदार यह पिचकारी लेने आ रहे हैं। इस पिचकारी की खासियत यह है कि इसमें सेल नहीं, बल्कि चार्जिंग सेल का उपयोग किया जाता है।

इलेक्ट्रानिक पिचकारी में एक बार बैट्री चार्ज करने से बच्चे 15 मिनट तक चला सकते हैं। इसमें पिचकारी मारने के लिए प्रेशर बनाना नहीं पड़ता। इसके साथ ही 80 मीटर तक इसकी धार जाती है।



नेताओं की तस्वीर वाली पिचकारी दिखाता दुकानदार ● जागरण

### प्राकृतिक रंगों की है अधिक मांग

हानिकारण रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए इस बार प्राकृतिक रंगों की मांग है। इसमें खुले पैकेट बंद रंग बाजार में उपलब्ध है। सदर बाजार के स्थानीय दुकानदार ने बताया कि ग्राहक इस बार पक्के रंग की तुलना में प्राकृतिक रंगों को ज्यादा पसंद कर रहे। खासकर, अपने बच्चे की त्वचा को ध्यान में रखकर माता-पिता रंग खरीद रहे हैं। इसके अलावा रंग-बिरंगे मास्क और कृत्रिम बाल भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। घरों में महिलाएं भी इस पर्व को खास बनाने के लिए उत्साहित हैं। वे परिवार के लिए स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करने के लिए जरूरी सामान की खरीदारी कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि कई पिचकारी बच्चे चलाते हैं तो कई पिचकारी युवा भी चलाते हैं। इसमें पांच लीटर पानी की क्षमता वाली नेताओं की तस्वीर वाली पिचकारी हैं। इसमें इस बार सीएम रेखा गुप्ता की तस्वीर वाली भी पिचकारी है। अब तक पीएम के साथ योगी आदित्यनाथ और केजरीवाल की तस्वीर वाली पिचकारी थी।

# अंग्रेजी का आसान पेपर देख खिले चेहरे

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से मंगलवार को सीनियर सेकेंडरी की अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरे खिले दिखे। उनके मुताबिक सिर्फ राइटिंग सेक्शन को हल करने में थोड़ा समय लगा, प्रश्न पत्र आसान रहा। प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम से ही आया था।

अंग्रेजी की परीक्षा को लेकर छात्र सुबह से तनाव में थे। छात्रों के अनुसार प्रश्नपत्र उनकी तैयारी के अनुसार ही आया था। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न पूछे गए थे। राइटिंग सेक्शन थोड़ा लेंदी था, लेकिन किसी प्रश्न को हल करने में परेशानी नहीं हुई।



जीके के डान बास्को स्कूल में बने केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं ● जागरण



अंग्रेजी की परीक्षा को लेकर मन में काफी डर था। सुबह मैं काफी तनाव में था, लेकिन प्रश्न पत्र आसान रहा। – **अनंत गर्ग**



सारे सवाल आसान ही थे। राइटिंग सेक्शन थोड़ा लेंदी था तो उसमें समय लगा, लेकिन सब कुछ सिलेबस से ही था। खुश हूं कि परीक्षा अच्छी हुई है। – **सत्यम**



प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न पूछे गए थे। अनसीन पैसेज आसान थे। राइटिंग सेक्शन में थोड़ा समय लगा, लेकिन पूरा पेपर समय पर पूरा हो गया था। – **रिधि चोपड़ा**

# तीन श्रमिकों को कुचलने वाला सजायाफ्ता गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** शाहदरा में ट्रक से पांच श्रमिकों को कुचलने के मामले में सजायाफ्ता मकसूद को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। कुचले जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई थी और दो श्रमिक घायल हो गए थे। मामले में कोर्ट ने मकसूद को दो साल कैद की सजा सुनाई थी। 2021 में पैरोल मिलने के बाद से वह फरार था। उसे राम पार्क, लोनी, यूपी से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी विक्रम सिंह के मुताबिक मकसूद, मीत नगर ईस्ट, गोकुल पुरी का रहने वाला है। वह ट्रक चालक है। पांच श्रमिकों को कुचलने के मामले में 2002 में उसके खिलाफ शाहदरा थाने में केस दर्ज किया गया था। कोरोना अवधि के दौरान उसे 60 दिनों की आपातकालीन पैरोल पर रिहा किया गया था। पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद उसने जेल में समर्पण नहीं किया और दिसंबर 2021 से फरार था। मकसूद का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को जिम्मेदारी सौंपी गई।

एसीपी यशपाल सिंह व इंस्पेक्टर आशीष दहिमा की टीम को जांच से पता चला कि उसने पैरोल के दौरान किराए का परिसर खाली कर दिल्ली छोड़ कर फरार हो गया है और लोनी में जाकर बस गया है। तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर सजायाफ्ता को राज पार्क, लोनी से पकड़ लिया गया।





********

अव्यवस्थित जीवनशैली ने अनेक बीमारियों को जन्म दिया है, इनमें से एक है किडनी की बीमारी। लापरवाही के चलते यह बीमारी वर्षों तक जांच और उपचार से दूर रहती है, जिससे एक दिन गंभीर रूप ले लेती है। किडनी को बीमारी से बचाने और सेहतमंद रखने के क्या हैं उपाय, आइए जानें...

### नियमित रूप से कराएं स्वास्थ्य की जांच

बीमारियों से बचाव के लिए 30-35 वर्ष की उम्र के बाद हर व्यक्ति को नियमित रूप से अपने पूरे स्वास्थ्य की जांच करा लेनी चाहिए। इसमें किडनी, लिवर और यूरिन आदि की जांच से सेहत का सही पता चल जाता है। खासकर जो लोग रिस्क पर हैं यानी ऐसे लोग जिन्हें डायबिटीज, हार्ट, मोटापा या ब्लड प्रेशर है, उन्हें थोड़ी अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए। परिवार में किसी को शुगर, किडनी या हार्ट की बीमारी रह चुकी है तो रिस्क अपेक्षाकृत अधिक होता है।

- किडनी की बीमारी में शुरुआती लक्षण स्पष्ट नहीं होते। इसे आप नियमित स्वास्थ्य जांच से ही पकड़ सकते हैं।
- समस्या लगातार बढ़ने पर पैरों और आंखों में सूजन हो सकती है।

### समझें बीमारी के शुरुआती लक्षण

- रात में कई बार यूरिन के लिए उठना पड़ सकता है। रात में एक बार ही जा रहे हैं तो यह सामान्य बात है।
- यूरिन में झाग आने, सामान्य कामकाज में थकान महसूस करने की समस्या आ सकती है।
- रक्त बनाने के लिए किडनी हार्मोन को रिलीज करती है। अगर किडनी में समस्या है तो शरीर में रक्त कम होने लगता है।
- किडनी की बीमारी में भूख कम लगने, सुबह उठने पर जी मिचलाने, तेजी से वजन गिरने और एनीमिया आदि समस्याएं हो सकती हैं।



फोटो: फ्रीपिक

विश्व किडनी दिवस (13 मार्च)

# किडनी के दुश्मन शुगर मोटापा हाइपरटेंशन

जीवनशैली



डा. हिमांशु
विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलाजी, वीएमएमसी, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली

गुर्दे (किडनी) को फेल होने से बचाना है और डायलिसिस के सहारे जीवन जीने से बचना है तो समय रहते सतर्कता बढ़ानी होगी। आपकी यह सतर्कता डायबिटीज, मोटापा और रक्तचाप के नियंत्रण के साथ शुरू होती है। ये सभी आज की जीवनशैली के स्वाभाविक दुष्परिणाम हैं, जिससे अनेक बीमारियां हमारे जीवन में चुपके से घुसपैठ कर रही हैं। इस वर्ष विश्व किडनी दिवस की थीम है- आर योर किडनीज ओके, डिटेक्ट अर्ली, प्रोटेक्ट किडनी हेल्थ यानी किडनी को स्वस्थ रखने के लिए शुरुआती जांच सबसे महत्वपूर्ण है। अमूमन, वर्षों से किडनी खराब हो रही होती है और लोगों को पता ही नहीं चलता। लक्षण गंभीर हो जाने के बाद उपचार शुरू होता है, पर बहुत देर हो चुकी होती है।

**समझें किडनी की बीमारी को :** किडनी की बीमारी मुख्य रूप से दो तरह की होती है- क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) और एक्यूट किडनी डिजीज (एकेडी)। सीकेडी किडनी की क्षमता में लगातार गिरावट के कारण होती है तो वहीं एक्यूट किडनी की बीमारी संक्रमण, डेंगू, मलेरिया या शरीर में पानी की कमी होने जैसे कारणों से हो सकती है। इसके अलावा कुछ अन्य कारणों से भी किडनी की कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है। हालांकि ये समस्याएं सही उपचार से कुछ ही समय में सही हो सकती हैं, लेकिन सीकेडी की समस्या लगातार बनी रहती है।

**क्यों होती है क्रोनिक किडनी बीमारी:** आज के समय में सीकेडी होने के पीछे 50 प्रतिशत कारण डायबिटीज है, साथ ही मोटापा, हृदय की बीमारी, अनियंत्रित रक्तचाप और किडनी की पथरी की समस्या है तो भी यह बीमारी हो सकती है। आमतौर पर लोग किडनी स्टोन की समस्या को लंबे समय तक टालते रहते हैं। किडनी स्टोन होने के पीछे एक बड़ा कारण शारीरिक निष्क्रियता और अव्यवस्थित खानपान जिम्मेदार है।

#### किडनी स्टोन बनने के कारण

**शरीर में पानी की कमी :** हर मौसम में एसी में रहने के कारण प्यास कम लगती है, जिससे लोग कम पानी पीते हैं। इससे डिहाइड्रेशन होता है और यूरिन गाढ़ा आने लगता है। इसी से स्टोन (पथरी) की आशंका भी बढ़ती है। अगर दिन में तीन से चार लीटर पानी पिएं तो छोटे स्टोन तो स्वतः निकल जाते हैं। ध्यान रखें यूरिन हल्का पीला या सफेद आना चाहिए। अगर दिन भर में पर्याप्त पानी पिएंगे तो स्टोन बनने की आशंका कम रहेगी।

**प्रोसेस्ड भोजन नुकसानदेह :** आजकल घर के बजाय लोग बाहर का भोजन अधिक करते हैं। इस तरह के प्रोसेस्ड फूड के कारण किडनी की समस्याएं बढ़ रही हैं। नानवेज का अधिक सेवन, सास, आक्जेलिक एसिड और यूरिक एसिड बढ़ाने वाले भोजन किडनी की परेशानी को बढ़ाते हैं। कई बार ये फिल्टर होने के बाद किडनी के आसपास जमा होने लगते हैं, जिससे स्टोन बनता है।

**शारीरिक निष्क्रियता :** किडनी स्टोन या किडनी की बीमारी से बचना है तो दिनचर्या में पर्याप्त शारीरिक सक्रियता होनी चाहिए। प्रतिदिन चलना-फिरना, कसरत, व्यायाम जरूरी है। अगर जिम जा रहे हैं तो वहां भी पानी जरूर पिएं।

बातचीत : ब्रह्मानंद मिश्र

#### किडनी स्वस्थ रखने के आसान सूत्र

- कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं होतीं, जैसे डायबिटीज होने पर थोड़ा-बहुत असर किडनी पर भी होता है। ऐसे में डायबिटीज को नियंत्रण में रखने का प्रयास करें।
- अगर स्वस्थ हैं तो प्रतिदिन 3-4 लीटर पानी पीने की आदत डालनी चाहिए। कुछ मरीजों के पैरों में सूजन आ जाती है तो उन्हें कम पानी पीने की सलाह दी जाती है।
- नमक का नियंत्रित सेवन करना है। नमकीन, पापड़ आदि से बचना है। बाहर के बजाय घर में बने भोजन पर ही निर्भरता बढ़ाएं।
- अधिक धूमपान से किडनी संबंधी परेशानी होने की आशंका रहती है, इससे बचने का प्रयास करें।
- दर्द निवारक दवाओं का सेवन हमेशा चिकित्सक की सलाह पर ही करें। सालों तक पेन किलर का सेवन नुकसानदेह हो सकता है।
- सप्ताह में कम से कम पांच दिन व्यायाम करना आवश्यक है।
- जिम कर रहे हैं तो सप्लीमेंट के बजाय प्राकृतिक प्रोटीन जैसे अंडा, दाल, सब्जियों का सेवन करें।
- बाडी बिल्डिंग करने वालों को हार्मोंस और हैवी स्टेराइड वाले प्रोटीन सप्लीमेंट का सेवन नहीं करना चाहिए। कोई भी प्रोटीन सप्लीमेंट हमेशा विशेषज्ञ की सलाह पर ही लें।
- होम्योपैथी, आयुर्वेदिक दवाओं का सेवन चिकित्सक के परामर्श पर ही करें, भस्म आदि के सेवन से बचें। कई बार इसमें कैडियम, सिल्वर जैसे हैवी मेटल्स होते हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं।

# रंगों से खेलें पर भोजन में कृत्रिम रंगों से बचें

सतर्कता

रंगों के साथ खूब होली खेलें, पर कृत्रिम रंगों वाले भोजन का प्रयोग कर रहे हैं तो यह सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। इससे बचाव के क्या हों उपाय, जानते हैं...



डा. रीतिका समादार
न्यूट्रिशनिस्ट, फोर्टिस अस्पताल, नई दिल्ली

इन दिनों स्वाद ही नहीं, बल्कि रंगों को लेकर भी लोग प्रयोग कर रहे हैं। केक, बिस्कुट, कुकीज जैसी चीजों को घर पर भी लोग रंग-बिरंगा बना रहे हैं। शीतल पेय, बच्चों की मीठी गोलियों, चाकलेट आदि में रंगों का खूब प्रयोग होता है। सब्जी और फलों का रंग गाढ़ा करने के लिए बाजार में रंगों का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है, जो सेहत के लिए जोखिम भरा है। होली के मौके पर मिठाइयों, पकवानों को आकर्षक बनाने के लिए सिंथेटिक फूड डाई का प्रयोग किया जाता है, जो सेहत के लिए हानिकारक है। ये रंग अपच, एलर्जी जैसी परेशानियों को बढ़ा सकते हैं। आगे चलकर ये लिवर और किडनी के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान :** कृत्रिम रंगों के प्रयोग से त्वचा में एलर्जी या सांस की तकलीफ बढ़ सकती है।

- पाचन संबंधी दिक्कतें जैसे कब्ज, गैस, दर्द जैसी समस्या हो सकती है।
- कृत्रिम रंगों के अधिक प्रयोग से आपके पाचन में सहायक गट बैक्टीरिया पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। यह पेट में सूजन का कारण भी हो सकता है।
- यदि कृत्रिम रंग का प्रयोग बहुत जरूरी हो तो एफसीआइआइ से अप्रूव रंगों का प्रयोग कर सकते हैं।
- बाजार से रंग के नाम पर कोई भी खाद्य पदार्थ न लें। इन रंगों के पैकेट के ऊपर लेबल देखकर ही उसे खरीदना सही होगा।
- पैकेज्ड फूड ले रहे हैं तो देखें कि लेबल पर उसमें कौन से कलर का प्रयोग है। कृत्रिम रंग का प्रयोग है तो उन्हें न लें।

**घर का खाना बेहतर बचाव :** घर पर यदि आप मिठाइयां व पकवान बना रहे हैं तो प्रयास करें कि कृत्रिम रंगों का प्रयोग न करें। घर पर पकवान बनाना सिंथेटिक फूड कलर से बचने का अच्छा उपाय हो सकता है। ध्यान रहे कि यदि आप खुद ही खाना बनाते हैं तो यह आपके हाथ में है कि आप फूड कलर का नियंत्रित प्रयोग करें या उपयोग बिल्कुल न करें।

बातचीत : सीमा झा

#### प्राकृतिक विकल्प

- यदि आप खाने में लाल रंग चाहते हैं तो चुकंदर का प्रयोग करें।
- हल्के गुलाबी रंग के लिए गुलाबी गाजर का प्रयोग कर सकते हैं।
- बैंगनी रंग चाहते हैं तो गहरे रंग के गाजर का प्रयोग सही है।
- पीले रंग के लिए हल्दी का प्रयोग श्रेयस्कर है।
- हरे रंग के लिए पालक का प्रयोग कर सकते हैं।



# कांटैक्ट लेंस पहनकर होली खेलने से बचें

चश्मा पहनने के बजाय इन दिनों कई लोग कांटैक्ट लेंस लगाते हैं। अगर आप कांटैक्ट लेंस पहनकर होली खेल रहे हैं तो आपकी आंखों को नुकसान हो सकता है। आइए जानते हैं रंगों से होने वाले नुकसान और इनसे बचने के जरूरी उपायों के बारे में...

**जलन :** आमतौर पर आंखों में रंग जाने पर धो लेने से समस्या हल हो जाती है, लेकिन लेंस पहनने से रंग आंखों के अंदरूनी हिस्से को प्रभावित कर सकता है।

**संक्रमण :** लेंस से आंखों में संक्रमण फैल सकता है। कोशिश करें कि जब भी आप होली खेलें तो कांटैक्ट लेंस को आंखों से निकाल दें।

#### बरतें सावधानी

अगर केमिकल युक्त रंगों से होली खेल रहे हैं तो बेहतर होगा कि लेंस उतार दें। आंखों को पूरी तरह सुरक्षित रखें ताकि आंखों में रंग न जा सके। अगर आंखों में रंग चला भी जाए तो रगड़ने से बचें। आंखों को पानी से धो लें। इससे केमिकल निकल जाता है।

Onlymyhealth.com

विश्व ग्लूकोमा दिवस आज

# आंखों की रोशनी छीनता साइलेंट थीफ



लोगों के जीवन में अंधेरापन होने के पीछे कालामोतिया (ग्लूकोमा) तीसरा सबसे बड़ा कारण है। विशेषज्ञ इस बात से हैरान हैं कि 90 प्रतिशत मामलों में कालामोतिया का जल्दी पता नहीं चलता। कालामोतिया कितना खतरनाक है और इससे बचाव के क्या उपाय हैं? आइए जानें ...



डा. मोहिता शर्मा
चेयरपर्सन, तिरुपति आई एंड रिसर्च सेंटर, नोएडा

कालामोतिया आंखों की एक खतरनाक बीमारी है। यह आंख के अंदर दिमाग से जुड़ी नस को खराब कर देती है। मेडिकल की भाषा में इसे 'साइलेंट थीफ आफ विजन' भी बोलते हैं, क्योंकि यह बीमारी धीरे-धीरे रोशनी को कम करती है। एक समय पर व्यक्ति की नजर पूरी तरह से गायब हो जाती है और फिर उसे कुछ दिखाई नहीं देता। हमारी आंखें गेंद की तरह होती हैं। इसके अंदर एक तरफ पानी बनता है तो दूसरी तरफ पानी निकलता है। कालामोतिया की शुरुआत में आंख के अंदर पानी निकलने वाली जगह छोटी होती जाती है। फिर एक समय पर वह पूरी तरह बंद हो जाती है। इसके पीछे भी कई कारण होते हैं।

**युवाओं में कालामोतिया:** कालामोतिया में बीमारी का प्रभाव बढ़ने के साथ अन्य कोशिकाएं भी खराब होने लगती हैं। इसमें प्रभावित व्यक्ति को साइड का दिखना कम हो जाता है। ज्यादातर लोग इस परिस्थिति में लापरवाही बरतते हैं, क्योंकि साइड का कम दिखने पर लोग सिर घुमाकर देखने लगते हैं। आमतौर पर कालामोतिया 40 वर्ष की उम्र के बाद होता है, लेकिन अब यह समस्या 22 से 25 वर्ष के युवाओं में भी दिखने लगी है। अगर घर में किसी को पहले यह समस्या हो चुकी है तो कालामोतिया होने की आशंका बढ़ जाती है।

**ज्यादा खतरनाक है पीडियाट्रिक ग्लूकोमा :** पीडियाट्रिक ग्लूकोमा की समस्या बच्चे के जन्म के साथ ही शुरू हो जाती है। इसमें बच्चे की आंखों से पानी निकलने वाली जगह जन्म से ही बंद रहती है या छोटी रहती है। ऐसी दशा में बच्चे की रोशनी को बचाना मुश्किल होता है। दूसरा कारण आंखों में जलन या दिक्कत होने पर बिना परामर्श के टेबलेट, स्टेराइड लेना और आई ड्राप डाल लेना है। हाइपरटेंशन आदि से भी कालामोतिया का खतरा बढ़ जाता है। एक अन्य कारण डायबिटीज है। इसमें आंखों के अंदर छोटी-छोटी खून की नलियां बनने से नस बंद हो जाती है।

**सरसों के मिलावटी तेल से कालामोतिया:** सरसों के मिलावटी तेल से होने वाले कालामोतिया को एपिडेमिक ड्रापसी ग्लूकोमा कहते हैं। जब कोई व्यक्ति खाने बनाने में मिलावटी सरसों के तेल का इस्तेमाल करता है तो इसकी आशंका रहती है। यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। मौसम बदलने पर आंखों को लेकर सतर्कता बढ़ा देनी चाहिए।

बातचीत : सुमित कुमार

#### कालामोतिया के लक्षण

- आंखों में कोई दर्द नहीं होता
- आंखों की परत पर कोई लाली नहीं होती
- साइड से देखने में परेशानी होती है
- बारीक चीजें धुंधली दिखने लगती हैं
- रोशनी के आगे रंगीन घेरे दिखने लगते हैं



#### बचाव के लिए उपाय

- रोजाना सुबह आंखों को ठंडे पानी से धोएं
- 40 वर्ष की उम्र में प्रतिवर्ष अपनी आंखों के प्रेशर की जांच जरूर कराएं
- आप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ओसीटी) कराएं
- फील्ड चार्टिंग टेस्ट कराएं
- किसी भी आईड्राप के प्रयोग में तीन माह में आंखों की जांच कराएं
- डाक्टर से बिना परामर्श के कोई आईड्राप या दवाई का उपयोग न करें
- डायबिटीज कंट्रोल करें

इस पेज के बारे में अपनी राय और सुझाव भेजें- feature@jagran.com

## मनोरंजन

# महेश बाबू की फिल्म के लिए हैदराबाद में काशी बनाएंगे राजामौली

फिल्मकार एसएस राजामौली ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का नाम तय नहीं है, लेकिन इस फिल्म में अभिनेता महेश बाबू, पृथ्वीराज सुकुमारन और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिकाओं में हैं। सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की कहानी की जड़ें काशी के इतिहास से जुड़ी होंगी। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग ओडिशा के जंगलों में चल रही है। उसके बाद फिल्म की टीम हैदराबाद की फिल्म सिटी में शूट करेगी जहां पुराना काशी शहर का सेट तैयार किया जाएगा। सेट पर ऐतिहासिक स्मारकों के साथ घाट भी बनाए जाएंगे।


@urstrulymahesh

# ...तो ऐसी बहू चाहिए कार्तिक की मां को

अगर अरेंज मैरिज हो, तो अक्सर यह देखा जाता है कि लड़का-लड़की क्या करते हैं, दोनों कितने पढ़े-लिखे हैं, कितना कमाते हैं, पेशा क्या है। अभिनेता कार्तिक आर्यन के लिए भी उनकी मम्मी ने सोच लिया है कि अगर अरेंज मैरिज होगी, तो उन्हें कार्तिक के लिए कैसी लड़की चाहिए। कार्तिक कई मौकों पर कह चुके हैं कि वह सिंगल हैं। फिल्म इंडस्ट्री में मैचमेकिंग यानी रिश्ते जुड़वाने के लिए प्रसिद्ध करण जौहर मौका मिलते ही कार्तिक का रिश्ता जोड़ने में भी नहीं चूके। दरअसल, आइफा अवार्ड के दौरान करण ने उनसे पूछ लिया कि उन्हें कैसी लड़की चाहिए। कार्तिक ने तो कुछ नहीं कहा, लेकिन जैसे ही माइक कार्तिक की मां के पास गया, उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया कि उनके घर में बहू आएगी, तो वह पेशे से डाक्टर ही होगी। मां की इस बात से कार्तिक तो शर्मा गए, लेकिन दर्शक दीर्घा में बैठी कई लड़कियों ने अपना हाथ उठाते हुए यह बताया कि वह डाक्टर हैं। उल्लेखनीय है कि कार्तिक के माता-पिता और उनकी बहन भी डाक्टरी के पेशे से हैं।


@kartikaaryan

# बेटे से मेहनत करवा रहा हूं : बाबी देओल

'आश्रम के लिए जो प्रतिक्रिया दर्शकों की मिली है, उससे खुश हूं। मुश्किल से कलाकार को ऐसा काम मिलता है, जो करने में उसे मजा आए। मैं पहले से ज्यादा अनुशासित हो गया हूं, इसलिए काम और मिल रहा है।

इन दिनों स्टार किड्स जिस तरह की फिल्में कर रहे हैं, उससे लगातार उन पर सवाल उठ रहे हैं। इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर फिल्म नादानियां में बुरे अभिनय की वजह से ट्रोल हो रहे हैं। इस महौल में अभिनेता बाबी देओल अपने बेटे आर्यमन देओल को फिल्मों में पूरी तैयारी के साथ लाना चाहते हैं। जब उनसे आर्यमन के डेब्यू को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'आर्यमन अभी इस दिशा में बढ़ने के लिए काम कर रहे हैं। अब आसान नहीं है, देख ही रहे हैं कि क्या माहौल है। फिल्ममेकर्स अच्छे मिलने चाहिए, मेहनत भी बहुत करनी होगी। मैं अपने बेटे से अभी मेहनत करवा रहा हूं। देखते हैं क्या होता है, क्योंकि यह आसान इंडस्ट्री नहीं है।' आगे बाबी ने आश्रम के चौथे सीजन को लेकर कहा कि अभी चौथा सीजन शुरू नहीं हुआ है।


@iambobbydeol

# उदित ने ऐसे उड़ाया अपने किसिंग विवाद का मजाक


@uditnarayanmusic

कुछ दिनों पहले गायक उदित नारायण अपने एक प्रसारित वीडियो के कारण खूब चर्चा में छाए रहे। इस वीडियो में उन्हें अपने एक महिला प्रशंसक को किस करते हुए देखा जा सकता है। इस पर पहले कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने उनका मजाक उड़ाया था। सोमवार को फिल्म पिंटू की पप्पी के म्यूजिक सक्सेस पार्टी के दौरान उदित स्वयं भी अपना मजाक उड़ाने में पीछे नहीं रहे। इस फिल्म से कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की बेटी विधि आचार्य सिनेमा इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं। इस मौके पर पहुंचे उदित ने कहा, 'मैं गणेश जी को बधाई देता हूं, बहुत खूबसूरत शीर्षक है पिंटू की पप्पी।' आगे गणेश आचार्य से सवालिया अंदाज में उदित पूछते हैं, 'कहीं ये उदित की पप्पी तो नहीं। ये भी एक संयोग था कि फिल्म का म्यूजिक अभी रिलीज होना था। वैसे जो प्रसारित वीडियो आपने देखा, वो दो साल पहले का आस्ट्रेलिया से है।'

## आज का भविष्यफल : 12 मार्च, 2025 बुधवार

पं. के. ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रहस्थिति : फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
आज का राहुकाल : दोपहर 12 बजे से 01 बजकर 30 मिनट तक
आज का दिशाशूल : उत्तर

कल 13 मार्च, 2025 का पंचांग




कल का दिशाशूल : दक्षिण
कल का पर्व एवं त्योहार : होलिका दहन रात्रि 11 बजकर 30 मिनट के पश्चात। व्रत की पूर्णिमा
कल की भद्रा : प्रातः 10 बजकर 36 मिनट से रात्रि 11 बजकर 30 मिनट तक।
विक्रम संवत 2081 शके 1946 उत्तरायण फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तत्पश्चात पूर्णिमा पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र धृति योग तत्पश्चात शूल योग, सिंह में चंद्रमा।

- **मेष :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। रिश्तों में निकटता आएगी। सम्मान में वृद्धि होगी।
- **वृष :** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।
- **मिथुन :** भाई-बहन का सहयोग रहेगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। शासनसत्ता का सहयोग रहेगा।
- **कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे।
- **सिंह :** बहुप्रतीक्षित कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे।
- **कन्या :** जीविका के क्षेत्र में प्रयास सार्थक होगा। मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा। शासनसत्ता का सहयोग रहेगा।
- **तुला :** रिश्तों में निकटता आएगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
- **वृश्चिक :** घर की मुखिया का सहयोग रहेगा। उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।
- **धनु :** आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। जीविका में चल रहा प्रयास सार्थक होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- **मकर :** रिश्तों में निकटता आएगी। धन, यश और उपहार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रगति होगी।
- **कुंभ :** व्यवसाय में व्यस्त रहेंगे। पारिवारिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, पर मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा।
- **मीन :** भाई-बहन का सहयोग मिलेगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासनसत्ता का सहयोग मिलेगा।

## वर्ग पहेली-2924

**बाएं से दाएं**
2. दस सौ, हजार (3)। 3. कामचोर, आलसी (4)। 4. कोशिश, प्रयास (2)। 5. गैर जरूरी, फालतू (5)। 8. जो अपना न हो (3)। 9. अंग्रेजी वर्ष का 11वां महीना (4)। 12. भीगा हुआ, पूरी तरह से तर (4)। 15. लीन होना, चारागाह, उपवन (3)। 17. ऊंट का बोलना (5)। 19. संग, सहित (2)। 20. अनूठा, अनोखा (4)। 21. संपूर्ण शरीर को पानी से धोना (3)।

**ऊपर से नीचे**
1. समान ताप वाले स्थानों को मिलाते हुए खींची गई रेखा (4)। 2. काल यंत्र, टाइम मशीन (3,2)। 3. बंधन या फंदा कड़ा होना (3)। 5. व्यर्थ, फिजूल (4)। 6. जिस पर प्रभाव न पड़ सके (2)। 7. शपथ, सौगंध (3)। 10. टेढ़ा होना, लचकना, ऐंठना (2,2)। 11. निर्धन (3)। 13. ठंड या गुस्से से कांपना (5)। 14. अभी, इस समय (2)। 16. बहुत नाम वाला (4)। 18. प्यारा (3)।

© Bird Features & Writing Agency

### कल का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | हा | ल | | व | ज | ह | | | क |
| | | थ | | क | | म | | | थि |
| | | प | | | | ला | ला | यि | त |
| श | प | थ | प | त्र | | व | | | |
| ह | | | | स | वा | र | | मा | स |
| द | म | | का | न | न | | | | ह |
| | | | न | | र | क्त | पि | पा | सा |
| अ | ध | प | का | | | | ल | | |
| स | | | ट | | वा | | पि | | |
| र | | | ना | र | द | | ला | य | क |

## जागरण सुडोकू-2924

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | 9 | | 4 | | 8 | 5 |
| 9 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | 7 | 8 | | | |
| | | 3 | 8 | | | 7 | | 4 |
| 5 | 7 | | | 2 | 6 | 1 | | 3 |
| | 2 | | 3 | | | | 6 | |
| | | | 7 | 4 | | | | 2 |
| 2 | | | | | 3 | | | 9 |
| 8 | 4 | | 5 | 1 | | 6 | 3 | |

कल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 2 | 7 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 |

# लोक साहित्य सुख-दुख और प्रेम-विरह को देता है स्वर : मालिनी

**18** सत्रों का आयोजन किया गया साहित्योत्सव के पांचवें दिन, संगोष्ठी सत्र भी हुआ

**200** से अधिक किताबें अंग्रेजी व मलयालम में लिख चुके हैं पीएस. श्रीधरन पिल्लै

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** प्रसिद्ध लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने साहित्योत्सव में भारत के लोक साहित्य विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकगीतों में लोक साहित्य की महक को बनाए रखना हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के समान है। लोकगीत सिर्फ संगीत नहीं, बल्कि जनमानस की भावना, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत दस्तावेज हैं। लोक साहित्य समाज के सुख-दुख, प्रेम-विरह और संघर्षों को स्वर देता है, जिसे लोकगीतों के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकगीतों में रची-बसी कहानियां समाज का दर्पण हैं और इन्हें सहेजना बहुत जरूरी है। नलिनी जोशी ने अपनी सुरीली आवाज में गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



लोक साहित्य विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के दौरान लेखक और साहित्यकारों के साथ लोक गायिका मालिनी अवस्थी (दाएं से चौथे क्रम में) ● आयोजक

संस्कृति और कला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रंजना चोपड़ा ने साहित्य और अन्य कला रूपों के बीच साझेदारी विषय पर कहा कि संस्कृति मंत्रालय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रहा है, जिसमें पर्यटन स्थलों को संवारने से लेकर कला के विकास के लिए कई पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। प्रसिद्ध चित्रकार, मूर्तिकार, भित्ति चित्रकार, प्रिंटमेकर और सांस्कृतिक विशेषज्ञ जतिन दास ने कहा कि विभिन्न भाषाओं की चित्रकला, नाट्यकला, सिनेमा और संगीत सभी कला संस्कृति का ही रूप है, वहीं संजय के राय, एमके रैना और संदीप भूटोरिया ने कहा कि कला संस्कृति के क्षेत्र में समृद्ध है। इस क्षेत्र में आने वाले युवाओं को कला और संस्कृति की परिभाषा को बारीकी से समझाने की जरूरत है।

वहीं, गोवा के राज्यपाल पीएस. श्रीधरन पिल्लै ने साहित्य और अन्य कला रूपों के बीच साझेदारी विषय की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि देशभर में बने पर्यटन स्थल साझेदारी का अच्छा उदाहरण है। वे अंग्रेजी और मलयालम में 200 से अधिक किताबें लिख चुके हैं। इसमें उन्होंने पर्यटन स्थल अजंता एलोरा की गुफाओं और उससे जुड़ी संस्कृति के बारे में बारीकी से उल्लेख किया है। साहित्योत्सव का मंच देश का समृद्ध मंच है। यह मंच देशभर से आए विभिन्न भाषा के साहित्य, लेखक, कवि, कला और संस्कृति के संगम का गवाह बनने के साथ ही भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

साहित्योत्सव के पांचवें दिन कुल 18 सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें मोहन राकेश एवं गोपालदास नीरज की जन्म शताब्दी पर विशेष संगोष्ठी सत्र का आयोजन किया गया। इसमें साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने की और बीज वक्तव्य प्रख्यात हिंदी नाट्य समालोचक जयदेव तनेजा ने दिया। आरंभिक वक्तव्य हिंदी परामर्श मंडल के संयोजक गोविंद मिश्र ने दिया।

# नाटक में वर्तमान की परिस्थितियों को दर्शाया

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** हिंदी अकादमी की ओर से साहित्य नाट्य उत्सव के तहत मंडी हाउस स्थित श्री राम सभागार में वर्तमान परिस्थितियों को दर्शाने के लिए, नाट्य कलाकारों ने दो नाटकों का मंचन किया। इसमें दया प्रकाश सिन्हा द्वारा रचित नाटक अपने-अपने दांव में कलाकारों ने राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था में व्याप्त अवसरवादिता, छल-कपट और नैतिक पतन को उजागर करने का प्रयास किया है। इस नाटक में हर व्यक्ति अपने स्वार्थ को साधने के लिए, अलग-अलग दांव खेल रहा है।

वहीं, हरिशंकर परसाई की व्यंग्य कथा पर आधारित एक लड़की पांच दीवाने नाटक का निर्देशन नियतिबेन प्रवीण भाई राठौर ने किया। इस नाटक के माध्यम से कलाकारों ने वर्तमान समय के युवाओं के प्रेम की दास्तां को दर्शाने का प्रयास किया है। इस नाटक में पहले एक मध्यमवर्गीय परिवार की एक लड़की अपने पांच दीवानों के मन में प्यार का भ्रम पैदा करती है, लेकिन जब जीवन साथी चुनने की बारी आती है तो आज की आधुनिक युवती की तरह वह जिंदगी में सैटल लड़के का चुनाव करती है। इस नाटक ने दर्शकों को गुदगुदाने के साथ ही यह संदेश दिया है कि लड़कियां लड़कों की चापलूसी से नहीं उनकी काबिलियत से प्रभावित होती हैं।



मंडी हाउस में अपना अपना दांव नाटक का मंचन करते कलाकार ● हरीश कुमार

## साइबर थाने का एएसआइ 80 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



एसीबी की गिरफ्त में आरोपित ●

**जागरण संवाददाता, सोनीपत:** थाना साइबर में तैनात एएसआइ को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 80 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। कैथल एसीबी ने उसे रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपित को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। कैथल के रहने वाले अमन ने एसीबी को शिकायत दी कि सोनीपत थाने में दर्ज एक मामले में उसके शामिल होने की बात पुलिस द्वारा गई है। मामले के जांच अधिकारी एएसआइ संजय ने उसे थाने में बुलाया था। जब वह सेक्टर-23 स्थित साइबर थाने में पहुंचा तो जांच अधिकारी ने उससे मामले से नाम हटाने के एवज में दो लाख रुपये की मांग की। इसके बाद उसने खुद को बेगुनाह होने की बात कही तो उस पर कार्रवाई की बात कही गई। बाद में 80 हजार रुपये में मामला तय हो गया। जिसके बाद उसने कैथल एसीबी से सपंर्क कर मामले से अवगत कराया। एसीबी ने उसे रुपये देकर भेजा और मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

# अब सौर ऊर्जा पर केंद्र के साथ एनडीएमसी भी देगी सब्सिडी

## उपभोक्ताओं को होगा 30 हजार से डेढ़ लाख तक का लाभ

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ' सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत मिलने वाली सब्सिडी के साथ एनडीएमसी भी इसे देगी। इस संबंध में एनडीएमसी की काउंसिल बैठक में चर्चा की गई और अगली बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव लाकर पारित किया जाएगा। अभी केंद्र सरकार दो किलोवाट तक क्षमता की सौर ऊर्जा स्थापित कराने के लिए प्रति किलोवाट 30 हजार रुपये की सब्सिडी देती है, वहीं तीन किलोवाट तक की अतिरिक्त क्षमता वाले सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के लिए 18 हजार रुपये की सब्सिडी देती है। तीन किलो से बड़ी सौर ऊर्जा इकाई स्थापित करने के लिए 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी मिलती है।

ऐसे में केंद्र सरकार की तर्ज पर एनडीएमसी भी इतनी सब्सिडी देगी। कुल मिलाकर लोगों को इससे 30 हजार से डेढ़ लाख रुपये तक का फायदा होगा।

काउंसिल की बैठक के बाद एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने प्रेसवार्ता में बताया कि हम 2026 तक एनडीएमसी को पूरी तरह हरित ऊर्जा उपयोग करने वाला निकाय बनाना चाहते हैं। इसमें



एनडीएमसी परिषद की बैठक में एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल, साथ में मौजूद सदस्य अनिल बाल्मीकि व जनसंपर्क विभाव के निदेशक राधा कृष्ण ● जागरण

हम ऊर्जा जो खरीद रहे हैं, उसमें हरित ऊर्जा शामिल है। साथ ही हम सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर ग्राहकों का बिजली बिल पर होने वाला खर्च कम करना चाहते हैं। साथ ही बिजली कंपनियों पर निर्भरता को भी कम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक, रिहायशी व सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के लिए हम यह योजना लेकर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि नक्शा पास करने में सौर ऊर्जा स्थापित करने की बाध्यता को हमने लागू कर दिया है।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्रों से 100 मेगावाट तक की बिजली खरीद पर 149 करोड़ रुपये का स्थायी शुल्क भुगतान की शर्तों वाले समझौते पर हम पुनर्विचार कर रहे हैं। इसमें इन कंपनियों से समझौता है कि अगर हमने बिजली खरीदी या नहीं, लेकिन 149 करोड़ रुपये का फिक्स चार्ज कंपनियों को देना पड़ता है। इससे उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ होगा, क्योंकि उनके बिजली बिल में भी फिक्स चार्ज लिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस शर्त को हटाकर हमने यह तय करने का निर्देश दिया है कि बिजली की जिन कंपनियों से बिजली खरीदते हैं उनसे उसी शुल्क पर बिजली खरीदी जाए जितनी हम खरीद रहे हैं।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने बताया कि ऐसे अधिकारी जो लापरवाही करते हैं और काम नहीं करते हैं उनकी पहचान के लिए 56 जे के नियम के तहत जबरन सेवानिवृत्ति देने के लिए चिह्नित किया जाएगा।

# जेएनयूएसयू चुनाव की अधिसूचना जारी की, अप्रैल में होंगे चुनाव

- छह से आठ हफ्तों के अंदर कराए जाएंगे चुनाव
- चुनाव को लेकर छात्र पांच दिनों से घेराव कर रहे थे

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने छात्र संघ चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव अप्रैल में होंगे। इसके लिए जेएनयूएसयू के नेतृत्व में छात्र पांच दिनों से अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीओएस) कार्यालय का घेराव कर रहे थे। इसके बाद जेएनयू प्रशासन ने हाई कोर्ट में अपील की थी। चुनाव को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की गुजारिश की थी। कोर्ट की संस्तुति के बाद जेएनयू प्रशासन ने मंगलवार शाम को चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी।

जेएनयू प्रशासन ने जारी अधिसूचना में कहा है कि छात्र संघ चुनाव 2024-2025 पीएचडी छात्रों के लिए तीन मार्च से शैक्षणिक सत्र शुरू होने की तिथि से छह से आठ सप्ताह के बीच आयोजित किए जाएंगे। चुनाव तय कानूनों और दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किए जाने हैं। डीओएस कार्यालय से विस्तृत दिशानिर्देश नियत समय में साझा किए जाएंगे। अब अधिसूचना जारी हो गई है। इसके बाद विश्वविद्यालय के 10 स्कूल और चार विशेष केंद्रों के काउंसलर व जेएनयूएसयू पदाधिकारी मिलकर स्कूल जीबीएम कराएंगे। इसके आधार पर चुनाव कराने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही एक छात्र को चुनाव अधिकारी नामित किया जाएगा। प्रक्रिया के बाद चुनाव की तारीख की घोषणा की जाएगी। जेएनयू में छात्र संघ चुनाव में विश्वविद्यालय प्रशासन का हस्तक्षेप नहीं होता। चुनाव जेएनयूएसयू संविधान के अनुसार छात्र मिलकर कराते हैं।

जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय ने कहा है कि हम पांच दिन से डीओएस कार्यालय का घेराव कर रहे थे। यह हमारे संघर्ष की जीत है। जेएनयू प्रशासन जानबूझकर चुनाव को अटका रहा था। यही वजह है कि उन्हें हाई कोर्ट ने राहत नहीं दी है। छात्रों के हित में फैसला सुनाया है। अब जल्द छात्रों के साथ एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जेएनयू में पिछले साल चुनाव हुए थे। चुनाव के दौरान हाई कोर्ट के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के पर्यवेक्षण में चुनाव संपन्न हुए थे। उन्होंने लिंगदोह समिति की सिफारिशों को लेकर सुझाव दिए थे। इस पर स्पष्टता के लिए जेएनयू ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। लेकिन, छात्र अधिसूचना जारी करने पर अड़े थे। डीओएस कार्यालय को बंद करा दिया था।




## समाज के महरूम तबके की मदद करना सीखाता है रमजान

रोजा खुद को सर (जीतने) करने की वो प्रक्रिया है, जो खुदसरी (अहम को अधिकता) को अर्थहीन बनाने की क्षमता रखती है। खुदा को खुश करने, उसकी निकटता प्राप्त करने का ऐसा माध्यम है, जो रोजेदार को आत्मचिंतन और आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। पूर्ण सामर्थ्य के साथ अपनी कमजोरियों, अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण लगाने से मनुष्य का रूहानी पक्ष मजबूत होता है। इस एक महीने की साधना ऐसी सहनशीलता पैदा कर देती है कि रोजेदार हर तरह की नकारात्मकता से लोहा लेने में सक्षम हो जाता है। त्याग, समर्पण, तपस्या प्रधान रमजान महीना केवल खाने-पीने से अपने आप को वंचित कर लेना भर नहीं, बल्कि इंद्रियों की सरकशियों (हद से गुजर जाने) से संघर्ष करने और काबू रखने का अमल भी है, जोकि मनुष्य को दर्दमंद और खुदातरस (नेक व्यक्ति) बनाने में सहायता करता है। समाज के कमजोर और महरूम तबके की सहायता को विवश करता है। यह पवित्र महीना पाप और पुण्य का सबक देता है। यह आप पर आपकी वास्तविकता प्रदर्शित करता है। ईश्वर से मेरा कहना है, 'मुझे यह खौफ दे मालिक, मुझी पर है नजर तेरी, बस इतना ही नहीं काफी के सजदा कर लिया मैंने।'



**प्रोफेसर वसीम बरेलवी**
अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर, बरेली

## विविध गतिविधियां

### प्रो. सुधा बनीं डीयू के हिंदी विभाग की अध्यक्ष

**जासं, नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्रो. सुधा सिंह को विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे प्रख्यात हिंदी लेखिका हैं। उन्हें मीडिया, अनुवाद, स्त्री विमर्श व आलोचना के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल है। प्रो. सुधा सिंह हिंदी विभाग में 20 वर्षों से अध्यापन कर रही हैं। उनकी आलोचना व स्त्री विमर्श की कई चर्चित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनसे पहले प्रो. कुमुद शर्मा विभाग की अध्यक्ष थीं। हाल ही में उन्हें महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा का कुलपति नियुक्त किया गया है। इसके बाद प्रो. सुधा सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



प्रो. सुधा सिंह

### प्रदर्शनी में दिखा तीन युगों की कला का संगम

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** कला के कैनवास पर जब अतीत, वर्तमान और भविष्य एक साथ साकार होते हैं तो दृश्य असाधारण बन जाता है। ऐसा ही भव्य और ऐतिहासिक दृश्य राजधानी के बीकानेर हाउस में आयोजित कला प्रदर्शनी प्रेजेंट फ्यूचर में देखने को मिला। इंटरनेशनल क्रिएटिव आर्ट सभागार द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्देश्य भारतीय कला के तीन युगों को एक मंच पर लाना और उसकी समृद्ध परंपरा और भविष्य के संभावित स्वरूप से कला प्रमियों को अवगत कराना है। प्रदर्शनी के पर्यवेक्षक और देश के प्रसिद्ध कला संग्राहक रविंद्र मार्डिया ने इसे एक दुर्लभ पहल बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन पीढ़ियों की कला एक सुर में संवाद कर रही है। कला का भविष्य तभी उज्ज्वल हो सकता है जब अतीत के अनुभवों, वर्तमान के प्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं को कला प्रेमी एक साथ देख पाएं। प्रदर्शनी में केजी सुब्रमण्यन, ललिता लाजमी, प्रभाकर कोल्ते जैसे उभरते कलाकारों के कामों को शामिल किया गया है।

# मोबाइल पर कम बिताएं समय, खेल के मैदान में जाएं : कपिल

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि हर किसी के लिए अच्छा स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। आजकल हर समय बच्चे मोबाइल पर समय बिताते हैं। 24 घंटे मोबाइल पर न रहें। घर से बाहर निकलें और खेल के मैदान में जाएं। वह सफदरजंग डवलपमेंट एरिया स्थित निजी लैब में महिला स्वास्थ्य पर आयोजित कान्फ्रेंस में बोल रहे थे।

पद्म श्री विजेता कपिल देव ने कहा कि हमें अपनी दिनचर्या में सुबह या शाम को पैदल चलना शामिल करना होगा, ताकि बीमारियों से बचा जा सके। महिलाओं को भी अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए। देश में ज्यादा से ज्यादा स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए, ताकि बच्चों सहित अन्य का खेलकूद की तरफ ध्यान जा सके। इससे हमारा देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संयमित भोजन लेना चाहिए और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। भारतीय क्रिकेट टीम के द्वारा चैंपियंस ट्राफी जीतने पर पूर्व कप्तान ने कहा कि उन्हें देश की टीम पर गर्व है। स्पेशल आलिंपिक भारत की अध्यक्ष डा. मल्लिका नड्डा ने कहा कि बीमारियों का जल्दी पता लगाने के लिए नियमित जांच जरूरी है।



महिला स्वास्थ्य पर आयोजित कान्फ्रेंस में अपनी बात रखते कपिल देव ● जागरण

**सफदरजंग डवलपमेंट एरिया में महिला स्वास्थ्य पर आयोजित कान्फ्रेंस में बोले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव**

हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं बहुत जरूरी हैं। प्रत्येक व्यक्ति, विशेष रूप से महिलाओं और दिव्यांगों को प्रीवेंटिव केयर मिलनी चाहिए। एम्स में स्त्री रोग विशेषज्ञ और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की पूर्व प्रमुख डा. नीरजा भटला ने महिलाओं में एनीमिया, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों पर बात की। कहा कि इन बीमारियों के बोझ को कम करने को जांच जरूरी है।

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में व्यक्ति की मौत

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक यात्री की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वे चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। हाथ फिसलने से वे गिर गए और ट्रेन की चपेट में आ गए। मृतक यात्री की पहचान पानीपत, हरियाणा निवासी तिलकराज के रूप में हुई है। वे शान-ए-पंजाब ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिवार को सौंप दिया है।

आरपीएफ के उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा के अनुसार, ट्रेन नंबर 12497 शान-ए-पंजाब नई दिल्ली से अमृतसर जाती है। मंगलवार सुबह 6:40 बजे नई दिल्ली से चली। ट्रेन 70 प्रतिशत प्लेटफार्म से आगे निकल चुकी थी। मृतक तिलकराज फुट ओवरब्रिज से उतरे और भागते हुए ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान उनका हाथ फिसल गया। वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच गिर गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी दुर्घटना कैद हो गई है। यह दुर्घटना नई दिल्ली के प्लेटफार्म नंबर-14 के आखिरी छोर पर हुई। उन्हें पानीपत जाना था। उनकी जेब से बरामद मोबाइल फोन पर उनके बेटे तरुण की काल आई, जिससे उनकी पहचान हुई।

# दंपती बताकर रह रहे चचेरे भाई-बहन फंदे पर लटके मिले

- महिंद्रा एन्क्लेव में मंगलवार दोपहर की घटना, फर्रुखाबाद के थे युवक और युवती
- पुलिस का कहना, मौके से सुसाइड नोट मिला, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जागरण संवाददाता, गाजियाबाद:** महिंद्रा एन्क्लेव में मंगलवार दोपहर युवक और युवती का शव फंदे पर एक ही चुन्नी से लटका हुआ मिला। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक और युवती चचेरे भाई-बहन थे। मौके से पुलिस को तीन पेज का एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें दोनों ने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं बताया है। दोनों घर से कुछ दिन पूर्व ही भागकर आए थे। महिंद्रा एन्क्लेव में जिस मकान में दोनों ने किराये पर कमरा लिया, उसके मालिक को बताया था कि दोनों पति-पत्नी हैं।

पुलिस के मुताबिक युवक फर्रुखाबाद का रहने वाला था। पड़ोसी किरायेदार का कहना है कि दंपती 18 फरवरी को ही रहने आए थे। पड़ोसियों ने कल रात करीब साढ़े 10 बजे उन्हें देखा था, लेकिन उसके बाद दोनों बाहर नहीं निकले। आज दोपहर तक जब दोनों बाहर नहीं निकले, तब पड़ोसियों ने कमरे में दरवाजे के रोशनदान से झांककर देखा। अंदर दोनों फंदे से लटके हुए दिखे। अंदर दोनों के शव एक ही चुन्नी से लोहे के गार्डर पर लटके हुए मिले। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। माना जा रहा है कि दोनों ने सोमवार रात में ही किसी समय आत्महत्या की है। युवक के पास से पुलिस को करीब 31 हजार रुपये और एक पाजेब मिली है। मकान मालिक सोहनवीर का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही युवक उनके पास किराये पर कमरा लेने आया था।

**हमें माफ कर देना**

मौके से पुलिस को तीन पेज का एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें दोनों ने घरवालों से माफी मांगी है और अपनी मौत के लिए दोनों ने किसी को जिम्मेदार नहीं बताया है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि दोनों चचेरे भाई-बहन हैं। दोनों बीते महीने ही घरवालों से छिपकर गाजियाबाद आए थे। दोनों ने शादी की या नहीं, इसका पता अभी पुलिस को नहीं चला है, लेकिन आसपास के लोगों से एक दूसरे को दोनों पति-पत्नी ही बताते थे।

## मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** पीएसआरआइ अस्पताल के पास एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन लूटने वाले दो आरोपितों को मालवीय नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है, जबकि लूटा हुआ मोबाइल फोन इनके साथी के पास है।

दक्षिणी जिला पुलिस के उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 28 फरवरी को मालवीय नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पीएसआरआइ अस्पताल के पास काम खत्म करके लौट रहे एक पेंटर से स्कूटी सवार तीन युवक मारपीट कर मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इस दौरान पुलिस को आरोपित स्कूटी पर सवार होकर साकेत कोर्ट की तरफ से सतपुला पार्क और फिर पीएसआरआइ अस्पताल के पास गलत दिशा से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने आटोमैटिक नंबर प्लेट रिकाग्निशन (एएनपीआर) कैमरों की मदद से स्कूटी का नंबर ढूंढ निकाला। इसके बाद पुलिस ने आरोपितों मदनगीर, अंबेडकर निवासी ललित बंसीवाल और दक्षिणपुरी, अंबेडकर नगर निवासी हिमांशु को दबोच लिया।

# 'सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता की दिशा में बढ़ना होगा'

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** भविष्य उन महिलाओं का है जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखती हैं और अपने सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखती हैं। हमें एक दूसरे का समर्थन जारी रखना होगा और जीवन के सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता की दिशा में आगे बढ़ना होगा। यह बात प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय (डीटीटीई) की सचिव नंदिनी पालीवाल ने कही। वह इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय (आजीडीटीयूडब्ल्यू) में महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं।

कार्यक्रम में आइजीडीटीयूडब्ल्यू की पूर्व छात्रा और भारतीय वायु सेना अधिकारी मैत्री निगम ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि मैं सभी युवा महिलाओं से खुद पर और अपनी असीम क्षमता पर विश्वास करने का आग्रह करती हूं। आइजीआइटी की सहायक आयुक्त और पूर्व छात्रा उजाला चंद्रा ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में तेजी से महत्वपूर्ण प्रगति कर रही हैं और हमारी यात्रा अभी शुरू हुई है। हम एक-दूसरे का समर्थन करें। इस दौरान दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद (टीएसएससी) के सीईओ (अंतरिम) प्रवीण सिरोही ने आइजीडीटीयूडब्ल्यू और टीएसएससी के बीच सहयोगी पहल के बारे में जानकारी साझा की। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की मुख्य नियामक और कारपोरेट मामलों की अधिकारी अंबिका खुराना ने विचार व्यक्त किए। शुरुआत में स्वागत भाषण छात्र कल्याण के डीन प्रो. आरके सिंह ने दिया।




आइजीडीटीयूडब्ल्यू में हुए कार्यक्रम में डीटीटीई की सचिव नंदिनी पालीवाल (दायें) का स्वागत करतीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर रंजना झा (बायें)।

## पुस्तक का विमोचन

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** कंस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया में पुस्तक रक्तरंजित बांग्लादेश: मजहब, सत्ता और संघर्ष की कहानी का पुस्तक विमोचन हुआ। पुस्तक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों, घटती हिंदू जनसंख्या, मजहबी कट्टरता के बढ़ते प्रभाव को बताया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में वीर चक्र से सम्मानित एयर वाइस मार्शल एच. पी. सिंह रहे। प्रमुख अतिथि पूर्व सांसद बी. बी. पाटिल, गगनांचल के संपादक एवं सभ्यता केंद्र, दिल्ली के निदेशक रवि शंकर, भाजपा महिला मोर्चा की केंद्रीय कार्यालय सचिव दीपिका अमरुला, सभ्यता अध्ययन केंद्र, के अध्यक्ष डा. धर्मवीर शर्मा उपस्थिति रहे।

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹77400* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

upto 60% off SALE
kurta Pajama
Wedding & Festival Collection
By Economy Sales: 9212758425
Extra fine Fabrics
• Cotton
• Linen
• Silk
• Handloom
• Fashion Fabrics
• Chikan Work
• Traditional Embroidery
• Thread Work
• Sequence Work with churidar/Trouser
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)

********


HONDA
MARCH END
BONANZA
Last Chance For Best Deals
Celebrate Holi with Splash of Benefits
This Holi, avail best of the deals on your favourite Honda.
7 YEAR
UNLIMITED KM FREE
EXTENDED WARRANTY+
+
8 YEAR
ASSURED BUYBACK PRICE
FROM 3 TO 8 YEARS++
CITY
TOTAL BENEFITS UP TO ₹73300*
CITY e:HEV
TOTAL BENEFITS UP TO ₹90000*
ELEVATE
TOTAL BENEFITS UP TO ₹86100*
All New AMAZE
EMI STARTING FROM ₹1 111 PER LAKH*
INDIA'S MOST AFFORDABLE
ADAS ENABLED CAR
AVAIL EXCLUSIVE CORPORATE DEALS* & FINANCIAL YEAR-END DEPRECIATION BENEFITS.
Visit Nearest Honda Dealership
Call +91 73034 61122 | www.hondacarindia.com
Avail exclusive scrappage benefits* on your old car
SEAT BELTS FOR ALL SAFETY FOR ALL
Honda Auto Terrace
Honda ProCARE CUSTOMER SERVICE
SCAN TO TALK TO OUR EXPERT
EAST DELHI
Iconic Honda
Patparganj
9289063907, 7065008205
CENTRAL DELHI
Ring Road Honda
Connaught Place
9891946042
WEST DELHI
Samara Honda
Mayapuri
011-45656565
9717556161
Ring Road Honda
Peeragarhi
8376805958
011-45520000
Moti Nagar
9911332218
9540992948
Dwarka
9891452000
9911323149
NORTH DELHI
Cherish Honda
Rohini
8255008008
Courtesy Honda
Wazirpur
9910995836
9717993611
SOUTH DELHI
Crown Honda
Mathura Road
7428496151
Samara Honda
Lajpat Nagar
011-46555111
8826143300
Courtesy Honda
Okhla
7669026618
011-40710000
GHAZIABAD
Crown Honda
Vaishali
9810028116
0120-4363000
Ghaziabad
9599293870
GURGAON
Iconic Honda
Gurgaon
7557323232
7065031891
Frontier Honda
Gurgaon
8657588907
7290023171
Ring Road Honda
Gurgaon, MG Road
0124-4688000
9643320215
Gurgaon, Sector-18
8376906990
9643335971
NOIDA
Crown Honda
Noida
0120-4700000
8527995500
Ace Honda
Noida
0120-4000400
9999673820/50
FARIDABAD
Classic Honda
NIT 5
9910557206
8800116661
Main Mathura Road
0129-4097007
7428390952
REWARI
Pace Honda
Rewari
8222991310
BHIWADI
Landmark Honda
Bhiwadi
7574826574
SONIPAT
Malwa Honda
Sonipat
9467800902
9467800912
MEERUT
Platinum Honda
Meerut
9756799902
9897777736
HAPUR
Platinum Honda
Hapur
9756799912
0122-2314201